Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

**लियोनल मेसी का डबल धमाका, इंटर मियामी ने कोलोराडो रैपिड्स को 3-2 से हराया**

**पहले होगी जांच : यूपी में पुराने बिजली मीटरों को स्मार्ट प्रीपेड से बदलने पर तत्काल रोक**

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 20 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 138 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,42,800 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1975 :** कृतिका 1 सैटेलाइट को यूएसएसआर की मदद से भारत द्वारा लॉन्च किया गया था।

**1975 :** तत्कालीन सोवियत रूस की मदद से पहला भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट प्रक्षेपित किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### ट्रॉमा सेंटर में मिलेगा मुफ्त उपचार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को राहत देने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। परिवहन सचिव राज कुमार ने रविवार को जानकारी दी कि अब आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर में सड़क हादसे के पीड़ितों को 1,50,000 रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य दुर्घटना के बाद तत्काल और बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करना है, ताकि समय पर इलाज मिलने से जान बचाई जा सके। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री सह परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने परिवहन विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो और आम लोगों को इसका सीधा लाभ मिले। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा, दुर्घटना प्रबंधन और परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा हुई।

### बीपीएससी एईडीओ परीक्ष में धांधली का खुलासा

**नालंदा (नि.सं.)।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा में गड़बड़ी की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। शनिवार को सोहसराय थाना क्षेत्र के पीएल साहू प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र से एक अभ्यर्थी व बायोमेट्रिक जांच करने वाली एजेंसी के दो कर्मियों को आंसर की( उत्तरों की सूची या पूर्जा ) के साथ पकड़ा गया। दरअसल, बायोमेट्रिक जांच करने वाले तकनीकी कर्मियों पर ही पूरी साजिश रचने की आशंका जतायी जा रही है। गिरफ्तार लोगों में नूरसराय थाना क्षेत्र के रहने वाले बायोमेट्रिक एजेंसी के सुपरवाइजर चंदन कुमार व ऑपरेटर राहुल कुमार शामिल है।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी की बड़ी घोषणा, लापरवाह चालकों पर सख्ती और ट्रेनिंग पर प्रोत्साहन

# बिहार में सड़क हादसा पीड़ितों को ₹1.5 लाख तक मुफ्त इलाज

**निज संवाददाता | पटना**

पटना में परिवहन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री-सह-परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जान है तो जहान है के संकल्प को दोहराया। सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक ऐतिहासिक घोषणा की है, जिसके तहत अब आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर में घायलों को 1,50,000 तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गोल्डन आवर (दुर्घटना के तुरंत बाद का समय) में घायलों को बिना किसी वित्तीय बाधा के त्वरित चिकित्सा उपलब्ध कराना है, ताकि मृत्यु दर को कम किया जा सके।

### लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई, ट्रेनिंग के लिए मिलेगा प्रोत्साहन भत्ता

सड़क सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए ड्राइवरों की जिलावार ट्रैकिंग की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि यदि भारी वाहन (एचएमवी) चालक तीन रिमाइंडर के बाद भी अनिवार्य ट्रेनिंग में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, प्रशिक्षित ड्राइवरों को प्रोत्साहित करने के लिए 1 मई 2026 से नई व्यवस्था लागू होगी, जिसके तहत ट्रेनिंग के दौरान उन्हें 100 रुपये अल्पाहार और 200 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाएंगे। इसके साथ ही अब प्रदेश के हर जिले में पूरे साल ड्राइविंग टेस्टिंग की स्थायी व्यवस्था रहेगी।

बिहार में यातायात के वैकल्पिक और सस्ते साधनों के विकास के लिए जल परिवहन पर विशेष बल दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने नदियों में बढ़ती गाद की समस्या पर चिंता जताई और निर्देश दिया कि नदियों की गहराई बढ़ाकर उन्हें जलमार्ग के अनुकूल बनाया जाए। बैठक में परिवहन सचिव श्री राज कुमार और अन्य वरीय पदाधिकारियों ने विभाग की अद्यतन स्थिति और भविष्य की योजनाओं का खाका पेश किया, जिससे राज्य की परिवहन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जनोपयोगी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।

### हादसों की जड़ तक पहुंचेगी सरकार, ड्राइवर ट्रैकिंग मॉड्यूल होगा लागू

**निज संवाददाता | पटना**



राज्य में बढ़ते सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी सड़क दुर्घटनाओं को 'माइनर' और 'मेजर' श्रेणियों में विभाजित कर उनके मूल कारणों का गहन विश्लेषण किया जाए। साथ ही दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों के अनुपात का अध्ययन कर एक प्रभावी और लक्षित सड़क सुरक्षा कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल आंकड़ों के संकलन से काम नहीं चलेगा, बल्कि प्रत्येक दुर्घटना के पीछे के कारणों—जैसे ड्राइविंग त्रुटि, सड़क की स्थिति, वाहन की तकनीकी खराबी या अन्य कारकों—का वैज्ञानिक विश्लेषण आवश्यक है। इसी आधार पर ठोस रणनीति तैयार कर जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ड्राइवरों की निगरानी और प्रशिक्षण को लेकर भी बड़ा कदम उठाने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि एक 'जिला-वार ट्रैकिंग मॉड्यूल' विकसित किया जाए, जिसमें सभी पंजीकृत और प्रशिक्षित ड्राइवरों का स्पष्ट और अद्यतन डेटाबेस उपलब्ध हो। विशेष रूप से भारी मोटर वाहन (एचएमवी) चालकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी एचएमवी चालक को तीन बार रिमाइंडर दिए जाने के बाद भी वह प्रशिक्षण में शामिल नहीं होता है, तो उसके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस व्यवस्था को सख्ती से लागू कर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए, ताकि हादसों और मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाई जा सके।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका 18 की हुई मौत, छह घायल, कई मलबे में दबे

**एजेंसी | विरुधुनगर (तमिलनाडु)**



तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के समय फैक्ट्री में करीब 30 मजदूर काम कर रहे थे। फायर एंड रेस्क्यू विभाग के अनुसार, 6 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दमकल, पुलिस और राहत-बचाव टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और मलबा हटाकर फंसे लोगों को निकालने का अभियान जारी है। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि फैक्ट्री परिसर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि अभी तक धमाके के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है और जांच जारी है। इस दर्दनाक हादसे पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। साथ ही मंत्रियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी करने और जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा है। गौरतलब है कि इससे पहले 13 अप्रैल को भी विरुधुनगर जिले के सत्तूर क्षेत्र के सथिरापट्टी इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था, जिसमें दो मजदूरों की मौत हो गई थी। लगातार हो रहे ऐसे हादसों ने सुरक्षा मानकों और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पटना में दिनदहाड़े ज्वेलर्स से 20 लाख की लूट, फायरिंग कर फरार हुए अपराधी



**पटना (नि.स.)।** पटना के फुलवारीशरीफ क्षेत्र में रविवार की दोपहर अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एक ज्वेलरी दुकान से करीब 20 लाख रुपये की लूट कर ली। रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के धनजी कॉलोनी स्थित श्रीलक्ष्मी अलंकार ज्वेलर्स में यह घटना उस समय हुई, जब दुकान में ग्राहक मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार पांच अपराधी हेलमेट पहनकर दुकान पर पहुंचे और अंदर घुसते ही हथियार के बल पर दुकानदार और ग्राहकों को बंधक बना लिया। अपराधियों ने विरोध करने पर दुकान मालिक के साथ मारपीट भी की और बेहद कम समय, लगभग पांच से छह मिनट के भीतर लूट की पूरी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। भागने से पहले बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए 2 से 3 राउंड फायरिंग भी की, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसे पुलिस खंगाल रही है। घटना की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस और सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रंजन कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायल दुकानदार का बयान दर्ज कर लिया गया है और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम भी सक्रिय कर दी गई है। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# बिहार में 25 नई चीनी मिलों की तैयारी, पहले चरण में छह जिलों में शुरू होगी स्थापना

• बंद मिलों के पुनरुद्धार के साथ गन्ना विस्तार पर जोर, डीपीआर बनाने का निर्देश

**निज संवाददाता | पटना**



पटना में राज्य सरकार ने बिहार के चीनी उद्योग को फिर से गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू करने के साथ-साथ 25 नई मिलें खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गन्ना उद्योग विभाग ने इसके लिए राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ (एनएफसीएसएफ), नई दिल्ली को चिन्हित जिलों में गन्ना क्षेत्र के विस्तार के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने का निर्देश दिया है। प्रथम चरण में सासामुसा, वारसलीगंज, बनमंखी, मढौरा, मोतीपुर और समस्तीपुर में नई चीनी मिलों की स्थापना की योजना बनाई गई है। इन क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए विभाग ने तैयारी तेज कर दी है, ताकि प्रस्तावित मिलों को पर्याप्त कच्चा माल उपलब्ध कराया जा सके। इस संबंध में ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने एनएफसीएसएफ के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर गन्ना क्षेत्र विस्तार के लिए डीपीआर तैयार करने का आग्रह किया है। राज्य सरकार ने 'सात निश्चय-3' योजना के तहत यह पहल शुरू की है, जिसके अंतर्गत बंद चीनी मिलों के पुनरुद्धार के साथ-साथ नए जिलों में आधुनिक चीनी मिलों की स्थापना की जाएगी। इस दिशा में गन्ना उद्योग विभाग और एनएफसीएसएफ के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल गन्ना किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और राज्य की औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# इंटर में नामांकन की तिथि बढ़ी, अब 25 अप्रैल तक भर सकेंगे फॉर्म

• ओएफएसएस के जरिए ऑनलाइन आवेदन जारी, 350 रुपये शुल्क और 10–20 विकल्प चुनने की सुविधा

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट सत्र 2026–28 में नामांकन के लिए छात्रों को बड़ी राहत देते हुए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 25 अप्रैल तक ओएफएसएस (ऑनलाइन फैसिलिटेशन सिस्टम फॉर स्टूडेंट्स) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल निर्धारित थी। बोर्ड के इस फैसले से उन छात्रों को विशेष फायदा मिलेगा, जो किसी कारणवश समय पर आवेदन नहीं कर पाए थे। बोर्ड के अनुसार, राज्य भर के लगभग 10 हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 17.50 लाख से अधिक सीटों पर नामांकन होना है। छात्र ओएफएसएस पोर्टल के जरिए सामान्य आवेदन पत्र भर सकते हैं, जिसके लिए 350 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 संस्थानों का विकल्प चुनने की अनुमति दी गई है, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। समिति ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह तिथि प्रथम चयन सूची के लिए अंतिम अवसर होगी। इसलिए विद्यार्थियों को समय रहते आवेदन पूरा करने की सलाह दी गई है। साथ ही बोर्ड ने अभ्यर्थियों को आवेदन भरने से पहले प्रोस्पेक्टस को ध्यानपूर्वक पढ़ने और पिछले वर्ष के कट-ऑफ अंकों को देखने की सलाह दी है।

### मैट्रिक विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने वर्ष 2026 की माध्यमिक विशेष परीक्षा और कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। बोर्ड द्वारा यह एडमिट कार्ड अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है, जहां से विद्यालयों के प्रधान इसे डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद प्रधानाध्यापक अपने हस्ताक्षर और मुहर के साथ संबंधित परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराएंगे। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, इंटरनल एसेसमेंट एवं प्रायोगिक परीक्षाएं 29 और 30 अप्रैल को विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएंगी, जबकि सैद्धांतिक परीक्षाएं 2 मई से 6 मई तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होंगी। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि और पाली के अनुसार परीक्षा में शामिल होना होगा।

महिला आरक्षण बिल पर सियासी संग्राम, सीएम का विपक्ष पर हमला

# विपक्ष ने नारी शक्ति का किया अपमान : मुख्यमंत्री

• तेजस्वी ने कहा—बिल की जानकारी ही नहीं

**निज संवाददाता | पटना**



पटना में महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासत तेज हो गई है। बीजेपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध कर विपक्ष ने नारी शक्ति का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की पहल के बावजूद विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं को उनका अधिकार देने में सहयोग नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों ने मिलकर महिलाओं के साथ धोखा किया है और उनके सशक्तिकरण के रास्ते में बाधा खड़ी की है। उन्होंने विशेष रूप से राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टियां पहले से ही आरक्षण विरोधी रही हैं और अब महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी राजनीति कर रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि विपक्ष बताए कि आम परिवार की महिलाओं को संसद तक पहुंचाने के लिए उन्होंने अब तक क्या किया है।

सीएम सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि बिहार में पंचायत स्तर पर महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद करीब 59 प्रतिशत महिलाएं जीतकर आ रही हैं, जो उनकी क्षमता और भागीदारी को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि यदि महिला आरक्षण बिल पूरी तरह लागू होता है, तो बिहार विधानसभा में महिलाओं की संख्या में बड़ा इजाफा हो सकता है।

वहीं मुख्यमंत्री के बयान पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को महिला आरक्षण बिल की सही जानकारी ही नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरोप लगाते हुए कहा कि आरएसएस के लोग महिलाओं से पैर धुलवाते हैं, जो उनकी मानसिकता को दर्शाता है। इस बीच मुख्यमंत्री ने पटना स्थित बापू टावर का भी निरीक्षण किया और आम लोगों से मुलाकात की। इसके बाद वे अपने परिवार के साथ देवघर स्थित बाबा धाम के लिए रवाना हो गए। महिला आरक्षण बिल को लेकर दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, जिससे राज्य की राजनीति और गरमा गई है।

दक्षिण बिहार में 45सी तक पहुंच सकता है पारा, उत्तर बिहार में भी 22-23 अप्रैल से तेज गर्मी, कहीं-कहीं आंधी-बारिश का अलर्ट

# मई से पहले ही बिहार में लू का असर, पछुआ हवाओं से बढ़ी तपिश

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में अप्रैल के महीने में ही भीषण गर्मी और लू जैसे हालात बनने लगे हैं। सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप निकलने लग रही है और दोपहर तक तापमान तेजी से बढ़कर लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का एहसास करा रहा है। पछुआ हवाओं के सक्रिय होने से मौसम और अधिक शुष्क व गर्म हो गया है, जिससे आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार से राज्य के तापमान में क्रमिक वृद्धि जारी है। शनिवार को राज्य का औसत अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सात प्रमुख शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। राजस्थान से आने वाली गर्म हवाओं के प्रभाव से मई से पहले ही लू चलने की संभावना बन रही है। दक्षिण-पश्चिम बिहार के छह जिलों में तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जिससे दिन के समय लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। वहीं उत्तर बिहार में तापमान में अपेक्षाकृत कम बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन 22-23 अप्रैल तक यहां भी पारा 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की संभावना है।

राज्य में सबसे अधिक तापमान डेहरी में 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान छपरा में 23.7 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में अधिकतम तापमान 33.1 से 42.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.7 से 28.3 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। रविवार को 35 जिलों में भीषण गर्मी का असर रहेगा, जबकि अररिया, किशनगंज और सुपौल के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी पटना में भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। एक-दो दिनों में यहां पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी अधिक है। गया जिले में भी गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। दो दिनों की उमस भरी गर्मी के बाद अब पछुआ हवाओं ने लोगों को और परेशान कर दिया है। मौसम पूरी तरह शुष्क हो गया है और नमी घटकर करीब 30 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मौसम विशेषज्ञ एस. के. पटेल के अनुसार अगले दो-तीन दिनों में तापमान 42 डिग्री या उससे अधिक जा सकता है। फिलहाल बादल या बारिश की कोई संभावना नहीं है, जिससे गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। स्पष्ट है कि बिहार में इस बार गर्मी ने समय से पहले ही अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

BAYC Institute
स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine

DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine

BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science

अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)

अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised


DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू विवाद को सुलझाने के लिये चलाया गया जागरूकता अभियान

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के नट टोली में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे नारदीगंज ग्राम कचहरी के सरपंच प्रवेश रविदास ने कहा ग्राम कचहरी में घरेलू विवाद सुलझाने के लिए अपील किया। कहा कि घरेलू विवाद से काफी परेशानी होती है। इससे मानसिक तनाव बढ़ता है। घर परिवार के साथ बाल बच्चों व समाज पर कुप्रभाव पड़ता है। पति पत्नी के विवाद से बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उसका भी भविष्य अंधकार मय बन जाता है। विवाह एक पवित्र रिश्ता है। इसमें दोनों के बीच विश्वास कायम रहना जरूरी है। कहा गया पति पत्नी हो वफादार, ताकि गांव समाज,परिवार का विकास हो सके। केस मुकदमे से सभी गांव वाले को बचने के लिए अपील की। मौके पर पंच राजो राम,सुवि राम,रवींद्र कुमार, वार्ड सदस्य अशोक कुमार,टूसी देवी, गोनिया देवी,बलमतिया देवी समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### जनगणना -2027 को लेकर प्रगनको को दिया गया प्रशिक्षण

**नारदीगंज (नवादा)**। भारत की जनगणना -2027 को लेकर रविवार को नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण इंटर विद्यालय नारदीगंज में शुरु हुआ। इस प्रशिक्षण में चतुर्थ व पंचम बैच के जनगणना कर्मियों को मकान सूचीकरण आनलाइन प्रक्रिया करने के बारें में जानकारी दी जा रही है। आगामी दो मई 2026 से प्रगणक के माध्यम से मकान सूचीकरण आनलाइन प्रक्रिया होना है। प्रशिक्षक में मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार, प्रशिक्षक राकेश कुमार,पंकज कुमार व रवि रंजन कुमार के माध्यम से जनगणना करने की जानकारी दी जा रही है। आप सभी आपसी तालमेल कर जनगणना कार्य करेंगे। प्रथम दिवस पर उपस्थित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना अधिनियम एवं परिभाषाओं तथा एचएलओ व एचएलबी के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 85 जनगणना कर्मियों को शामिल किया गया है। मौके पर प्रगणक दीपक कुमार, अशोक कुमार, कौशल पांडेय समेत अन्य रहे हैं।

### कुमारीपुर निवासी भविष्य सूर्या ने मैट्रिक परीक्षा में 92% अंक लाकर जिले में अपनी स्थान बनाया है



**कटिहार**। जिले के मनिहारी थाना अंतर्गत कुमारीपुर निवासी स्वर्गीय सूर्य नारायण सिंह के पौत्र एवं गिरधारी प्रसाद सिंह के पुत्र भविष्य सूर्या ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 460 यानी 92% अंक लाकर जिले में अपनी स्थान बनाया है। इन्हें अंग्रेजी में 88, संस्कृत में 95, गणित में 90, विज्ञान में 93, सोशल साइंस में 94,पेंटिंग में 88 अंक प्राप्त हुए हैं। भविष्य सूर्या इंजीनियर बनकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहते हैं और समाज की सेवा करना चाहते हैं।

माता सुधा देवी कुशल गृहणी है। पिता गिरधारी प्रसाद सिंह मनिहारी पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर हैं।2023 में जब वर्ग सात में भविष्य सूर्या पढ़ाई कर रहे थे तब विद्यालय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2025 में रामानुज परीक्षा में जिले में तीसरे स्थान पर रहे। इन्हें मेडल,प्रशस्ति पत्र नगदी देकर पुरस्कृत किया गया। 2024 में जब वर्ग 9 में पढ़ाई कर रहे थे, तो रामानुज परीक्षा में जिले में पांचवा रैंक लाया। इन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं नगदी देकर पुरस्कृत किया गया था। 2024 में लेख प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। इन्हें मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

भविष्य सूर्या का रिजल्ट प्राप्त होते ही उनके परिजनों ने उन्हें बधाई दिया। जिसमें छोटे भाई यशस्वी सूर्या,दादा जगदीश प्रसाद सिंह,दादा सुबोलचंद्र सिंह, मौसा दिलीप कुमार सिंह,फुआ जनार्दन सिंह, दादा हरि हर प्रसाद सिंह, दादा राजेंद्र प्रसाद सिंह,नाना सिकंदर सिंह,मामा मनोज सिंह इंस्पेक्टर, नवीन सिंह दरोगा, प्रभात सिंह शिक्षक, सुमन कुमार सिंह, शिक्षक,मृत्युंजय कुमार,भाई मधुसूदन सिंह टीटी,फूफा तिलक सिंह,चाचा विजय सिंह, बबलू सिंह,भाई दिनकर सिंह,चाचा रोहित सिंह, संजय सिंह शिक्षक,बड़े पापा हीरालाल सिंह सहित अवधेश सिंह, इंद्रदेव सिंह इंद्रदेव मंडल,प्रोफेसर रामेश्वर गुप्ता,पंकज सिंह पैक्स अध्यक्ष,मनीष सूर्या,सुबोध सिंह,जगदीश सिंह, वासुदेव सिंह,अभिषेक कुमार,दादी रेशमी देवी ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया है।

भविष्य सूर्या ने कहा कि मैं इंजीनियर बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं। इन्होंने अपने संदेश में कहा कि छात्रों को ज्यादा सेल्फ स्टडी करते हुए नियमित रूप से पढ़ने से सफलता जरूर मिलेगी।भविष्य सूर्या का रुचि सतरंग खेलना और नई जगह पर घूमना है। भविष्य सूर्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा जयमाला शिक्षा निकेतन के निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सुमन सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों को देते हैं। भविष्य सूर्य ने कहा कि जयमाला शिक्षा निकेतन में अनुशासन के साथ पठन-पाठन कराया जाता है। इस विद्यालय में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं मन लगाकर छात्र-छात्राओं को पढ़ाते हैं। जिसका परिणाम है कि इस विद्यालय के अधिकांश छात्र-छात्राएं अच्छे अंक से उत्तीर्ण होते हैं।

### अवैध खनन के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**शिवहर**। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता श्री मेधावी के नेतृत्व में दल-बल के साथ देर रात्रि अवैध खनन की सूचना पर पुरनहिया प्रखण्ड के अदौरी पंचायत में बागमती नदी किनारे छापेमारी की गई। छापेमारी में अवैध खनन के साक्ष्य पाए गए जिसके उपरांत प्रभारी जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी एवं स्थानीय थानाध्यक्ष द्वारा अवैध खनन में इस्तेमाल किये जा रहे पोक्लेन को जब्त कर लिया गया। साथ ही प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी को अग्रेतर कारवाई करने का आदेश दिया एवं अवैध खनन पर पूर्ण रोक लगाने हेतु लगातार सघन जांच एवं छापेमारी करते रहने का भी आदेश दिया।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

**शिवहर**। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए समाहरणालय परिसर में प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता श्री मेधावी, विशेष कार्य पदाधिकारी संदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सुशील कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री अनुराग कुमार रवि, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, अभिनव प्रिया एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा पांचों प्रखंडो के लिए हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवना किया गया। जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन बिहार ग्राम विकास परिषद, शिवहर ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया एवं बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया।

विदित हो कि बिहार ग्राम विकास परिषद शिवहर, जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर शिवहर जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। जिले में अब तक बाल विवाह के खिलाफ अभियान की सफलता पर संतोष जाहिर करते हुए बिहार ग्राम विकास परिषद शिवहर के महामंत्री डॉ० राम चन्द्र राय ने कहा कि अक्षय तृतीया के शुभ दिन की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन व नागरिक समाज संगठनों की सतर्कता से अब अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाहों की संख्या में खासी कमी आई है लेकिन हमें इसे पूरी तरह रोकने की जरूरत है।

# छीनतई की घटना का आरोपी गिरफ्तार, वारिसलीगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**वारिसलीगंज**। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कुम्भी ग्रामीण कौशलेश कुमार पिता स्व० नवलकिशोर सिंह के के द्वारा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया और वादी के द्वारा बताया गया कि पंजाब नेशनल बैंक वारिसलीगंज से एक लाख रूपये की निकासी कर अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में महिला कॉलेज वारिसलीगंज से 30 मीटर पहले अचानक अपाची मोटरसाईकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति सामने आकर इनके हाथ में रखे थैला जिसमे एक लाख रूपया को झपट्टा मारकर छिन कर भाग ले निकला।उक्त जानकारी देतें हुए पकरीवरावां अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार भास्कर ने बताया की घटना के आलोक में वारिसलीगंज थाना कांड सं0-256/26, दिनांक-13.04.26 धारा-303 (2) / 134 बी०एन०एस० अंकित किया गया।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक महोदय, नवादा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकरीबरावों के नेतृत्व में पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष, वारिसलीगंज थाना, नवादा के द्वारा टीम का गठन किया गया, जिसमें वारिसलीगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल को शामिल किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्वारित अनुसंधान करते हुये थाना में लगे सी०सी०टी०भी० कैमरा व संबंधित बैंक में लगे सी०सी०टी०भी० फुटेज/विडियों का अवलोकनोपरांत मोटरसाईकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति का फोटो प्राप्त हुआ। प्राप्त फुटेज एवं तकनीकि साक्ष्य के आधार पर उक्त दोनो व्यक्ति का नाम पता 01. अमन यादव पे० ललन यादव 02. मोनू यादव पिता राजो यादव दोनो ग्राम रौतारा थाना रौतारा जिला कटिहार के रूप में सत्यापित किया गया। नाम / पता सत्यापनोपरांत उनके घर पर रौतारा थाना का सहयोग लेते हुये छापामारी की गई। उक्त दोनो व्यक्ति अपने अपने घरो से फिरार पाये गये। तथा मोनू यादव के घर का तालाशी के क्रम में रूम के अलमारी में रखे पैन्ट से 1,00000 रू जो वादी से झपट्टा मारकर छिनी गई रूपये को बरामद किया गया। फिरार अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू लगातार छापामारी की जा रही है।

टीम में पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी। पु०अ०नि० अखिलेश्वर सिंह। परि०पु०अ०नि० मनोज कुमार राय ।. पु०स०अ०नि० पप्पू कुमार एवं डी०आई०यू० की टीम शामिल थे।

# रोशना : अवैध मिट्टी खनन करते दो ट्रैक्टर को किया जब्त



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार**। जिले के प्राणपुर प्रखंड के रोशना थाना क्षेत्र के दक्षिणी लालगंज पंचायत अंतर्गत लालगंज तेघरा दियारा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन करते हुए खनन इंस्पेक्टर केशव राज ने रविवार को दो ट्रैक्टर को जब्त कर रोशना पुलिस को सुपुर्द किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए खनन इंस्पेक्टर केशव राज ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि भरतकोल के लालगंज तेघरा दियारा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु भरतकोल तेघरा दियारा पहुंचने के उपरांत मिट्टी खनन करते दो ट्रैक्टर को जब्त कर रोशना पुलिस को सुपुर्द किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ट्रैक्टर से दो लाख चार हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है। खनन विभाग की कार्रवाई से अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। खनन इंस्पेक्टर ने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। किसी भी कीमत पर अवैध खनन करने वाले को पनपने नहीं दिया जाएगा। विदित हो कि इन दिनों लाभा ,बंगुरूवा ,खोजाटीहाट, इंग्लिश ,प्राणपुर ,दुर्गापुर ,धबोल सहित कई दियारा क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन जारी है । इस कारवाई से मिट्टी खनन माफियाओं में हड़कम्प मच गया है।इस दौरान एस आई गणेश यादव सहित कई पुलिस बल मौजूद थे।

# गयाजी में पुलिस पर हमला, गाड़ी में तोड़फोड़

♦ बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंची थी टीम, हिरासत में 6 लोग, ग्रामीण घर छोड़कर फरार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर उग्र लोगों ने हमला कर दिया। बालू लोडेड ट्रैक्टर का छुड़ा लिया। इस दौरान पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई है। कुछ पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें भी आई हैं। मौके से 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई के डर से गांव से बड़ी संख्या में लोग फरार हो गए हैं। कई घरों में ताला लटका पड़ा है। घटना परैया प्रखंड के बैकटपुर की है।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि शनिवार देर रात टीम पहुंची थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों की पिटाई की गई है। परैया थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी के साथ भी अभद्रता की बात सामने आ रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। खास बात यह कि एक सप्ताह के अंदर जिला पुलिस पर जनालेवा हमले की यह दूसरी घटना है। इससे पहले सिन्धुगढ़ थाना क्षेत्र में घटना हुई थी।

**ग्रामीओं ने टीम को घेर लिया**: जानकारी के अनुसार परैया पुलिस अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पहुंची थी। टीम ने एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस खुद ट्रैक्टर लेकर थाने लौट रही थी। इस दौरान बैकटपुर चौराहा के पास अचानक 60 से 70 की संख्या में लोग जुट गए। टीम को घेर लिया गया। ट्रैक्टर की चाबी जबरन निकाल ली गई। हमला पूरी तैयारी के साथ किया गया था। मारपीट की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। रात करीब 3 बजे तक गांव में छापेमारी चली। इस दौरान 6 लोगों को हिरासत में लिया गया। एएसपी मनोज कुमार ने बताया कि सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस पर हमला करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**लाठी-डंडा लेकर पहुंचे ग्रामीणः** सूत्रों के मुताबिक पहले एक दिव्यांग ने ट्रैक्टर रुकवाया। वह चाबी लेने की कोशिश करने लगा। इसी बीच पास में चल रहे एक समारोह से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गई। लाठी-डंडों से पुलिस की गाड़ी पर हमला कर, उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि परैया क्षेत्र के कुछ पंचायत पहले से नक्सल प्रभावित रहे हैं। बैकटपुर और आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में युवक बालू खनन से जुड़े हैं। कई घरों में ट्रैक्टर है। यहां शिक्षा का स्तर भी कमजोर है। यही वजह है कि मामूली बात पर भी हालात तेजी से बिगड़ जाते हैं। फिलहाल इलाके में पुलिस कैंप कर रही है।

# महापुरुषों के कारवां के साथ निकली डॉ. अंबेडकर शोभायात्रा, 'जय भीम' के नारों से गूंजा हिसुआ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**हिसुआ** : संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को हिसुआ नगर में श्रद्धा और उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। 'अंबेडकर शोभायात्रा' के दौरान हजारों की संख्या में जुटे अंबेडकरवादियों ने नीले झंडों और जय भीम के गगनभेदी उद्घोष से पूरे शहर को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा की सबसे खास बात इसमें शामिल महापुरुषों की जीवंत झांकियां थीं। भगवान बुद्ध, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले ,महाराजा बिजली पासी ,भगवान बिरसा मुंडा ,एतवा रजवार ,कांशीराम संत रविदास ,साहू जी महाराज चंद्रशेखर आजाद रावण और बाबा साहब समेत अन्य के जीवन दर्शन को दर्शाती झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। युवाओं और महिलाओं की टोली हाथों में भारत का संविधान और नीला झंडा थामे समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प दोहरा रही थी। शोभायात्रा में शामिल भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ने कहा, "आज की यह भीड़ केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि बाबा साहब के उस सपने को पूरा करने की प्रतिबद्धता है, जिसमें ऊंच-नीच और भेदभाव का कोई स्थान न हो। हम संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित हैं।"

युवाओं को संबोधित करते हुए गौरव गजराज ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जो कलम की ताकत हमें दी है, उसी के जरिए हम समाज की मुख्यधारा में मजबूती से खड़े हो सकते हैं।

यात्रा में शामिल उपमुख्य पार्षद टिंकू चौधरी ने सावित्रीबाई फुले का स्मरण करते हुए कहा कि आज की नारी शिक्षित और जागरूक हो रही है, यह बाबा साहब की ही देन है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं का आगे आना अनिवार्य है। हजारों की भीड़ को देखते हुए हिसुआ पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

# जन सुराज के जिलाध्यक्ष बने त्रिवेणी सिंह, महिलाध्यक्ष बनीं सुलेखा कुमारी, मिथिलेश प्रसाद सिंह , सरस्वती देवी को मिली मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी

## जिले में जन सुराज को पंचायत स्तर पर मजबूत करेंगेः त्रिवेणी सिंह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादाः** जिले के मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में रविवार को जन सुराज पार्टी की जिला सलाहकार समिति और जिला एकल पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने नव नियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की। इस दौरान मनोज भारती ने नवादा के नए जिलाध्यक्ष के रूप में त्रिवेणी सिंह, महामंत्री सरयू प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष ललन शर्मा, महिला अध्यक्ष सुलेखा कुमारी, मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह, सरस्वती देवी सहित अन्य पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्प माला पहनाकर पदभार ग्रहण करवाया गया। जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा कि जिले में जन सुराज को गांव-गांव, पंचायत स्तर पर मजबूत करेंगे। वर्तमान में जन सुराज ही विपक्ष के रूप में जनता के सामने दिख रही है, हम जनता के दिलों में जरूर हैं, हम जनता के बीच रहकर जनता के मुद्दों को उठाएंगे।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि नालंदा क्षेत्रीय कोर कमिटी की अनुशंसा के आधार पर नवादा जिला की सलाहकार समिति एवं जिला एकल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष ने नियुक्त तमाम पदाधिकारियों को बधाई दी। साथ ही सभी जिला एकल पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी दी कि पार्टी के विस्तार के लिए 15 दिनों में अपनी जिला कमिटी की सूची क्षेत्रीय कमिटी को सौंपे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन, डॉ मधुकर कुमार, अजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**जिला सलाहकार समिति पर एक नजरः** कमल किशोर बिंदु, अशोक कुमार सिंह, राधा देवी, पृथ्वीराज बसंत, मो. हैदर साकिब को जिला सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है।

**जिला पदाधिकारियों की सूची पर एक नजरः** जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, महामंत्री सरयू प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी ललन शर्मा, महिला अध्यक्ष सुलेखा कुमारी, युवा अध्यक्ष नीरज कुमार, किसान अध्यक्ष मुकेश कुमार बब्लू, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर रविन्द्र प्रसाद सिंह, व्यावसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राहुल कुमार,ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, अंबेडकर मंच अध्यक्ष देवराज पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष हाजी जुबैर आलम, मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह, सरस्वती देवी को मुख्य प्रवक्ता का पदभार सौंपा गया।

# चांदपुर निवासी करिश्मा कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में 436 अंक प्राप्त कर परिवार एवं समाज का नाम किया रोशन

## करिश्मा डॉक्टर बनकर गरीब लोगों की सेवा करना चाहती है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार**। जिले के पोठिया थाना अंतर्गत चांदपुर निवासी मदन कुमार साह ह उर्फ मंटू साह की पुत्री करिश्मा कुमारी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 436 अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया है। करिश्मा कुमारी को मैट्रिक की परीक्षा में 436 यानी 87.2 प्रतिशत अंक हासिल की है। अंग्रेजी में 82,संस्कृत में 94, विज्ञान में 74, सोशल साइंस में 96, पेंटिंग में 90 अंक प्राप्त की है। करिश्मा डॉक्टर बनकर गरीब लोगों की सेवा करना चाहती है। माता रीना देवी, पिता मदन कुमार साह उर्फ मंटू साह ने कहा कि करिश्मा कुमारी का परिणाम घोषित होते ही उनके भाई अभिषेक कुमार, बहन काजल कुमारी, नाना ब्रह्मदेव साह, दादी गीता देवी, चाचा रोहित कुमार साह, चाची काजल देवी, नाना गैबी साह,नई आशा देवी, मौसी अनुप्रिया आदि पारिवारिक सदस्यों ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया है।

भाई अभिषेक कुमार वर्ग 9 में पढ़ाई करता है। बड़ी बहन काजल कुमारी 12वीं की डिग्री प्राप्त की है। इनके माता रीना देवी कुशल गृहिणी है। पिता मदन कुमार साह उर्फ मंटू साह व्यवसायी हैं। माता रीना देवी एवं पिता मदन कुमार साह उर्फ मंटू साह कहते हैं कि करिश्मा कुमारी बचपन से ही पठन-पाठन में काफी मेधावी हैं। ये नर्सरी से वर्ग 7 तक की पढ़ाई एन.वी.आर.स्कूल अयोध्यागंज, कुरसेला से की है। वर्ग 8 से मैट्रिक तक की पढ़ाई जयमाला शिक्षा निकेतन,हृदय गंज, कटिहार से की है।

माता रीना देवी एवं पिता मदन कुमार साह उर्फ मंटू साह कहते हैं कि करिश्मा कुमारी जब वर्ग 4 में पठन-पाठन कर रही थी स्कूल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी,खो-खो,बैडमिंटन मैं प्रथम स्थान प्राप्त किया था और मैराथन दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। 2022 में जब यह वर्ग 6 में पढ़ती थी, तो स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल मार्वल रेस में प्रथम स्थान प्राप्त की।स्टिक बैल रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया।कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय की ओर से इन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया था। वर्ग सात में जब पढ़ रही थी 2023 में कबड्डी, खो-खो दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त की थी। पेंटिंग प्रतियोगिता में इन्हें चौथा स्थान मिला था।2024 में जब वर्ग 8 में पढ़ रही थी, तो जयमाला शिक्षा निकेतन में खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी तथा खो खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त की। विद्यालय परिवार की ओर से मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया था। वर्ष 2025 में जब वर्ग 9 में पठन-पाठन कर रही थी, विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। कबड्डी और खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति के द्वारा इन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

करिश्मा कुमारी ने कहा कि मैं पूर्णिया में रहकर नीट की तैयारी करना प्रारंभ कर दिया हूं। मैं डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करूंगी। मेरी रुचि खेल कूद में है। करिश्मा कुमारी ने मैट्रिक में अव्वल नंबर से उत्तीर्ण करने का श्रेय अपने माता-पिता एवं जयमाला शिक्षा निकेतन के निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सुमन सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों को देते हैं। करिश्मा कुमारी कहती है कि आने वाले वर्ष में मैट्रिक की परीक्षा में जो भी छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।उन्हें सिलेबस पर फोकस करते हुए पढ़ाई करना है। शिक्षक के द्वारा बताए गए मार्गदर्शन को पालन करते हुए अपने घर पर स्वाध्याय करने से सफलता मिलेगी।

### उत्कर्ष कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 85.4 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण कर कटिहार वासियों का मान बढ़ाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार**। शहर के भैड़िया रहिका,वार्ड नंबर 2 के निवासी उमेश कुमार सिंह के पुत्र उत्कर्ष कुमार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 427 अंक यानी 85.4 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण कर कटिहार वासियों का मान बढ़ाया है। इन्हें अंग्रेजी में 80, संस्कृत में 92, गणित में 49, विज्ञान में 72, सोशल साइंस में 92,पेंटिंग में 92 अंक प्राप्त किये हैं। इन्हें एक बहन है।जिनका नाम अनुष्का कुमारी है। वर्ग 10 में डॉन बॉस्को स्कूल में पढ़ती है।उत्कर्ष कुमार के पिता उमेश कुमार सिंह बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-7 में हवलदार है।उमेश कुमार सिंह बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-7 में हवलदार को भारतीय पुलिस सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। रिजल्ट आने के बाद इनके माता-पिता सहित दादा जयप्रकाश सिंह,दादी अनार देवी,नाना राजेंद्र प्रसाद चौहान,नानी मीना देवी,मामा धनंजय कुमार,ललित चौहान, पुरुषोत्तम कुमार,मौसी सुमन देवी, मौसा रिंकू कुमार आदि ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया है। उत्कर्ष कुमार डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहते हैं। इन्होंने वर्ग 1 से 6 तक डॉन बॉस्को स्कूल में पठन-पाठन किया है। वर्ग 7 से मैट्रिक तक की पढ़ाई जयमाला शिक्षा निकेतन कटिहार से किया है। इन्होंने वर्ग एक में पढ़ाई कर रहे थे, 2016 में नेशनल टैलेंट सर्च परीक्षा में ग्रेड सी प्राप्त किया था। वर्ग 2 में पढ़ाई कर रहे थे। 2017 में खेलकूद प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहे। 2017-18 में नेशनल टैलेंट सर्च परीक्षा में नेशनल अवार्ड में ग्रेड-बी प्राप्त हुआ था। 2018-19 में नेशनल अवार्ड में ग्रेट सी प्राप्त हुआ।

2018 में एस.आई.पी. प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। 2019 में खेल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहे। ऑल इंडिया इंटर स्तरीय कंटेंट्स 2019 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति के द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कार किया गया। 2023 में सेफ्टी राइट ट्रेनिंग में पुरस्कृत किया गया। 2023 में भारत स्काउट गाइड का प्रशिक्षण 14 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में पुआल हटाने के विवाद में खूनी संघर्ष, घर पर चढ़कर मारपीट और फायरिंग

**नालंदा**। नालंदा के जगदीशपुर मिल्कीपर गांव में वर्चस्व और मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत में रखे नेवारी (पुआल) को हटाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते चीख-पुकार और गोलियों की तड़तड़ाहट में बदल गई। गांव के ही दबंगों ने एक परिवार के घर पर धावा बोलकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। पति को बचाने दौड़ी एक महिला को गोली लग गई। इस हिंसक झड़प में एक किशोरी भी गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र की है। विवाद की जड़ तिलक गोप के खेत में जबरन रखी गई नेवारी बनी। पीड़ित तिलक गोप का आरोप है कि गांव के ही प्यारे गोप ने पिछले कई महीनों से उनके खेत में भारी मात्रा में पुआल डाल रखा था। जिससे मूंग की फसल बर्बाद हो रही थी। कई बार आग्रह करने के बावजूद जब पुआल नहीं हटाया गया, तो रविवार सुबह तिलक गोप ने फिर से इसकी शिकायत की। इसी बात से आक्रोशित होकर प्यारे गोप अपने दर्जनों हथियारबंद सहयोगियों के साथ घर पर चढ़ आया। हमलावरों ने पहले गाली-गलौज करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। फिर इलाके में दहशत फैलाने के लिए दर्जनों राउंड हवाई फायरिंग की। मारपीट के दौरान जब हमलावर तिलक गोप को निशाना बना रहे थे, तभी उनकी पत्नी दुलारी देवी अपने पति को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची। इसी बीच अपराधियों की ओर से चलाई गई एक गोली सीधे दुलारी देवी के पेट में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं। इस हमले में बबलू गोप की पुत्री डोली कुमारी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वारदात की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस गांव पहुंची। हालांकि पुलिस के आने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है। आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

### नालंदा में पीट-पीटकर पत्नी की हत्या, छेड़खानी मामले में 15 दिन पहले ही पति जेल से छूटा था

**नालंदा**। नालंदा में सनकी पति ने पत्नी की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी पति मनीष कुमार उर्फ सूरजभान ने इस जघन्य अपराध को छिपाने के लिए पूरे गांव और ससुराल वालों के बीच यह अफवाह फैला दी कि उसकी पत्नी सीढ़ी से गिर गई है। हालांकि, मृतका के शरीर पर मौजूद चोट के निशान ने दरिंदगी की पूरी कहानी बयां कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी अभी महज 15 दिन पहले ही एक नाबालिग से छेड़खानी के मामले में सात महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया था। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के परासी गांव की है। मृतका की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के करियन्ना निवासी उपेंद्र सिंह की पुत्री राखी कुमारी(30) के तौर पर हुई है। पिता ने बताया कि साल 2020 में अपनी बेटी की शादी बड़े अरमानों के साथ की थी। दो मासूम बच्चे भी हैं, जिनमें एक चार साल की बेटी और ढाई साल का बेटा है। दामाद कोई काम-धंधा नहीं करता था। हमेशा शराब और गलत संगतों में डूबा रहता था। वह अक्सर मायके से पैसे लाने के लिए राखी पर दबाव बनाता था। अब तक कई बार 10 से 20 हजार रुपए दिए जा चुके थे, लेकिन उसकी मांगें खत्म नहीं हो रही थी। आर्थिक तंगी और नशे की लत के कारण वह अक्सर राखी के साथ मारपीट करता था। पिता ने आगे बताया कि शनिवार की रात करीब 11 बजे पड़ोसियों ने फोन कर बेटी की हालत खराब होने की जानकारी दी। जब परिजन बदहवास हालत में परासी गांव पहुंचे, तो वहां का नजारा देख दंग रह गए। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी शोर मचाने और दरवाजा तोड़ने की धमकी देने के बाद जब दामाद ने गेट खोला। ससुर के पैरों में गिरकर माफी मांगने लगा और खुद को बचाने की गुहार लगाने लगा। मौका पाते ही आरोपी पति घर से फरार हो गया। घर में सास-ससुर और ननद भी रहते थे, लेकिन वे इन दिनों इलाज के सिलसिले में दिल्ली गए हुए हैं, जिसका फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठने से कोहराम मचा है।

### राजगीर जू सफारी में आधुनिक सोविनियर शॉप का लोकार्पण, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण शिक्षा का प्रमुख केंद्र

**नालंदा**। राजगीर जू सफारी परिसर में अत्याधुनिक सोविनियर शॉप का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस नई सुविधा का उद्घाटन निदेशक रामसुंदर एम ने किया। वन्यजीव थीम पर आधारित यह शॉप पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जहां वन्यजीवों से जुड़ी आकर्षक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। अपने संबोधन में निदेशक रामसुंदर एम ने कहा कि यह सोविनियर शॉप पर्यटकों को उनके रोमांचक वन्यजीव सफारी अनुभव की स्मृतियों को संजोकर रखने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करेगी। राजगीर जू सफारी न केवल वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह पर्यटकों को एक समग्र और उच्चस्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। यह नई पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सोविनियर शॉप की विशेषता यहां उपलब्ध वन्यजीव-आधारित थीम पर विकसित विविध उत्पाद हैं, जिनमें हस्तशिल्प वस्तुएं, परिधान, उपयोगी सामग्री और स्थानीय कला एवं संस्कृति से प्रेरित आकर्षक स्मृति चिन्ह शामिल किए गए हैं। इस पहल के माध्यम से न केवल पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देकर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का भी लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान कई पदाधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण बताया। सफारी प्रबंधन ने सभी पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि इस सोविनियर शॉप का भ्रमण अवश्य करें। अपने सफारी अनुभव को यादगार बनाने के लिए इन स्मृति चिन्हों का संग्रह करें।

### 12 साल के बच्चे की आंख फोड़ी, बच्चों के झगड़े में परिजनों ने किया हमला, मां-बहन के साथ भी की मारपीट

**नालंदा**। नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र के लोहरा गांव स्थित मुसहरी टोला में बच्चों के विवाद में झगड़ा हुआ। इसमें 12 साल के मासूम सन्नी कुमार की आंखें फोड़ दी गईं। पीड़ित सन्नी गांव के ही सरकारी स्कूल में कक्षा 8वीं का छात्र है और उसके पिता श्रवण कुमार तांती एक होटल में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। विवाद की जड़ करीब 15 दिन पुरानी है। सन्नी के भाई के साथ खेल-खेल में पड़ोस की सुग्गी देवी के बेटे साहिल को हल्की चोट लग गई थी। इसी मामूली बात को लेकर आरोपी पक्ष के मन में गहरी रंजिश पनप रही थी। गांव की महिला प्रमिला देवी ने बताया कि जब सन्नी को अकेला पाया गया, तो उसकी भाभी सुग्गी देवी, उसका पति और अन्य परिजनों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले सन्नी की मां और बहन के साथ मारपीट की और फिर घात लगाकर बैठे आरोपियों ने लोहे की छड़ से सन्नी की आंखों पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल छात्र को तत्काल बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चोट की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है। पटना में जब डॉक्टरों ने यह रिपोर्ट दी कि अब सन्नी की आंखों की रोशनी वापस नहीं आ सकेगी। इसके बाद परिजन सन्नी को लेकर रविवार को गांव पहुंचे। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। हरनौत थाना में अलग-अलग धाराओं में कुल 10 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने छापेमारी कर एक मुख्य आरोपी मनोज तांती (22) को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे जेल में भेजा जा रहा है। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए गांव में पुलिस बल की निगरानी है और फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों, जिनमें महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# इमामगंज सीएसपी लूटकांड का बड़ा खुलासाः हथियार के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार, पुलिस की सटीक कार्रवाई

- इमामगंज CSP लूटकांड का बड़ा खुलासाः 2.07 लाख लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन अपराधी गिरफ्तार
- एसएसपी सुशील कुमार के नेतृत्व में बड़ी सफलता, हथियार व नकद के साथ लुटेरे दबोचे






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र में 8 अप्रैल 2026 को दिनदहाड़े हुए चर्चित सीएसपी लूटकांड का पुलिस ने शानदार तरीके से उद्भेदन कर दिया है। डुमरिया-पटना स्टेट हाईवे-69 पर पाकरडीह बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में हुई इस घटना ने पूरे इलाके के साथ-साथ बिहार भर में सनसनी फैला दी थी। अब पुलिस की तेज कार्रवाई और सटीक रणनीति के दम पर तीन शातिर अपराधियों को हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मालूम हो कि 8 अप्रैल को घटना के दिन बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर करीब दो लाख साथ हजा रुपए की लूट को अंजाम दिया था। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और खुफिया इनपुट के आधार पर तेजी से कार्रवाई शुरू की। इस पूरे ऑपरेशन की कमान वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुशील कुमार के निर्देशन में संभाली गई, जिनकी सख्त निगरानी और स्पष्ट रणनीति का ही परिणाम रहा कि इतने कम समय में कांड का सफल खुलासा हो सका। वहीं इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि कांड के उद्भेदन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के बाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर रविवार को विश्रामपुर पुल के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पुलिस बल की तत्परता से उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में तीनों ने पाकरडीह सीएसपी लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। वहीं गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिंदु पासवान (ग्राम बनाही, थाना आमस), राहुल पासवान (ग्राम नवादा, थाना शेरघाटी) और मृत्युंजय पासवान (ग्राम बीटी बिगहा, थाना शेरघाटी) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और 3500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इस पूरी कार्रवाई में इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने अपनी टीम के साथ लगातार दबिश, सटीक सूचना संकलन और त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड के उद्भेदन में अहम योगदान दिया।

उनके नेतृत्व में टीम ने जिस तरह से पेशेवर तरीके से काम किया, वह पुलिसिंग का बेहतरीन उदाहरण है। साथ ही एसआई पवन कुमार, एसआई ममता कुमारी, एएसआई जोगिंदर पाल, एएसआई नेत्रपाल सिंह सहित पूरी टीम की मुस्तैदी और साहस भी काबिले तारीफ रही, जिनकी बदौलत यह बड़ी सफलता हासिल हुई। एसडीपीओ कमलेश कुमार ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस उत्कृष्ट कार्य के लिए इमामगंज थानाध्यक्ष सहित पूरी टीम को सम्मानित किया जाएगा। वहीं पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से जहां अपराधियों का मनोबल टूटा है, वहीं आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास और मजबूत हुआ है। यह कार्रवाई न केवल गया पुलिस की बड़ी उपलब्धि है, बल्कि पूरे बिहार में कानून व्यवस्था के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है।

## आत्मनिर्भर बिहार की पहलः छकरबंधा में पशु बांझपन निवारण शिविर

### पशुपालकों को मिला जागरूकता का संदेश



शिविर में शामिल लोग



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा पंचायत के किशुनिचक गांव में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की ओर से पशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के तहत आयोजित किया गया, जिसमें पशु बांझपन निवारण और पशुपालकों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।

स्थानीय मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, देखभाल और उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। इस संबंध में

मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण पशुपालकों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और उत्पादन से ही किसानों की आय में वृद्धि संभव है। सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है, ताकि पशुपालक आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर के माध्यम से ग्रामीण पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों और बेहतर पशु प्रबंधन की जानकारी दी गई, जिससे उनकी आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## साइकिल सवार की कनपटी में गोली मार कर हत्या, गयाजी में घर लौट रहा था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी के परैया थाना क्षेत्र में आज दोपहर अपराधियों ने साइकिल सवार की गोली मार कर हत्या कर दी। रामडीह और उपरोहली के बीच खारपर के पास घटना हुई है। मृतक की पहचान छक्कन बिगहा निवासी अवधेश शर्मा (45) के रूप में हुई है। अवधेश किसी काम से साइकिल से परैया बाजार गए थे। दोपहर में जब वो वापस घर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें अपना निशाना बना लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर सवार अपराधी काले रंग के गमछे से चेहरा ढंके हुए थे। जैसे ही अवधेश खारपर के पास पहुंचे, उनकी कनपटी पर पिस्टल सटा दी और गोली चला दी। गोली लगते ही अवधेश सड़क पर गिर पड़े। कुछ ही क्षण में उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परैया थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। खास बात यह रही कि पुलिस महज 7 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

**अवधेश शर्मा का आपराधिक इतिहास भीः**



सूत्रों के अनुसार, मृतक अवधेश शर्मा का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज थे और वह पहले जेल भी जा चुके थे। ऐसे में पुलिस इस हत्याकांड को आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी से जोड़कर देख रही है। घटना की जानकारी मिलते ही टिकारी पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ सुशील कुमार चंचल भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। परिवार के लोग अभी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं, लेकिन पुलिस अपने स्तर से अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में दहशत फैल गई है।

## गया में 90 करोड़ की लागत से बनेगा आरओबी, बागेश्वरी गुमटी पर जाम से मिलेगी राहत

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश पर तेज हुई प्रक्रिया, निरीक्षण के बाद जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गया शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। बागेश्वरी रेलवे गुमटी क्रॉसिंग संख्या 71ए पर रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस परियोजना के लिए करीब 90.16 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे शहर के व्यस्त इलाकों में लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। यह पहल डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश पर आगे बढ़ाई जा रही है। इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर पहले गया परिषद में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। बैठक में शहर की ट्रैफिक समस्या और आरओबी निर्माण से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



हाल ही में अधिकारियों की टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नगर पुलिस उपाधीक्षक, पुल निर्माण निगम के अभियंता और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान रूट डायवर्सन, तकनीकी डिजाइन और निर्माण कार्य की रणनीति पर गहन चर्चा की गई, ताकि काम शुरू होने के बाद किसी तरह की बाधा न आए। पुल निर्माण निगम के अभियंताओं के अनुसार प्रस्तावित आरओबी की लंबाई लगभग 645 मीटर और चौड़ाई 7.50 मीटर (दो लेन) होगी। प्रशासन का कहना है कि रूट डायवर्सन की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी, जिसके बाद निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा।

इस पुल के बन जाने से गया रेलवे स्टेशन से रामशिला और प्रेतशिला जाने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से इस क्रॉसिंग पर जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। आरओबी बनने के बाद आवागमन आसान होगा और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार आएगा। स्थानीय लोगों में इस परियोजना को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि विष्णुपद कॉरिडोर, सड़क चौड़ीकरण और रेलवे स्टेशन के विस्तार जैसे विकास कार्यों के बीच यह आरओबी शहर की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएगा।

## गया में फायर ब्रिगेड ने किया मॉक ड्रिल

### 22 मीटर ऊपर तक पहुंची हाइड्रोलिक मशीन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत फायर ब्रिगेड की टीम ने अपनी तैयारी और क्षमता का दम दिखाया। काशीनाथ मोड़ के पास एपीआर मॉल में मॉक ड्रिल कर आग से निपटने की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इस दौरान टीम की तत्परता, रिस्पॉन्स टाइम और तकनीकी क्षमता को परखा गया।

अग्निशमन अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि हर साल 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह 1944 में मुंबई बंदरगाह पर लगी आग में जान गंवाने वाले बहादुर अग्निशमन कर्मियों की याद में मनाया जाता है।

**ऊंची इमारतों में फंसे लोगों का तेजी से रेस्क्यूः** मॉक ड्रिल के दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने हाइड्रोलिक मशीन का इस्तेमाल किया। यह मशीन हाल ही में गयाजी को मिली है और इसे आधुनिक तकनीक से लैस बताया जा रहा है। अभ्यास के दौरान टीम ने दिखाया कि कैसे ऊंची इमारतों में फंसे लोगों को तेजी से रेस्क्यू



किया जा सकता है और आग पर काबू पाया जा सकता है।

अधिकारी ने बताया कि यह हाइड्रोलिक मशीन करीब 22 मीटर ऊंचाई तक पहुंचने में सक्षम है। यानी बहुमंजिला इमारतों में भी यह आसानी से काम कर सकती है। इससे न सिर्फ लोगों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि आग पर भी तेजी से काबू पाया जा सकता है।

मॉक ड्रिल के दौरान पूरी फायर ब्रिगेड टीम मौके पर मौजूद रही। हर एक तकनीकी पहलू को बारीकी से जांचा गया। टीम ने अलग-अलग परिस्थितियों में काम करने का अभ्यास किया, ताकि असली घटना के समय कोई चूक न हो।

इस अभ्यास के जरिए यह साफ संदेश दिया गया कि फायर ब्रिगेड की टीम हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। साथ ही लोगों से भी अपील की गई कि आग लगने की स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

## लोको पायलट की पत्नी की मौत, मां बोली- दामाद ने दहेज के लिए हत्या की, मारपीट करता था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में शनिवार देर रात एक महिला का शव कमरे में पंखे से झूलता मिला। पहली नजर में मामला आत्महत्या का बताया गया, लेकिन मायके पक्ष ने इसे साफ तौर पर हत्या करार दिया है। मृतका का पति फिलहाल पुलिस हिरासत में है। मृतका की पहचान शिवानी (28) के रूप में हुई है। वह अपने पति मनीष कुमार (33) के साथ गयाजी में रह रही थी। मनीष रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर कार्यरत है और मूल रूप से शेखपुरा के मनकोर गांव का रहने वाला है।



मृतका की मां सुनीता ने कहा कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। बार-बार पैसे और संपती की मांग की जाती थी। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले, जुलाई महीने में उन्होंने अपनी बेटी की शादी बड़े अरमानों से की थी। लेकिन शादी के बाद से ही हालात बिगड़ने लगे। मां का कहना है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष का दबाव इतना बढ़ गया था कि उन्होंने जमीन बेचकर पैसे देने तक की बात मान ली थी। इसके बावजूद उनकी बेटी को नहीं बख्शा गया। आरोप है कि पहले शिवानी की बेरहमी से पिटाई की गई और फिर उसकी हत्या कर शव को पंखे से लटका दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या का लगे।

**पति बोला- पत्नी ने किया सुसाइडः** पति मनीष कुमार ने ही रात करीब 12 बजे के बाद फोन कर घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि शिवानी ने फांसी लगाकर जान दे दी है। लेकिन इस दावे पर मायके पक्ष को भरोसा नहीं है। उनका कहना है कि अगर आत्महत्या होती, तो शरीर पर तमाम जगह चोट के निशान क्यों होते। पति मनीष का कहना है कि वह ड्यूटी से रात करीब 12 बजे घर लौटा। दरवाजा खटखटाने पर जब नहीं खुला तो किसी तरह अंदर गया। वहां उसने देखा कि शिवानी पंखे से झूल रही है। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। पति-पत्नी के बीच विवाद के सवाल पर मनीष कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। उसने सिर्फ इतना कहा कि छोटे-मोटे झगड़े हर घर में होते हैं। डेल्हा थानाध्यक्ष इंद्रदेव इंद्र का कहना है कि फिलहाल, इस पूरे मामले में सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा : राजपुर व काराकाट से दो गिरफ्तार, न्यायालय के आदेश पर भेजे गए जेल

**बिक्रमगंज** : रोहतास जिले में फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत पुलिस को अहम सफलता मिली है । राजपुर और काराकाट थाना की पुलिस ने अलग- अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया । राजपुर थाना क्षेत्र के तेंदुबहार गांव निवासी सियाराम मुसहर के पुत्र मनोज मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष अंशुमाला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सासाराम न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी था । इसी क्रम में काराकाट थाना की पुलिस ने भी सुगीबाल गांव निवासी वीरेंद्र कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार के अनुसार आरोपी के खिलाफ बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था,जिसके आलोक में उसे पकड़कर जेल भेज दिया गया ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है । इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में फरार आरोपियों के बीच हड़कंप मच गया है ।

### बिक्रमगंज-दिनारा मुख्य मार्ग पर ग्राम कोल्हा के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली

**बिक्रमगंज /रोहतास:** रविवार की शांत सुबह अचानक मातम में बदल गई,जब रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र स्थित बिक्रमगंज-दिनारा मुख्य मार्ग पर ग्राम कोल्हा के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई । सुबह करीब 9:30 बजे हुए इस हादसे ने न सिर्फ एक जिंदगी खत्म कर दी,बल्कि एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया ।मृतक की पहचान भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अजय साह के रूप में हुई है,जो हाकीम साह के पुत्र थे । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय अपने किसी कार्य से बाइक से निकले थे,लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह सफर उनका आखिरी सफर बन जाएगा । कोल्हा के पास पहुंचते ही एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया । टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया । घटना की खबर मिलते ही बिक्रमगंज थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी । कुछ ही देर में जब परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे,तो अपने बेटे का शव देख उनका कलेजा फट पड़ा । पूरे इलाके में चीख-पुकार और गम का माहौल छा गया ।थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है । उन्होंने कहा कि पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने और आरोपी चालक तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है ।

### श्री जानकी जन्मोत्सव आयोजन समिति : एक दशक में पाए कई मुकाम, सदस्यों में भारी उत्साह

**सीतामढ़ी** : जगत जननी माता सीता की पावन प्राकट्य भूमि के कोने - कोने में जानकी नवमी के अवसर पर विशेष उत्साह का प्रवाह होता रहा हैं। विदेहराज जनक की राजधानी रही नेपाल के जनकपुर धाम से लेकर भारत के सम्पूर्ण मिथिलांचल में दशकों से जानकी नवमी को एक उत्सव के रूप में मनाए जाने की परंपरा रही हैं। करीब एक दशक पूर्व उत्साही सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सीतामढ़ी शहर में श्री जानकी जन्मोत्सव आयोजन समिति का गठन कर उत्सव को महोत्सव का रूप देना शुरू किया। वर्ष 2016 में स्थापित आयोजन समिति ने सीतामढ़ी में जानकी नवमी के अवसर पर भव्य निशान शोभायात्रा निकालने की शुरुआत की। आमजनों के चोटिल आस्था पर मरहम लगाते हुए रजत द्वार श्री जानकी मन्दिर परिसर से " साईं बाबा " की प्रतिमा को हटवाने हेतु अभियान चलाया। वहीं पिछले साल बिहार सरकार के तत्कालीन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद के सहयोग से शहर स्थित श्री राधा कृष्ण गोयनका महाविद्यालय के क्रीड़ा मैदान में अयोध्या धाम के ख्यातिप्राप्त रामलीला मंडली द्वारा तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन कराया। आयोजन समिति पूरे मिथिला क्षेत्र को " श्री जानकी जन्मभूमि " मानकर घर - घर " उत्सव को महोत्सव " के रूप में मनाए जाने का आह्वान कर रही हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार बबलू ने " जय सियाराम " का जयघोष करते हुए आस्थावान लोगों से जानकी नवमी को पूर्ण शाकाहार रहने का संकल्प लेने की अपील की हैं। श्री बबलू ने कहा कि राघोपुर बखरी की तरह पौराणिक धर्म स्थलों की पहचान कर जीर्णोद्धार की दिशा में हर संभव आवश्यक पहल करेगी। उन्होंने कहा कि रामायण रिसर्च काउंसिल द्वारा राघोपुर बखरी में प्रस्तावित प्राचीन श्रीराम - जानकी मन्दिर का जीर्णोद्धार व शक्तिपीठ की स्थापना में आयोजन समिति के तकरीबन साढ़े 3 सौ सदस्यों के साथ हर संभव सहयोग को तैयार हैं। कहा कि समिति सदस्यों में काफी उत्साह हैं।

### मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित भूमि पूजन सह शिलान्यास समारोह की तैयारी शुरू

**सीतामढ़ी** : तकरीबन 834 वर्ष पुराने ख्यातिप्राप्त श्रीराम जानकी मंदिर राघोपुर बखरी का अस्तित्व रक्षा का मार्ग प्रशस्त हो गया हैं। देश के सांस्कृतिक मूल्यों की विरासतों की हिफाजत के लिए संकल्पित रामायण रिसर्च काउंसिल द्वारा इस मन्दिर का जीर्णोद्धार के साथ ही मन्दिर की करीब 12 एकड़ भूखंड पर दिव्य - अलौकिक शक्तिपीठ व श्री जानकी शोध संस्थान की स्थापना कराई जाएगी। जानकी नवमी के अवसर पर आगामी 25 अप्रैल 2026 को सूबे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्तावित जीर्णोद्धार व निर्माण कार्य को लेकर विधिवत भूमि पूजन व शिलान्यास किया जाएगा। काउंसिल के जिला संगठन प्रभारी नीरज कुमार गोयनका ने बताया कि शनिवार को बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा राघोपुर बखरी मन्दिर व प्रस्तावित निर्माण स्थल का मुआयना किया जाना था, परंतु समयाभाव के कारण संभव नहीं हो सका। काउंसिल द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारिया शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया जा चुका हैं। सदस्य दीपक मस्करा व रौनक हिसारिया की देखरेख में कार्य कराया जा रहा हैं। वहीं अन्य सदस्य भी अपने जिम्मेदारियों में लगे हैं।

### सीतामढ़ी इकाई के बीएसएसआर यूनियन का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

**सीतामढ़ी** : बीएसएसआर यूनियन सीतामढ़ी जिला इकाई का सम्मेलन जानकी विद्या निकेतन परिसर में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम झंडोत्तोलन कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात 1 मिनट का मौन रखकर कामरेड जे अखिलेश सहित डेमोक्रेटिक मूवमेंट में शामिल श्रमिक नेताओं को उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी गई । सम्मेलन के खुले सत्र को संबोधित करते हुए बीएसएसआर यूनियन के राज्य सचिव एवं अखिल भारतीय संगठन FMRAI के वर्किंग कमेटी मेंबर कामरेड सत्य प्रकाश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चार लेबर कोर्ट को लाकर श्रमिकों के अधिकार का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग पर सरकार की ओर से दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। सेल्स प्रमोशन इंपली के लिए न्यूनतम वेतन, काम का घंटा, सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करने का सदस्यों से आवाहन किया। पिछले दो वर्षों के सचिव एवं कोषाध्यक्ष के कार्यकाल की प्रतिवेदन पर संगठनात्मक चर्चा की गई एवं सदस्यों के द्वारा दिए गए सुझावों को रेखांकित करते हुए प्रतिवेदन को ध्वनि मत से पारित किया गया। इस अवसर पर सदस्यों को संबोधित करते हुए FMRAI के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बीएसएसआर यूनियन के पूर्व महासचिव देवाशीष रॉय ने कहा कि श्रम कानून में बदलाव कर इस is of doing के नाम पर सेल्स प्रमोशन इंपली के श्रम का शोषण करने का खुली छूट सरकार ने दे रखी है। जिसका फायदा न्योक्ताओं के द्वारा दिखाया जा रहा है। उन्होंने सदस्यों से आवाहन किया कि श्रमिकों के अधिकार की रक्षा के लिए सभी मजदूर संगठनों को साथ लेकर नई लेबर कोड को रद्द करने की मांग की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर नई कमेटी का चुनाव किया गया। जिसके अध्यक्ष पंकज कुमार, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, इकाई सचिव अमित कुमार, संयुक्त सचिव हेमंत कुमार एवं कोषाध्यक्ष राजेश पांडेय सहित 10 लोकल कमेटी सदस्यों का चुनाव किया गया। दरभंगा में आगामी 20 एवं 21 जून 2026 को BSSR यूनियन के 52 वें राज्य सम्मेलन के लिए 17 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल का चुनाव किया गया।

# डिहरी प्रखंड के दरिहट में हुआ दु-गोला चैता गायन का महामुकाबला



- **देर रात तक जमे रहे श्रोता**
- **डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर दुगोला चैता का हुआ आयोजन**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डिहरी(रोहतास)।** जिले के डिहरी प्रखंड अंतर्गत दरिहट गांव में शनिवार 18 अप्रैल की रात को चैता गायन का जोरदार दु-गोला मुकाबला आयोजित किया गया।दुगोला महा मुकाबला कार्यक्रम में दो दिग्गज व्यासों के बीच देर रात तक चले सवाल-जवाब ने सैकड़ों श्रोताओं को बांधे रखा।

देर रात तक दर्शक कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चैता सम्राट व्यास स्वामी नाथ (बागी बलिया उत्तर प्रदेश) और अजीत हलचल (छपरा बिहार) के रहने वाले के बीच का मुकाबला रहा। दोनों कलाकारों ने चैत मास की परंपरा, राम-सीता प्रसंग और सामाजिक मुद्दों पर एक-दूसरे से तीखे सवाल दागे। व्यास स्वामी नाथ ने पारंपरिक शैली में बाबा साहब ले ले जन्मवा,,, गाया तो व्यास अजीत हलचल ने मौजूदा दौर से बाबा साहब लिखलन संविधानवा ,,,, गाकर जवाब दिया। हर सवाल पर दर्शकों की तालियों से पंडाल गूंज उठा।

कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर विचार मंच दरिहट ने किया। मौके पर राजद नेता पूर्व विधायक विजय मंडल यादव,जिला पार्षद सदस्य नथुनी पासवावान ,गुड्डू चन्द्रवंशी, सीमा सिंह वीरेंद्र गुप्ता रामनाथ यादव अजय सिंह डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मुन्ना यादव मनोज गुप्ता मिट्ठू सिंह हरिद्वार मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।मौके पर नेता जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मंच पर मौजूद रहे।

आए हुए सभी अतिथियों को कमेटी के द्वारा फूल और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नथुनी पासवान ने किया उन्होंने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर दुगोला चैता का आयोजन किया गया है और अपनी लोक संस्कृति और चैता परंपरा को जिंदा रखने के लिए हर साल ये आयोजन कराते हैं।

ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है। कलाकारों को मंच देना हम सबकी जिम्मेदारी है। आयोजन समिति ने बताया कि मुकाबला बराबरी पर छूटा और दोनों व्यासों को अंगवस्त्र फूल माला और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## प्राथमिक विद्यालय मलपुरा में चारदीवारी का उद्घाटन, विधायक ने किया शुभारंभ



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास** : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मलपुरा में नवनिर्मित चारदीवारी का उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता एचएम जयंती कुमारी व संचालन शिक्षक रजनीश सिंह ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर की गई,जिससे माहौल उत्साहपूर्ण हो गया । अपने संबोधन में विधायक ने विद्यालय की व्यवस्था एवं शिक्षा के स्तर की सराहना करते हुए कहा कि यहां का शैक्षणिक वातावरण अत्यंत ही प्रशंसनीय है । उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया तथा बच्चों को और बेहतर शिक्षा देने की अपील की । विधायक ने कहा कि चारदीवारी निर्माण से विद्यालय की सुरक्षा के साथ-साथ इसकी सुंदरता और गरिमा में भी वृद्धि हुई है । इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार ने विधायक निधि से हुए निर्माण पर आभार व्यक्त किया है । इस मौके पर सोनवर्षा मुखिया राजीव रंजन सिंह,सतीश चंद्र,शिक्षक मनोज कुमार,विकास सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम के दौरान कलाकार एवं अभिभावक डॉ.बिंदेश्वरी ने 'हमारा विद्यालय,हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत विद्यालय की स्वच्छता,शिक्षा और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए और विद्यालय की सराहना की । वहीं सोनवर्षा के पूर्व मुखिया अवधेश चौधरी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने वाले शिक्षक रजनीश सिंह के प्रयासों की भी सभी ने सराहना की ।

## दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में चार घायल, दो की स्थिति चिंताजनक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पथ पर बलथरी मोड़ के समीप रविवार की देर शाम तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में दो लोगों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों में नीतीश कुमार पिता जनार्दन प्रजापति तथा राहुल कुमार पिता अशोक शाह ग्राम करगहर के बताए गए हैं। जबकि डब्लू कुमार पिता अमिका पासवान तथा पप्पू कुमार पिता जितेंद्र राम दोनों ग्राम डिभीया के बताए गए हैं।

घटना के बारे में बताया जाता है कि नीतीश कुमार और राहुल कुमार अपने बाइक आर वन 5 से किसी निजी कार्य से कोचस जा रहे थे इसकी क्रम मे डब्लू कुमार और पप्पू कुमार अपने बाइक से कोचस से सामान की खरीदारी कर अपने घर डिभिया वापस लौट रहे थे, तभी दोनों बाईकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी को उपचार के लिए कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने उपचार उपरांत सभी का स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार और राहुल कुमार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक घायलों में किसी की भी मौत की सूचना प्राप्त नहीं हुई थी।

# विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित संघ के सदस्यों को भी इस पत्रिका को लेने हेतु प्रेरित किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास** : बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ अनुमंडल शाखा बिक्रमगंज रोहतास की बैठक इंटर स्तरीय विद्यालय बिक्रमगंज में अनुमंडल अध्यक्ष सह प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय नोनहर नवीन कुमार नवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । संचालन अनुमंडल सचिव अविनाश कुमार ने किया । जिला उपाध्यक्ष नेसार अहमद,जिला सचिव सतीश कुमार पांडेय,जिला कोषाध्यक्ष अशोक तिवारी,जिला मूल्यांकन सचिव धर्मराज सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई । इस विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक स्वर्गीय अनिल कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई । उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवपुर की प्रधानाध्यापिका नीलम चतुर्वेदी ने संगठन की मजबूती को सबसे बड़ी मांग बताया । बैठक में निम्न प्रस्ताव पारित हुए जिसमें सदस्यता अभियान हेतु सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं सचिव को आज ही रसीद दे दी जाए तथा इसकी शुरुआत इसी बैठक से की जाए । प्राच्य प्रभा का प्रचार प्रसार संगठन को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण साधन है । इस पत्रिका में शिक्षा एवं शिक्षकों की बेहतरी के लिए संगठन की कार्रवाइयों सहित विभागीय पत्रों का संकलन आदि रहता है । अतः विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित संघ के सदस्यों को भी इस पत्रिका को लेने हेतु प्रेरित किया जाए । ऐसे विद्यालय जहां प्रश्न पत्र का बकाया है उन विद्यालयों के प्रधानों से संपर्क किया जाए,अन्यथा की स्थिति में ऐसे विद्यालयों के प्रधानों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई हेतु राज्य संघ को प्रेषित किया जाए । उक्त बैठक में प्रखंड अध्यक्ष नासरीगंज अरुण कुमार सिंह,प्रखंड सचिव काराकाट कुश कुमार त्रिपाठी,प्रखंड सचिव बिक्रमगंज मनोरंजन शर्मा,उच्च माध्यमिक विद्यालय सिकरिया के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार,दिनेश सिंह,सुनील कुमार,विजय राज, बहादुर सिंह,लाल बहादुर सिंह, दीपक कुमार,मोहम्मद दाऊद सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे ।

# काली माता पूजा समिति ने मनाया भगवान परशुराम की जयन्ती

- **मंदिर प्रांगण में विधि विधान से पूजा पाठ कर श्रद्धालु भक्तों ने लिया आशीर्वाद**
- **ब्राह्मण एकता को सुदृढ़ करने एवं दहेज मुक्त शादी का युवाओं ने लिया संकल्प**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर।** क्षेत्र के पकड़ी गांव स्थित काली माता मंदिर प्रांगण में गांव निवासी अचार्य सम्भू महात्मा,पैक्स अध्यक्ष गोलू तिवारी,लालबाबु तिवारी गांव के पुरोहित अंजनी स्वामी,गोपाल जी के नेतृत्व में मंगलवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जयंती मनाई गई. इस अवसर पर भगवान परशुराम के वंशज ब्राह्मण पुत्रों ने उनची तस्वीर लगाकर विधि पूर्वक पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया.इस अवसर पर युवाओं ने ब्राह्मण एकता को सुदृढ़ करने के लिए दहेज मुक्त शादी करने का संकल्प दोहराया.

मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए अंजय ब्रहमचारी नवीन गौतम,श्याम बिहारी तिवारी, शशिकान्त उर्फ घुरहू बाबा,बिपिन पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीहरि का छठे अवतरण वैशाख मास की शुक्ल पक्ष तृतीया,जो अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध है,इसी दिन को राम रूप में अवतरित हुए.कालांतर में उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्राप्त परशु को अस्त्र रूप में धारण किया. तभी से परशुराम कहलाए.

भगवान परशुराम ने उस समय अहंकारी हो चुके राजाओं का 21 बार संहार करते हुए उन्हें दंडित करके पृथ्वी पर सत्य,दया,करुणा व धर्म की स्थापना करते हुए संपूर्ण मानव जाति को निर्भय करने का कार्य किया. मौके पर बिपिन बिहारी तिवारी,श्रीकान्त तिवारी, मनोज तिवारी, धनंजय तिवारी, रंजन तिवारी, कृष्ण मोहन लाल, पृतंजय चौबे, राजा बाबू, अमीत तिवारी, कृष्ण वर्धन तिवारी, रिशुराज तिवारी, सिंटू तिवारी, अखिलेश्वर तिवारी, अभिषेक तिवारी, छोटू तिवारी, भुअर तिवारी, प्रेम शंकर, मनोज तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे.

## धूमधाम से भगवान परशुराम की मनाई गई जयंती



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी /रोहतास** । मानवता सेवा संघ के तत्वधान में मंगितपुर में स्थापित भगवान परशुराम मंदिर में धूमधाम से भगवान परशुराम जयंती मनाई गई।भगवान परशुराम के साधना स्थल माने जाने वाले रोहतास की धरती पर डेहरी अनुमंडल के मंगीतपुर में तथा बिक्रमगंज अनुमंडल के दिनारा में डिहरी अनुमंडल मुख्यालय में मनाया गया। मानवता सेवा संघ से जुड़े लोगों ने भगवान परशुराम की जंयती पर उनके उद्देश्य का अनुपालन करने का संकल्प लिया।भगवान परशुराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि शंकर पांडेय और संचालन प्रदीप पांडेय ने किया । आए हुए मुख्य अतिथियों को ग्रामीणों के द्वारा फूल माला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि शैलेंद्र ओझा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया श्री ओझा ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम को बताए गए मार्गों पर चलने का हवन किया मानवता सेवा संघ के मार्गदर्शक फरिंद त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ और शास्त्र दोनों की ज्ञान रखना जरूरी है। मानवता सेवा संघ के रविकांत तिवारी ,रजनीकांत पांडेय , अरविंद पांडेय, निरंजन पांडेय ,रौशन चौबे,अमित पाण्डेय शाहिद सैकड़ो विप्र बन्धु कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वधान में दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव महासभा भवन तेतरी धाम निर्मल धाम तेतरी में धूमधाम से मनाया गया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**सासाराम / रोहतास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वधान में दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव महासभा भवन तेतरी धाम निर्मल धाम तेतरी में धूमधाम से मनाया गया आयोजन का प्रारंभ 18 अप्रैल 2026 को सुबह 8:00 बजे भगवान परशुराम की विधिवत पूजा के उपरांत अखंड मानस पाठ के साथ प्रारंभ हुआ महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी तथा महासचिव संतोष मिश्रा कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थिति विप्र जनों को अंग वस्त्र प्रदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की जबकि भगवान परशुराम की पूजा विद्वान आचार्य शशिकांत तिवारी के निर्देशानुसार महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ उमाकांत चतुर्वेदी ने किया कार्यक्रम का संयोजन आदरणीय लक्ष्मण दुबे उर्फ लाखन बाबा एवं निर्मल बाबा के बड़े सुपुत्र विभूति नारायण दुबे की देखरेख में संपन्न हुआ 18 अप्रैल के प्रातः 8:00 बजे से ही जिले के सैकड़ो विप्र जनों की उपस्थिति रही आगंतुक विप्रजनों के जलपान एवं भोजन की व्यवस्था विभूति नारायण दुबे के द्वारा की गई कार्यक्रम की सफलता में संगठन मंत्री बुटस तिवारी ,उपाध्यक्ष पारसनाथ तिवारी , जिला पार्षद नोखा पश्चिमी मेलु मिश्रा संयुक्त सचिव शशिकांत चौबे कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय , राजेश कुमार तिवारी, परशुराम तिवारी ,वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र पांडेय का सहयोग सराहनीय रहा 19 अप्रैल को मानस पाठ के समापन के उपरांत कमेटी के सभी सक्रिय लोगों ने हवन कर जय परशुराम के जय घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात आयोजित भंडारे में आगंतुक सभी लोगों को भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस दिव्य कार्यक्रम में धनंजय मिश्रा , रितेश तिवारी ,कामेश्वर चौबे ,श्री राम चतुर्वेदी, अशोक तिवारी ,राम जी मिश्रा ,अजय कुमार मिश्रा ,परमहंस तिवारी , पंडित आचार्य दीनदयाल त्रिपाठी, ओमप्रकाश तिवारी ,जितेंद्र तिवारी , संजय कुमार पांडेय , पत्रकार संजय तिवारी ,बृजेश पांडेय , परशुराम तिवारी ,बृजभूषण तिवारी , मनोज तिवारी ,जगन्नाथ पांडेय , त्रिलोक पांडेय , जितेंद्र तिवारी , ललन पाठक , शशिकांत मिश्रा , शिव मंगल दुबे , अभिनव कुमार नीरज, निरंजन कुमार तिवारी ,कृष्णा पांडेय ,चंदन तिवारी उर्फ सनातनी चंदन बाबा , कृष्ण मुरारी मिश्रा , बृजेश चौबे , अखिलेश तिवारी , दयानंद तिवारी , विजय कुमार पांडेय ,मदन मोहन तिवारी, महेंद्र पांडेय , हनुमान मिश्रा, अमित भारद्वाज ,संतोष पांडेय , रमाकांत दुबे, अवध किशोर पांडेय , विजेंद्र तिवारी, रमेश चौबे , राजेश कुमार मिश्रा, परमानंद चौबे , रवि रंजन पाठक , आनंद तिवारी , दुर्गेश तिवारी , रोहित कुमार दुबे, विजय कुमार दुबे ,मनीष कुमार चौबे, वीरेंद्र चौबे , मोनू पांडेय , हर्ष मिश्रा , वैभव , दीपक शुक्ला, विष्णु दत्त शुक्ला , मिथिलेश पाठक , राजनाथ ओझा , कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहतास जयप्रकाश पांडेय , राम , मुकेश कुमार पांडेय , नरेंद्र तिवारी ,विजय कुमार पांडेय , धनंजय कुमार पांडेय,विनोद उपाध्याय ,सुधांशु तिवारी , सुशील पाठक , पंकज कुमार पाठक , डॉक्टर आमोद तिवारी ,दुर्गेश चौबे ,सूर्य देव तिवारी, अजय कुमार तिवारी , दिग्विजय तिवारी , विनोद तिवारी ,रामानंद दुबे, रामचंद्र दास ,बृजकिशोर तिवारी, महेंद्र पांडेय ,कन्हैया उपाध्याय ,राजनाथ दुबे , संजय कुमार तिवारी , प्रीतम चौबे, संजीत कुमार , रविकांत तिवारी , अभिषेक कुमार तिवारी ,विवेक कुमार दुबे , दीनदयाल चौबे, उमेश शर्मा , रविकांत मिश्रा ,शशि दुबे,सनातनी टुनटुन तिवारी , प्रेम पांडेय , अमन पांडेय , कालिका तिवारी , चाणक्य चेतना परिषद के अमरनाथ दुबे, सूरज कुमार दुबे ,मुकुल पाठक , तिवारी श्वेत केतु सहित लगभग 500 विप्र बंधुओं की उपस्थिति से आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### साइना नेहवाल ने स्कूल का उद्घाटन किया

**बांका।** भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने रविवार को बांका शहर में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर साइना नेहवाल ने कहा कि यदि वह बिल पारित हो जाता तो यह देश के लिए एक सकारात्मक कदम होता। उन्होंने कहा कि स्कूल के उद्घाटन पर आए हुए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे और प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी।

**कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत समारोह से हुई:** स्कूल परिसर में उत्सव जैसा माहौल था, जहां छात्रों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत समारोह से हुई। स्कूल के अध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने दोनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। साइना नेहवाल के आगमन की खबर से जिले में पहले से ही चर्चा थी, जिसके कारण बड़ी संख्या में युवा, खेल प्रेमी और स्थानीय लोग उन्हें देखने पहुंचे। अपने संबोधन में साइना नेहवाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी जीवन का अहम हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है।

**महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी अपनी राय रखी:** इस दौरान उन्होंने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी अपनी राय रखी। साइना ने कहा कि यदि संबंधित बिल पारित हो जाता, तो यह देश के लिए एक सकारात्मक कदम होता। उन्होंने बताया कि वह खुद एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही हैं और खिलाड़ियों की चुनौतियों को करीब से समझती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के हित में बेहतर नीतियों और प्रभावी फैसलों की आवश्यकता पर जोर दिया और सरकार से इस दिशा में गंभीर प्रयास करने की अपील की। अपने अनुभव साझा करते हुए साइना नेहवाल ने कहा कि वह पहली बार बांका आई हैं और उन्हें यहां आकर बेहद अच्छा लगा। उन्होंने बांका को एक सुंदर और शांत शहर बताया। साथ ही, उन्होंने झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम में दर्शन कर आध्यात्मिक सुख की अनुभूति होने की बात भी कही।

### 5 दुकान जलकर राख

**बेगूसराय।** बेगूसराय के बलिया नगर परिषद क्षेत्र में आग लगने से पांच दुकान जलकर राख हो गई। करीब 15 से 20 लाख का नुकसान हुआ है। ढाई घंटे की मशक्कत के बाग आग पर काबू पाया गया। तब तक सब खत्म हो चुका था। घटना ठाकुरबाड़ी मार्केट की है। सुबह करीब 5 बजे अशोक स्वर्णकार के मां लक्ष्मी ज्वेलर्स में लोगों ने आग लगा देखा तो हड़कंप मच गया। हल्ला होते ही भीड़ जुटी। आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। काफी तेजी के साथ आग की लपटें ने पांच दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों मौके पर पहुंची।

**बिजली की सप्लाई रोक दी गई:** आग लगने का स्पष्ट कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि छप्पर से धुआं निकल रहा था। जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। इसके बिजली की सप्लाई रोक दी गई । बलिया एसडीओ तरनीजा ने तुरंत बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को घटनास्थल पर भेजा। आग पर ढाई घंटे में काबू पा लिया गया। अगर इस भीषण अग्निकांड को नहीं रोका जाता तो मार्केट में शेष बचा 5-7 और दुकान जलकर राख हो गया होता। पीड़ित दुकानदार और उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### प्राचार्य करा सकेंगे महिला विंग में कक्षा संचालन

**भागलपुर|** मारवाड़ी कॉलेज की महिला विंग में प्राचार्य कक्षाओं का संचालन करा सकेंगे। कमरों की कमी के कारण कॉलेज शिक्षक संघ की मांग प्राचार्य प्रो. संजय कुमार झा ने टीएमबीयू से इसकी अनुमति मांगी थी। रजिस्ट्रार प्रो. रामाशीष पूर्वे ने उन्हें जवाबी पत्र में कहा है कि इस मामले में विवि हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। यह प्राचार्य का अधिकार क्षेत्र है। प्राचार्य विंग में कक्षा का संचालन कराने के लिए अधिकृत हैं। प्राचार्य ने कहा कि विवि से जारी पात्र के आधार पर वे कक्षा संचालन की प्रक्रिया करेंगे। हालांकि मारवाड़ी पाठशाला वित्ती कमेटी के सज्जन किशोरपुरिया ने इसे गलत कहा है। उन्होंने कहा है कि करार के मुताबिक विंग में केवल महिलाओं से जुड़े कोर्स चलाने हैं। इस मामले को विवि में रखा जाएगा। दरअसल इस विंग का निर्माण वित्ती कमेटी के प्रयास और सहयोग से ही हुआ था।

### विश्व विरासत दिवस पर प्रतिज्ञा समारोह आयोजित

**भागलपुर|** टीएमबीयू के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग में विश्व विरासत दिवस पर कार्यक्रम सह प्रतिज्ञा समारोह आयोजित किया गया। शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और कुलगीत से हुई। विभागाध्यक्ष पवन शेखर ने कहा, "किसी भी राष्ट्र का इतिहास उसके वर्तमान और भविष्य की नींव होता है। बीता कल लौटता नहीं, पर विरासत हमेशा जीवंत रहती है। उन्होंने छात्रों से कहा, "अपने गांव या पंचायत स्तर पर विरासत स्थलों की पहचान कर उनका विवरण तैयार करें, यही जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। सहायक प्राध्यापक उमेश तिवारी ने कहा, मूर्त और अमूर्त दोनों धरोहरों, जैसे भाषा, गीत और परंपराओं का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लेकर विरासत की रक्षा की प्रतिज्ञा दोहराई।

### सेंट पॉल एकेडमी: शत-प्रतिशत रहा सीबीएससी 10वीं का रिजल्ट

**भागलपुर|** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परिणाम में सेंट पॉल एकेडमी, दरियापुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा है। विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान मजबूत की है। इस वर्ष के परिणाम में सुमित कुमार ने 81.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद आयुष कुमार मिश्रा (79%) और श्रुति सिंह (77.2%) ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य सफल विद्यार्थियों में दीपिका राज (76.4%), गुलशन कुमार पांडेय (75.2%), अनिशा प्रिया (74.4%), अमन कुमार (72%), अजफर रजा (72%) और पलक कुमारी (70.6%) शामिल हैं। प्राचार्य राजीव प्रसाद ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। विद्यालय के सचिव डॉ. बैजल माइकल क्वाड्रोस ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### कमेटी ने वीक्षकों को बचाया, सिर्फ चेतावनी, छात्रा निष्कासित

**भागलपुर।** मारवाड़ी कॉलेज में परीक्षा में नकल का वीडियो वायरल होने की जांच करने वाली कमेटी ने वीक्षकों को बचा लिया। कमेटी में संयोजक से लेकर सभी सदस्य शिक्षक थे। इन्होंने शनिवार को रिपोर्ट दी जिसके आधार पर कॉलेज प्रशासन ने छात्रा को परीक्षा से निष्कासित कर दिया और वीक्षकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। सारी गलती छात्रा की बताई गई। उसे दोबारा ऐसा करने पर नामांकन रद्द करने की चेतावनी भी दी गई। प्राचार्य प्रो. संजय कुमार झा ने 15 अप्रैल को हुई इस परीक्षा को रद्द कर दिया। यह अब 22 अप्रैल को होगी। कॉलेज में 15 अप्रैल को स्नातक के सत्र 2024-28 के तीसरे सेमेस्टर की मिड सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा में शामिल छात्रा का वीडियो अगले दिन वायरल हुआ था। इसमें वह मोबाइल से नकल करती, कॉपी पर लिखे उत्तर देखती और सेल्फी बनाती दिखी थी। प्राचार्य ने जांच के लिए दो दिन पहले कमेटी बनाई थी। कमेटी के संयोजक डॉ. संगीत कुमार, सदस्य डॉ. स्वस्तिका दास, डॉ. भवेश कुमार, डॉ. अक्षय रंजन, अदिति प्रिया सभी इसी कॉलेज के शिक्षक हैं। वीक्षक भी यहीं के थे। वीक्षकों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ा परीक्षा की ड्यूटी में लगाए गए एक नियमित और एक गेस्ट फैकल्टी को प्राचार्य ने चेतावनी दी। उन्हें पत्र देकर कहा गया कि परीक्षा में मोबाइल ले जाना मना है। लेकिन छात्रा मोबाइल लेकर गई। इस तरह की लापरवाही दोबारा हुई तो अनुशासनिक कार्रवाई के लिए विवि को लिखा जाएगा। प्राचार्य ने कहा कि छात्रा पर कार्रवाई और वीक्षक को चेतावनी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दी गई है। मामले की रिपोर्ट टीएमबीयू के डीएसडब्ल्यू को भेजी गई है।

# गर्लफ्रेंड के लिए युवक चढ़ा हाईटेंशन बिजली टावर पर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में प्रेमिका के लिए एक युवक हाई टेंशन बिजली टावर पर चढ़ गया। सुबह से दोपहर तक तक बैठा रहा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह बहला-फुसलाकर नीचे उतारा गया। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के शिवनंदनपुर गांव की है। बताया जा रहा है कि रविवार की अहले सुबह करीब 4:00 बजे अरुण कुमार (22) टावर पर चढ़ा था। पूर्णिया का रहने वाला है। सुल्तानगंज में रहकर बिजली मिस्त्री का काम करता है। पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक लड़की से प्रेम करता है। उसकी शादी कहीं और तय हो गई है। जिसके चलते नाराज था। मौके पर बार-बार प्रेमिका को बुलाने का मांग कर रहा था।



**गर्लफ्रेंड की बुलाने की मांग कर रहा था:** स्थानीय निवासी मनीष कुमार यादव ने बताया कि किसी काम से बाहर जा रहा था। सिमनंदनपुर, मिर्जा चौकी फोर लेन रोड के पास हाई-टेंशन टावर पर एक युवक नजर आया। धीरे-धीरे आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी। काफी देर तक टावर पर बैठा रहा। नीचे उतरने का नाम ही नहीं ले रहा था। जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। युवक को नीचे उतरने के लिए बोला गया, लेकिन वो किसी को सुनने के लिए तैयार नहीं था। कह रहा था कि मेरी गर्लफ्रेंड को बुला दो, उसकी शादी कहीं और तय हो गई है। घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह नीचे उतरा। युवक से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में सुल्तानगंज इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन बात नहीं हो सकी है।

**प्रेमिका से शादी की जिद पर टावर पर चढ़ा था:** भागलपुर में दो दिनों में यह दूसरी घटना है। इससे पहले गुरुवार को जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बलुआचक में प्रेमिका से शादी की जिद पर एक युवक टावर पर चढ़ा था। करीब 6 घंटे तक टावर पर रहा, काफी समझाने के बाद नीचे उतरा था।

**बिहार में 43 दिनों में 12 वां मामला:** 06 मार्च: गोपालगंज के बनकटा जागीरदारी गांव में युवती प्रेमी की रिहाई के लिए टावर पर चढ़ गई। 16 मार्च: वैशाली जिले के बिदुपुर में एक युवक प्रेमिका से शादी रचाने करने की जिद में टावर पर चढ़ गया था। 01 अप्रैल: मुजफ्फरपुर जंक्शन के पास युवक टावर पर चढ़ गया और प्रेमिका को बुलाने की मांग करने लगा।

## जहरीले सांप ने बच्चे को काटा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में जहरीले सांप ने 12 साल के बच्चे को काट लिया। परिजन आनन-फानन में बाइक से मायागंज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मनियारपुर निवासी रतन कुमार सिंह के पुत्र आयुष कुमार(12) के तौर पर हुई है। मानसिक रूप से बीमार था। घटना सजौर थाना क्षेत्र की है।

**अस्पताल में भटकता रहा:** पिता रतन कुमार सिंह ने बताया कि बेटा घर के पास खेल रहा था। अचानक उसे सांप ने काट लिया। दादा ने पैर से खून निकलते देखा। जिसके बाद मुझे जानकारी दी गई। फिर पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल मायागंज लेकर पहुंचा। यहां न तो सही से ट्रीटमेंट किया गया, न इंजेक्शन दिया गया। न ही एंबुलेंस की सुविधा दी गई। बेटे को गोद में लेकर इधर-उधर भागता रहा। बच्चे की जान नहीं बची। बाइक से ही पोस्टमार्टम हाउस तक लेकर गए। हमारी किसी ने नहीं सुनी। यहां लापरवाही की हद है।

**घर में मचा कोहराम:** किशोर चार भाई बहन में सबसे बड़े थे। पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की सूचना पर बरारी पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की जा रही है। बच्चे को गोद में लेकर अस्पताल में घूमते पिता।

## इलाज के दौरान युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के बलिया इलाके में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर लीकेज से लगी आग की चपेट में आने अब तक 3 लोगों की मौत हो गई है। परिवार के एक और सदस्य रूपेश कुमार (27) की मौत शनिवार देर रात इलाज के दौरान हो गई। हादसा 18 मार्च की रात करीब 8:30 बजे नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर- 5 छोटी बलिया गाछी टोला में हुआ था। जहां मनोहर कुमार रजक के घर में रात का खाना बन रहा था। इसी दौरान गैस चूल्हे के पाइप से अचानक रिसाव शुरू हो गया। जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते, कमरे में फैली गैस से आग ने भीषण रूप ले लिया।



**नंदनी कुमारी का चल रहा है इलाज:** इस हादसे में अमर कुमार, रूपेश कुमार, वंदना कुमारी, नंदनी कुमारी सहित पांच लोग बुरी तरह झुलस गए थे। घटना के बाद सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बेगूसराय लाया गया था। जहां सबसे पहले अमर कुमार रजक ने दम तोड़ा। करीब एक सप्ताह तक इलाज के बाद वंदना की जान चली गई। रूपेश की स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। जहां शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। परिजन प्रिंस कुमार ने बताया कि हम सबको लगा था कि रूपेश अब ठीक होकर घर लौट आएगा, लेकिन ऊपर वाले को कुछ और ही मंजूर था। एक महीने के अंदर परिवार ने तीन चिराग खो दिए। परिवार की एक और बच्ची नंदनी कुमारी अभी भी अस्पताल में भर्ती है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**सावधानी ही बचाव है:** गैस सिलेंडर से होने वाले हादसों को रोकने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना है बहुत जरूरी। नियमित जांच- गैस पाइप (सुरक्षा पाइप) की हर 6 महीने में जांच करें और दरार दिखने पर तुरंत बदलें। रखें स्विच ऑफ- रात को सोने से पहले या घर से बाहर जाते समय रेगुलेटर को हमेशा बंद रखें। दुर्गंध आने पर- अगर गैस की महक आए, तो बिजली के स्विच न छुएं, माचिस न जलाएं। तुरंत घर के सभी खिड़की-दरवाजे खोल दें।

## एसटीएफ की बेगूसराय में बड़ी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की है। बेगूसराय-भोजपुर पुलिस और STF की संयुक्त टीम ने चोरी के आभूषण खरीदने वाले मुख्य आरोपी को बरौनी से गिरफ्तार किया है। भारी मात्रा में चांदी के बिस्किट और अन्य आभूषण बरामद किए हैं। वजन 26.300 किलो से ज्यादा बताया जा रहा है। आरोपी अशोक साह फुलवरिया वार्ड नंबर-12 के रहने वाला है। आलू चट्टी रोड में पंचवटी ज्वेलर्स के नाम से दुकान चलाता है। जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को भोजपुर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र में एक आभूषण दुकान में शटरकटवा गैंग ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस और सूचनाओं के आधार पर यूपी के सहजनपुर जिले के निघोई थाना क्षेत्र स्थित बलरामपुर गांव निवासी सोनपाल को गिरफ्तार किया

**चोरी के बाद बेगूसराय में बेचा था सामान:** सोनपाल ने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि 18 फरवरी को भोजपुर में की गई चोरी के बाद उसने सारा कीमती सामान पंचवटी ज्वेलर्स के मालिक अशोक साह को बेच दिया था। सोनपाल की निशानदेही पर STF और दोनों जिलों की पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने अशोक साह के



घर और शॉप में छापेमारी की। 26.300 किलो चांदी के आभूषण और चांदी के बिस्किट बरामद किए गए हैं। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस गैंग ने और कहां-कहां चोरी की है। कितने कारोबारी इनके संपर्क में थे।

**संगठित गिरोह से जुड़ा हुआ था:** पुलिस का कहना है कि अशोक साह न सिर्फ चोरी के सामान की खरीद में शामिल था, बल्कि उसे ठिकाने लगाने में भी भूमिका निभा रहा था। उसके पास से बरामद आभूषण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वह संगठित गिरोह से जुड़ा हुआ था। एसटीएफ और जिला पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

## डीएम विनोद दूहन ने फारबिसगंज के कई कार्यालयों का किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने फारबिसगंज प्रखंड स्थित प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय और मनरेगा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, अभिलेखों के संधारण और कर्मियों की उपस्थिति की विस्तृत समीक्षा की। डीएम ने सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि बायोमेट्रिक उपस्थिति नियमित रूप से दर्ज की जाए और समय का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रोकड़ पंजी सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों को नियमानुसार अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया।



**लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त:** जिलाधिकारी विनोद दूहन ने स्पष्ट किया कि अभिलेखों का सही और समयबद्ध संधारण प्रशासनिक पारदर्शिता तथा जवाबदेही को मजबूत बनाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों में आए आम आगंतुकों से भी सीधा संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निपटान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार परेशानी न झेलनी पड़े।

**जनसेवा की भावना को बढ़ावा देने उद्देश्य:** उन्होंने साफ-सफाई, बेहतर कार्य संस्कृति और जनसेवा की भावना को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। डीएम ने कहा कि कार्यालयों में सकारात्मक और अनुशासित वातावरण बनाए रखना हर अधिकारी-कर्मचारी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी सह सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज, सहायक कोषागार पदाधिकारी अररिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी फारबिसगंज, अंचलाधिकारी फारबिसगंज और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी फारबिसगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी विनोद दूहन के इस सक्रिय निरीक्षण की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि ऐसे नियमित निरीक्षण से सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा और आमजन को सुशासन का लाभ मिलेगा। डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनसेवा ही सरकार की प्राथमिकता है और कोई भी लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## एजेंसी में गैस उपभोक्ताओं ने किया हंगामा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत दूसरे दिन भी बनी रही, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को शहर के इंडिया अनुराधा गैस गोदाम पर सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए और लंबी कतारें लग गईं। उपभोक्ता सुबह 9 बजे से ही तपती धूप में खड़े रहे, लेकिन पांच से छह घंटे बीत जाने के बावजूद अधिकांश लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल सका। स्थिति तब और बिगड़ गई जब लंबे इंतजार के बाद भी वितरण व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई और लोगों में आक्रोश बढ़ने लगा। गैस की कमी और अव्यवस्था से नाराज उपभोक्ताओं ने गोदाम परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को संभालने के लिए डायल 112 की पुलिस टीम को बुलाना पड़ा। पुलिस के पहुंचने के बाद किसी तरह लोगों को शांत कराया गया और लाइन में लगे उपभोक्ताओं के बीच गैस वितरण की प्रक्रिया शुरू कराई गई। इसके बावजूद भी कई उपभोक्ता घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ लौटने को मजबूर दिखे।

**5 दिनों से गैस के लिए लगा रहे चक्कर:** उपभोक्ता रुस्तम कुमार ने बताया कि वे ओडाढी गांव से आए हैं। उनके गांव में गैस की आपूर्ति नहीं हो रही है। सुबह फोन करने पर एजेंसी की ओर से आने की बात कही जाती है, लेकिन दोपहर होते-होते मना कर दिया जाता है। एजेंसी आकर सिलेंडर लेने को कहा जाता है। वे पिछले 5 दिनों से लगातार गैस के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिल पाया है। डीएसी नंबर होने के बावजूद न तो घर तक गैस पहुंच रही है और न ही एजेंसी पर आसानी से मिल रहा है। वहीं, दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि वे नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-17, पुरानी दुर्गास्थान से आए हैं। वे सुबह 7 बजे से गैस लेने के लिए लाइन में खड़े हैं, लेकिन दोपहर 1:30 बजे तक भी उन्हें गैस नहीं मिल सका, जबकि गैस की गाड़ी सुबह ही पहुंच चुकी थी। उन्होंने कहा कि काफी देर इंतजार के बाद 112 पर कॉल किया गया, जिसके बाद पुलिस के आने पर वितरण शुरू हुआ। इसके बावजूद कई लोगों को अब तक गैस नहीं मिल पाया है। शर्मा ने बताया कि उनका सिलेंडर 5 तारीख को बुक हुआ था और डीएसी नंबर भी मिल चुका है, फिर भी घर तक गैस की डिलीवरी नहीं की जा रही है। उन्होंने एजेंसी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी वजह से आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि क्षेत्र में एक और गैस एजेंसी खुलती है तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि जिले में गैस और पेट्रोल डीजल की नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस का वितरण एजेंसियों की ओर से किया जा रहा है। बुकिंग की अपेक्षा ज्यादा संख्या में गैस सिलेंडर की डिलीवर की जा रही है। बुकिंग में भी कमी दर्ज की गई है।

## 700 ग्राम स्मैक बरामद, 13 अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया पुलिस ने जिले को ड्रग्स मुक्त बनाने और युवाओं को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से स्मैक के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस 'मिशन मोड' अभियान के तहत, पिछले चार दिनों में 700 ग्राम स्मैक बरामद की गई है और 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि अभियान शुरू होने के बाद से बरामदगी और गिरफ्तारियों में लगातार वृद्धि हो रही है। उनके निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारी, अंचल पुलिस निरीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी इस अभियान में शामिल हैं। एसपी जितेंद्र कुमार ने स्मैक को विशेष रूप से निशाना बनाने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि स्मैक की बरामदगी पुलिसिंग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटे बच्चे और युवा इसकी लत में आसानी से फंस जाते हैं, जिससे उन्हें बाहर निकालना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसलिए पुलिस ने स्मैक पर विशेष प्रहार किया है।



**सूनचाओं के आधार पर बरामदगी:** उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के तहत आज भी कई जगहों पर बरामदगी हुई है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। एसपी ने अभियान की सफलता का श्रेय गुप्त सूचनाओं को दिया। उन्होंने कहा कि सभी बरामदगियां आमजन से मिली गुप्त सूचनाओं पर आधारित हैं, और पुलिस हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर रही है। जितेंद्र कुमार ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास स्मैक की तस्करी, बिक्री या सेवन की कोई घटना हो रही हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

♦ **पुलिस ने मिशन मोड चलाया अभियान, एसपी बोले-नशा स्कूली बच्चों तक पहुंच रहा**

**नशा तस्करों के खिलाफ जंग जारी:** उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता का सहयोग ही इस अभियान को और अधिक प्रभावी बना सकता है। एसपी ने दोहराया कि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की जंग बिना रुके जारी रहेगी, क्योंकि अररिया जिले में नशे की समस्या युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही है। स्मैक जैसा सस्ता और आसानी से उपलब्ध नशा स्कूली बच्चों तक पहुंच रहा है, जिससे परिवारों में आर्थिक और सामाजिक तनाव बढ़ रहा है। पुलिस का यह मिशन मोड अभियान न केवल तस्करों पर लगाम कसने का प्रयास है, बल्कि समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि सख्त कार्रवाई और जन सहयोग से जिले से नशे की जड़ें उखाड़ी जा सकती हैं। अभियान के दौरान और भी बड़ी बरामदगी की संभावना जताई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटी बैंक का ग्लूकोज़ वितरण चौथे दिन जारी

**आरा**। भीषण गर्मी के बीच आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों के लिए चलाया जा रहा ग्लूकोज़ सी वितरण अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान रिक्शा-ठेला चालकों, दिहाड़ी मजदूरों और राहगीरों को ठंडा पेय पिलाकर राहत पहुंचाई गई। संस्था के सदस्य कुमार मोहित ने बताया कि यह मुहिम पूरे गर्मी भर लगातार चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि कड़ी धूप में काम करने वाले लोगों के लिए एक ग्लास ग्लूकोज़ भी बड़ी राहत देता है। सचिव कमलेश तिवारी ने बताया कि संस्था हर साल इस तरह का अभियान चलाती है और इस बार अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### एईडीओ लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 19 केंद्रों पर रही कड़ी व्यवस्था

**आरा**। सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) की लिखित परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हो गई। इस परीक्षा के लिए शहर में कुल 19 केंद्र बनाए गए थे, जहां प्रशासन द्वारा सुरक्षा और निष्पक्षता को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. मानवेंद्र कुमार राय ने बताया कि यह परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जा रही है। द्वितीय चरण की परीक्षा 18 अप्रैल को सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें लगभग 40 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने आगे जानकारी दी कि तीसरे चरण की परीक्षा 20 एवं 21 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में ली जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा के लिए शहर के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों को केंद्र बनाया गया था। इनमें हित नारायण क्षत्रिय +2 स्कूल, राजकीयकृत श्री जैन कन्या पाठशाला +2 स्कूल, डॉ. नेमीचंद शास्त्री गर्ल्स +2 स्कूल, श्री हरखेन कुमार जैन ज्ञानस्थली स्कूल, +2 जिला स्कूल, राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय, मॉडल इंस्टिट्यूट +2 हाई स्कूल, टाउन +2 स्कूल, गोल्डन एरा इंटरनेशनल स्कूल, बीडी पब्लिक स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय मीरगंज, राम जानकी हाई स्कूल उदवंतनगर, ज्ञानोदय +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय (आरा-सलेमपुर रोड, बभनौली), अमीरचंद गर्ल्स +2 स्कूल, एसबी कॉलेज मौलाबाग, +2 उच्च विद्यालय करारी धोबहां बाजार, एचडी जैन कॉलेज, एसएन मेमोरियल स्कूल तथा एचपीडी जैन प्लस टू स्कूल आरा शामिल हैं। प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल और उड़नदस्ता टीम की तैनाती की गई थी, जिससे परीक्षा पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सकी। अधिकारियों ने परीक्षार्थियों से आगामी चरण की परीक्षाओं में समय से केंद्र पर पहुंचने और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### अचानक कुआं में गिरा युवक, पानी नहीं था,बची जान

**कोईलवर**। गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर बाजार के समीप शनिवार को एक युवक के सूखे कुएं में गिरने की घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद गीधा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। संयोग से कुआं में पानी नहीं था। ग्रामीणों के सहयोग से युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घायल युवक की पहचान मुनेश्वर यादव (पिता-सिपाही यादव), निवासी खुटहा चक, महेशपुर, जिला भागलपुर के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। भटकते हुए बीरमपुर बाजार पहुंच गया था। इसी दौरान असावधानीवश वह पास सूखे कुएं में गिर गया।

### बड़ौरा पंचायत के वार्ड में नल-जल योजना फेल

**गड़हनी**। प्रखंड गड़हनी के बड़ौरा पंचायत में 19 वार्ड है।लेकिन एक दो वार्डों छोड़ दें, तो किसी वार्ड में ग्रामीणों को नल-जल योजना के तहत ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। नल-जल योजना बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक था। लेकिन आज सिर्फ कागज पर चल रहा है। बड़ौरा पंचायत के बड़ौरा गांव में वार्ड 1 से लेकर 4 वार्ड हैं। लेकिन अभी किसी वार्ड में पानी नहीं चल रहा है। वार्ड नंबर-1 के टंकी में पहुंचाने वाला पाइप करीब एक महीना से टूटा हुआ है। लेकिन वार्ड पार्षद के कहने के बाद भी पीएचईडी के द्वारा नहीं बनाया गया। वार्ड नंबर-2,3 व 4 के भी कही पाइप टूटा हुआ है तो कही टोटी टूटा हुआ है। पंचायत के पहरपुर गांव में भी 13,14,15 व 16 कुल चार वार्ड है। लेकिन वहां भी कही पानी चालू नहीं है। पहरपुर निवासी पूर्व मुखिया श्यामकुमार मिश्रा ने बताया कि जब नल-जल योजना शुरू हुआ था उस समय ही कुछ दिनों तक चला था। लेकिन कही पाइप टूट गया, कही मोटर खराब हो गया तो ग्रामीणों को पानी मिलना बंद हो गया और आज भी बंद है। नल - जल योजना नहीं रिपेयर हुआ तो ग्रामीणों को गर्मी में होगा पानी का संकट वहीं पंचायत के शिवपुर गांव में 9 व 10 वार्ड है लेकिन एक का तो टंकी ही गायब है और दूसरा भी कभी चलता है कभी नहीं चलता है। शिवपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गया है लेकिन नल - जल कही काम नहीं कर रहा है अगले महीना में पानी का काफी संकट ग्रामीणों को झेलना पड़ेगा। पीएचडी विभाग को नल जल योजना का रिपेयर करने का काम मिला हुआ है लेकिन ग्रामीण व वार्ड कहते कहते थक जाते है जल्दी रिपेयर करने आते नहीं है। पीएचडी विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है कही भी पूर्ण रूप से रिपेयर का काम नहीं कर रहा है। प्रमुख के गांव में भी नल - जल योजना फेल वहीं पंचायत के सुअरी गांव के वार्ड 8 में दो नल - जल योजना है व वार्ड 7 में एक है। 8 वार्ड में सिर्फ मोटर लगाकर अधूरा छोड़ दिया गया है और दो पानी टंकी पूर्ण रूप से लगा है लेकिन चलता नहीं है। जबकि सुअरी गांव के ही गड़हनी प्रखंड प्रमुख विनोद सिंह यादव है। प्रमुख ने कहा कि मैं पीएचडी विभाग के जे ई को बोलते बोलते थक गए,कई बार कॉल किया लेकिन आज तक नल - जल रिपेयर कर चालू नहीं किया गया है। प्रमुख ने बताया मै इस संबंध में जिलाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराएंगे।

### सूर्य मंदिर में प्रेमी जोड़े ने की शादी

**आरा**। भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र स्थित बेलाउर सूर्य मंदिर में प्रेमी जोड़े ने शादी कर ली। लड़की घर से क्लास जाने की बात बोलकर निकली थी। लेकिन उसका प्रेमी पहले से ही शादी की पूरी तैयारी के साथ मंदिर पहुंचा हुआ था। शादी का वीडिया सामने आया है। जिसमें साफ दिख रहा है कि मंदिर परिसर में प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे को वरमाला पहनाते हैं। फिर युवक अपनी प्रेमिका की मांग में सिंदूर भरता है। दोपहर का समय होने के कारण मंदिर का मुख्य द्वार बंद था, बावजूद इसके दोनों ने भगवान सूर्य को साक्षी मानते हुए एक-दूसरे के साथ जीवनभर साथ निभाने की कसम खाई। वहां मौजूद कुछ युवकों ने इस पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह भावुक क्षण वहां मौजूद लोगों के साथ-साथ वीडियो देखने वालों को भी गहराई से छू रहा है।

**जांच में जुटी पुलिसः** वहीं, इस संबंध में उदवंतनगर थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश ने बताया कि वीडियो सामने आया है। चौकीदार को जांच के लिए बोला गया है। प्रेमी जोड़े की पहचान अभी नहीं हुई है। छानबीन की जा रही है।

**लोगों ने प्रेम और साहस की मिसाल बतायाः** इस वीडियो को लेकर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। एक ओर जहां कई लोग इसे सच्चे प्रेम और साहस की मिसाल बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ बुजुर्ग और स्थानीय लोग इसे सामाजिक परंपराओं और मर्यादाओं के खिलाफ मान रहे हैं।

### चोरी के 5 मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

**आरा**। आरपीएफ पोस्ट आरा के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार एवं राजकीय रेल थाना आरा के थानाध्यक्ष रणधीर कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के अंतर्गत दो अलग-अलग घटनाओं में कुल तीन यात्रियों के सामान चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपियों में आयर थाना के क्षेत्र के बलिगांव गांव के वार्ड नंबर 5 के निवासी फुसी शाह, शाहपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव के निवासी अमित कुमार गोंड और उत्तरप्रदेश मिर्जापुर देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के धौरूपुर गांव के निवासी आशीष चौहान शामिल है।

# वाहनों से ब्लैक फिल्म हटाई ट्रैफिक तोड़ने वालों पर जुर्माना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर शहर में शनिवार रात उस वक्त हलचल मच गई, जब पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम आर्य स्वयं अपने दल-बल के साथ सड़कों पर उतर आए। पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद एसपी ने खुद मोर्चा संभालते हुए शहर के प्रमुख स्थल ज्योति प्रकाश चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। उनके अचानक मैदान में उतरने से वाहन चालकों और आम लोगों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

**ज्योति प्रकाश चौक लगाई चेकिंगः** इस विशेष अभियान के तहत ज्योति प्रकाश चौक को पूरी तरह से जांच केंद्र में बदल दिया गया था। पुलिसकर्मियों ने चारों ओर घेरा बनाकर आने-जाने वाले हर वाहन को रोककर उसकी बारीकी से जांच की। एसपी शुभम आर्य स्वयं मौके पर मौजूद रहकर पूरे अभियान का नेतृत्व कर रहे थे, जिससे कार्रवाई में सख्ती और अनुशासन साफ झलक रहा था।

**ट्रिपल लोडिंग कर रहे युवकों को पकड़ाः** जांच के दौरान कई चारपहिया वाहनों पर लगी काली फिल्म (ब्लैक फिल्म) को मौके पर ही हटवाया गया। वहीं, बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। ट्रिपल लोडिंग कर रहे युवकों को भी नहीं छोड़ा गया और उनके खिलाफ नियमों के तहत चालान काटे गए। कई मामलों में एसपी ने खुद लोगों को फटकार लगाई, जिससे वहां मौजूद अन्य लोगों में भी जागरूकता और सतर्कता देखने को मिली। इस अभियान में एसडीपीओ गौरव कुमार पांडेय, नगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह सहित नगर थाना की पूरी टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। सभी अधिकारी मिलकर अभियान को सफल बनाने में जुटे रहे और लगातार वाहनों की जांच करते नजर आए।

**जमीनी स्तर पर लागू करें नियमः** गौरतलब है कि हाल ही में हुई एक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी (डीएम) ने सड़क सुरक्षा और राजस्व वसूली को लेकर सख्त निर्देश जारी किए थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे में एसपी का खुद सड़क पर उतरकर अभियान चलाना इस बात का संकेत है कि प्रशासन अब निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए जमीनी स्तर पर लागू कर रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि यह सख्ती केवल एक दिन के अभियान तक सीमित रहती है या इसे नियमित रूप से जारी रखा जाता है। फिलहाल, बक्सर की सड़कों पर दिखी इस सक्रियता ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले समय में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# किसान की संदिग्ध मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में संदिग्ध हालत में एक किसान की मौत हो गई। पत्नी ने गांव के 2 लोगों पर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान शिवलखन पासवान(42) के तौर पर हुई है। घटना पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव की है। पत्नी विजांती देवी ने बताया कि गांव के ही प्रकाश सिंह ने गुरुवार को फोन करके घर से बुलाया था। देर शाम तक नहीं लौटे। जिसके बाद खोजबीन शुरू की गई। सास के साथ प्रकाश के घर पर गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। कहा कि आप जाइए, आपके पति घर लौट आएंगे। उन्हें मारकर पेड़ पर लटका दिया गया। साजिश में गांव के जैन मुशहर भी शामिल है। शुक्रवार को शव गांव के बधार स्थित शीशम के पेड़ से लटका हुआ मिला था।

**घर से 200 मीटर दूर मिला शवः** मृतक के भतीजे विशाल कुमार ने बताया कि गेहूं के खेत में कटनी करने के लिए गए थे। जहां पर मोबाइल पर किसी का कॉल आया। जिसके बाद वह बाजार चले गए। बैंक से पैसा निकाला और घर आकर पांच हजार रुपए अपनी पत्नी को दिया। उसके बाद बिना कुछ कहे घर से बाहर चले गए। इसके बाद नहीं लौटे। खोजबीन के दौरान घर से दो सौ मीटर दूर पेड़ से लटका हुआ शव मिला। गले में गमछा लगा था। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतक तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार में मां कबूतरो देवी, पत्नी विजांती देवी, दो पुत्र विषरंजन कुमार, हरिश्चंद्र कुमार और दो पुत्री सूर्यकांत देवी, बेबी कुमारी है।

# सवारियों से भरी ऑटो पलटी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में सवारियों से भरी ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। आरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि 5 अन्य लोगों को प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। घटना संदेश थाना क्षेत्र की है। घायलों में सीतामढ़ी जिले के कोर्ट बाजार निवासी उदय शंकर प्रसाद के पुत्र हर्ष कुमार भी शामिल है। परिजनों ने बताया कि हर्ष अपने गांव से अजीमाबाद श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आया था। वापस ऑटो से लौट रहा था। रास्ते में संदेश पेट्रोल पंप के पास ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया। जिसके बाद गाड़ी पलट गई।

**मदद के लिए पहुंचे स्थानीय लोगः** हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सभी गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। ऑन ड्यूटी डॉक्टर शैलेंद्र ने बताया कि काफी ज्यादा चोटें आई है। अगिआंव पीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।

# अक्षय तृतीया पर बक्सर में ट्रैफिक अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। बक्सर में अक्षय तृतीया, गंगा स्नान और चोल मुंडन के अवसर पर 20 अप्रैल 2026 को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने शहर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, बक्सर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सुबह 4 बजे से शाम 5 बजे तक कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर आंशिक या पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इन निर्देशों के तहत, ज्योति चौक से थाना चौक, नाथ बाबा पुल से थाना चौक, थाना चौक से रामरेखा घाट होते हुए पुराने सदर अस्पताल मार्ग, सिंडिकेट, जमुना चौक के रास्ते थाना चौक और मठिया पुल मुनिम चौक जैसे व्यस्त मार्गों पर दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

**पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही सुरक्षितः** प्रशासन का मुख्य उद्देश्य इन मार्गों पर पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखना है। इन प्रतिबंधित मार्गों पर केवल दोपहिया वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। चारपहिया वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। इनमें गोलंबर से सिंडिकेट, बाईपास, आईटीआई रोड होते हुए मठिया मोड़ और दानी कुटिया तक का मार्ग शामिल है। दूसरा वैकल्पिक मार्ग गोलंबर से सिंडिकेट, ज्योति चौक, अंबेडकर चौक होते हुए इटाढ़ी गुमटी तक जाएगा।

**ऑटो रिक्शा के लिए अलग-अलग रूट तयः** ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के लिए भी अलग-अलग रूट तय किए गए हैं, ताकि स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। ये वाहन गोलंबर से सिंडिकेट बाईपास, ज्योति चौक, स्टेशन, आईटीआई रोड, नाथ बाबा नहर मार्ग, अंबेडकर चौक, बाजार समिति और नई बाजार मठिया मोड़ तक संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की है। ट्रैक्टर, पिकअप और बसों जैसे बड़े वाहनों के लिए हवाई अड्डा मैदान, गोलंबर पार्किंग, रेलवे मैदान (इटाढ़ी गुमटी के पहले) और बाजार समिति ग्राउंड को पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

**किला मैदान में पार्किंग की होगी सुविधाः** वहीं चारपहिया, तीनपहिया और दोपहिया वाहनों के लिए सिंडिकेट क्षेत्र, डीएवी मोड़ के आगे आईटीआई मैदान, बाजार समिति ग्राउंड और किला मैदान सहित अन्य स्थानों पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एंबुलेंस, रोगी वाहन और अन्य अत्यावश्यक सेवाओं पर कोई प्रतिबंध लागू नहीं होगा। साथ ही रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को अपने साथ टिकट रखना अनिवार्य होगा। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से चारपहिया वाहनों का प्रयोग न करें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। विशेष रूप से 20 अप्रैल को सुबह 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक शहर में बड़े वाहनों, ट्रैक्टर और पिकअप के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी के सहयोग से ही पर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सकेगा।

# सोलर योजना को मिल रही रफ्तार, शिविर लगाकर लोगों को किया गया जागरूक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोईलवर**। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अब कोईलवर प्रखंड में तेजी से लोगों तक पहुंच रहा है। इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर सस्ती और सुगम बिजली उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर प्रभात कुमार की देखरेख में कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य लोगों को बिजली बिल से राहत देना और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार की ओर से सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी भी दी जा रही है, जिससे यह आम लोगों के लिए आसान हो गया है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जहां लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में आवेदन की प्रक्रिया, सब्सिडी और तकनीकी पहलुओं के बारे में भी समझाया गया तथा ऑन-स्पॉट आवेदन करने में सहायता प्रदान की गई। प्रखंड क्षेत्र में कई घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, जबकि बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं। स्थानीय लोगों में इस योजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि सोलर पैनल लगने से बिजली बिल में कमी आई है और बिजली की उपलब्धता भी बेहतर हुई है। विभाग की ओर से बताया गया कि आगे भी इस तरह के शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ा जाएगा।

# बाल विवाह के खिलाफ बड़ा अभियान, छापेमारी की तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। अक्षय तृतीया के पर जिले में बाल विवाह रोकथाम को लेकर व्यापक जागरूकता एवं निगरानी अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान दिशा एक प्रयास द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से किया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों, गांवों और धार्मिक स्थलों पर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक आलोक कुमार गौतम द्वारा विशेष जागरूकता बैनर लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद मंदिरों व मस्जिदों में टास्क फोर्स द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। संस्था की सचिव कुमारी सुनीता सिंह ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर को सामाजिक सुधार के लिए उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध होने के साथ बच्चों के विकास के लिए भी घातक है। अभियान के दौरान मंदिरों में बैनर लगाए जाएंगे और पुरोहितों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई जाएगी। वहीं प्रखंड स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी। संस्था ने आम लोगों से कहा है कि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर मोबाइल नंबर 7903748251 पर जानकारी दें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। कार्यक्रम में रजत कुमार, बीरेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार यादव, रंजू कुमारी, रितू राज, एकता कुमारी एवं संजीत कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।

# कौशल विकास कार्यशाला, वेस्ट सामान से उपयोगी वस्तुएं बनाना सिखाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोईलवर**। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आरसीडब्ल्यूए 114 वाहिनी आरएएफ, कोईलवर में एक विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हेड आरसीडब्ल्यूए रितु झा ने किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उनके कौशल का विकास करना था। कार्यशाला में महिलाओं को बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं जैसे पुराने कपड़े, प्लास्टिक और कागज से उपयोगी व सजावटी सामान बनाना सिखाया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने कम लागत में घरेलू उपयोग की चीजें तैयार करने के तरीके सीखे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं को आय के नए साधन उपलब्ध कराना भी रहा। कार्यक्रम में महिला कला केंद्र, भोजपुर की हेड अनीता गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक गीता देवी सहित अन्य ट्रेनरों ने महिलाओं को ऑर्गेनिक उत्पाद और हस्तशिल्प से जुड़ी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया, ताकि महिलाएं घर बैठे ही छोटे स्तर पर रोजगार शुरू कर सकें। कार्यशाला में शामिल महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण की मांग की। इस मौके पर रितु झा ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंत में प्रतिभागियों को उनके उत्साह और भागीदारी के लिए सराहा गया।

# पोर्टल पर सुधार के लिये सी-एचओ के साथ सीएचसी में बैठक



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गड़हनी**। स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर गुणवत्ता सुधार के लिये गड़हनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक समीक्षा बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अध्यक्षता में की गई। बैठक में सभी सी-एचओ व स्वास्थ्य विभाग के डाटा ऑपरेटर भी उपस्थित थें। सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सी-एचओ को पोर्टल पर गुणवत्ता पूर्वक सभी कार्य को लोड किया जाए। बी एम ई पंकज कुमार के द्धारा सभी सी-एचओ को निर्देशित किया गया कि आपके क्षेत्र में हो रहे सभी तरह के कार्य को पोर्टल पर इंट्री के पूर्व डाटा वैलीडेशन का बैठक करने के बाद ही पोर्टल पे इंट्री करना सुनिश्चित करें ताकि डाटा के गुणवत्ता में सुधार हो सके। डाटा इंट्री में कोई गड़बड़ी नहीं होना चाहिए। इसलिए सुधार करने के बाद भी डाटा को पोर्टल पर इंट्री करे। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार सहित स ही सी-एचओ व डाटा ऑपरेटर उपस्थित थें

# पटना-गन पॉइंट पर अलंकार ज्वेलर्स में 20 लाख की लूट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ बाइक से पहुंचे 5 अपराधी, हथियार दिखाकर दुकानदार-ग्राहक को बनाया बंधक, फायरिंग कर भागे

**पटना**। पटना के फुलवारी शरीफ स्थित अलंकार ज्वेलर्स में रविवार दोपहर करीब 20 लाख रुपए की लूट हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार 5 बदमाश श्रीलक्ष्मी अलंकार ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंचे थे। सभी अपराधी हेलमेट पहने हुए थे। अपराधियों ने हथियार के बल पर दुकान मालिक और ग्राहकों को बंधक बना लिया। विरोध करने पर दुकान मालिक के साथ मारपीट भी की। इसके बाद बदमाश 5 से 6 मिनट के भीतर लूटपाट कर फरार हो गए।

चश्मदीदों के मुताबिक, भागने से पहले अपराधियों ने 2-3 राउंड फायरिंग भी की। घटना की सूचना मिलने के बाद रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस और सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रंजन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल दुकानदार का बयान दर्ज किया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। एसटीएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। यह घटना रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के धनजी कॉलोनी की है।

**बदमाशों ने 3 किलो चांदी के गहनें ले गए:** पीड़ित दुकानदार धनजय कुमार बताया कि मैं दुकान में था और 3 ग्राहक खरीदारी करने पहुंचे थे। इसी दौरान 2 बाइक से 5 बदमाश आए। 2 बाहर ही खड़े थे। तीन अंदर आए। दुकान में घुसते ही हथियार निकाल लिया और हमलोगों को बंधकर बनाकर एक कोने में बैठा दिया। विरोध करने पर पिस्टल के बट से मेरे सिर पर वार भी किया है। मेरे सिर से खून निकलने लगा। अपराधियों ने कीमती ज्वेलरी लूटे हैं। इसमें 100 ग्राम सोने की ज्वेलरी और 3 किलो चांदी के गहनें शामिल हैं। इसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए से अधिक है। वारदात के बाद सभी अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

**फायरिंग करके भागे बदमाश:** ज्वेलरी शॉप के बगल वाली दुकान के मालिक राजीव ने कहा कि मैंने देखा अपराधी बाइक से आए। 3 अपराधी दुकान के अंदर गए। दुकानदार धनजय के साथ मारपीट की। करीब 3 मिनट में वारदात को अंजाम दिया है। भागने के समय एक राउंड फायरिंग भी की है।

**24 घंटे में मामले का खुलासा होगा:** नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी परिचय कुमार ने कहा कि पांच अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि 2 अपराधी बाहर थे और 3 दुकान के अंदर गए थे। पीड़ित दुकानदार बता रहे हैं 15 से 20 लाख के गहनें लूटे गए हैं। हमारी टीम जांच में जुट गई है, 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया जाएगा।

## 'महिला आरक्षण का कोई विरोध नहीं, बल्कि परिसीमन मुद्दा'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



❑ सीएम सम्राट की पीसी पर तेजस्वी बोले- वे मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन बिल की समझ नहीं है

**पटना**। महिला आरक्षण बिल 2026 को लेकर बिहार की सियासत गरमा गई है। पटना में आरजेडी और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर तीखा हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा, "मुख्यमंत्री तो बन गए हैं, लेकिन उन्हें इस बिल की समझ ही नहीं है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन डीलिमिटेशन के मुद्दे पर सवाल उठाए जा रहे हैं। तेजस्वी ने आगे कहा कि, 'महिला आरक्षण का कोई विरोध नहीं है, लेकिन हम डीलिमिटेशन के मुद्दे पर सवाल उठाए रहे हैं। अगर महिलाओं को आरक्षण देना है तो 50 प्रतिशत आरक्षण दीजिए।'

तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि, महिला आरक्षण की आड़ में डीलिमिटेशन की राजनीति की जा रही है। जब यह बिल तीन साल पहले ही पास हो गया था तो राष्ट्रपति से उस पर हस्ताक्षर क्यों नहीं करवाए गए? अब तक इसे लागू क्यों नहीं किया गया?

**सबसे ज्यादा महिलाओं को टिकट RJD ने दिया- तेजस्वी:** तेजस्वी ने आगे कहा कि, 'लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा महिलाओं को टिकट RJD ने दिया था, जबकि बीजेपी के लोग महिलाओं का सम्मान नहीं करते हैं। आरएसएस के लोग महिलाओं से पैर धुलवाते हैं। ये लोग मनु समृति सोच वाले लोग हैं।'

**ट्रिपल सी से नीतीश कुमार ने भी समझौता किया- तेजस्वी:** निशांत कुमार के 'ट्रिपल सी' वाले बयान पर तेजस्वी ने कहा कि, 'ट्रिपल सी से तो नीतीश कुमार ने भी समझौता कर लिया।' उन्होंने कहा कि, 'यूपी और बिहार में सबसे ज्यादा क्राइम रेट है। बीजेपी एक कम्युनल पार्टी है।'

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में सदर अस्पताल के पीछे जुआ अड्डे पर छापा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित सदर अस्पताल के पीछे एक बड़े जुआ अड्डे पर पुलिस ने छापा मारा है। इस कार्रवाई में 19 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। यह अड्डा थाने से कुछ ही दूरी पर संचालित हो रहा था, जिसकी स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी थी। वैशाली एसपी विक्रमशिला के निर्देश पर एक टीम गठित की गई, जिसने छापेमारी की। बताया गया है कि लगभग एक दर्जन से अधिक जुआरी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार, यह जुआ ऑनलाइन ऐप के माध्यम से संचालित किया जा रहा था। मौके से 40 हजार रुपये से अधिक नकद, कैलकुलेटर, वाउचर, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिलें और ताश के पैकेट बरामद किए गए हैं। पुलिस ने जुआ अड्डे के मुख्य संचालक (मास्टरमाइंड) को भी गिरफ्तार कर लिया है। इसके अतिरिक्त, पुलिस जमीन मालिक के बारे में भी जांच-पड़ताल कर रही है और पूरे जुआ संचालक गिरोह को पकड़ने का प्रयास कर रही है। सदर वन डीएसपी सुबोध कुमार ने मीडिया को बताया कि यह जुआ अड्डा अवैध तरीके से चलाया जा रहा था। गिरफ्तार किए गए 19 लोगों में दीनानाथ चौधरी, श्याम बाबू सिंह, गौतम कुमार, सौरभ कुमार, मिलन कुमार, गणेश साह, सुनील कुमार, गौरी शंकर, राजेंद्र राम, अनिल कुमार वर्मा, विजय राम, मोहम्मद मंसूर, पप्पू साह, सुभाष कुमार, गणेश महतो, राजेश कुमार, बिरजू कुमार, लाल बाबू पासवान और बिट्टू कुमार शामिल हैं। गहन पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।



### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**हाजीपुर**। वैशाली में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। इस हादसे में महिला का भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सराय थाना क्षेत्र में स्कूल रोड पर हुई। पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की पहचान सराय थाना क्षेत्र के नरेंद्र प्रबोधी गांव निवासी बिलटन रजक की पत्नी बेबी देवी के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान भिखारी रजक का बेटा नीतीश के रूप में हुई है। बेबी देवी अपने भतीजे के साथ बाइक से सराय बाजार की ओर जा रही थीं। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही सराय थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने गंभीर रूप से घायल महिला और उसके भतीजे को तुरंत सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बेबी देवी को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि स्कूल रोड पर अक्सर यातायात जाम रहता है, जिसके कारण इस मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।



### असम की गर्लफ्रेंड को वैशाली में छोड़कर भागा प्रेमी

**हाजीपुर**। वैशाली में शनिवार को प्रेमी की शादी रुकवाने के लिए असम की एक लड़की बिहार पहुंची। उसने आरोप लगाया कि उसका बॉयफ्रेंड शादी का झांसा देकर एक साल तक उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहा। जब उसने शादी की बात की, तो वह उसे अपने साथ बिहार लेकर आया, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही उसने उसका सारा सामान छीन लिया और उसे छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने किश्त पर फोन खरीदा और प्रेमी को कॉल किया, तो उसने कहा कि वह दूसरी लड़की से शादी कर रहा है, आज तिलक है और फोन काट दिया। वहीं, जब युवती ने उसके भाई से संपर्क किया, तो उसने जान से मारने की धमकी दी। तीन दिन तक भटकने के बाद शनिवार को स्थानीय थाने ने युवती की मदद की। युवक को थाने में बुलाकर दोनों के बीच समझौता कराया गया। इसके बाद युवक ने अपने परिजनों के सामने युवती की मांग में सिंदूर भरकर उससे शादी कर ली। असम के डिब्रूगढ़ की रहने वाली मीरा तांती ने बताया, 'मैं कोयंबटूर में एक निजी कंपनी में काम करती थी। इसी कंपनी में वैशाली के चांदपुरा ओपी निवासी धीरज कुमार भी काम करता था। यहीं हमदोनों की मुलाकात हुई और एक दूसरे से प्यार हो गया।" मीरा के अनुसार, धीरज ने उससे शादी का वादा किया और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया, जब मैंने धीरज से शादी की बात कही, तो उसने मुझे बिहार चलने के लिए कहा। शादी की उम्मीद में मैं भी उसके साथ बिहार आने के लिए तैयार हो गई। हम दोनों गुरुवार को ट्रेन से पटना स्टेशन पहुंचे। इसके बाद जदुआ पुल के पास धीरज ने मेरा पर्स और मोबाइल फोन छीन लिया। पर्स में 15,000 रुपए कैश, एक सोने की चेन और एक अंगूठी थी, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.60 लाख रुपए थी। धीरज मुझे ऑटो में छोड़कर फरार हो गया। गुरुवार को मैं पूरे दिन भटकती रही और मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं। एक दिन बाद शुक्रवार को मैंने किश्त पर मोबाइल और सिम कार्ड खरीदा और धीरज से संपर्क किया। इस दौरान धीरज ने बताया कि वह किसी दूसरी लड़की से शादी कर रहा है और फोन काट दिया।"



### 'यादवों के मोहल्ले में चिराग पासवान का गाना नहीं बजेगा'

**हाजीपुर**। वैशाली में तेजस्वी यादव और चिराग पासवान का गाना बजाने को लेकर दो गुटो में जमकर मारपीट हुई। नौबत यहां तक आ गई कि एक पक्ष की तरफ से पत्थरबाजी की गई। पथराव में दूसरे पक्ष के कई लोग घायल हो गए। घायलों का कहना है कि, हमलोग पासवान हैं। हमारे समाज में एक लड़के की शादी थी। हमलोग डीजे पर 'तोर मजनुआ हकौ चिराग भईया के फैन गे पगली' गाना बजा रहे थे। जैसे ही बारात यादवों के मोहल्ले में पहुंची। वहां के लोगों ने गाना बंद करने को कहा। बात बढ़ी तो मारपीट शुरू हो गई। पूरा मामला बिदुपुर थाना क्षेत्र के कथौलिया बांध का है। पासवान मोहल्ले की रहने वाली बुधनी देवी ने बताया कि, मेरे बेटे पिंटू कुमार की बारात समस्तीपुर निकलने के लिए तैयार थी। परिजन 'बिलौकी' की रस्म' कर रहे थे। इस दौरान DJ ने 'तोर मजनुआ हकौ चिराग भईया के फैन गे पगली' गाना बजाया, जिस पर यादव समुदाय के लोगों ने आपत्ति व्यक्त की। बुधन देवी के मुताबिक, उनलोगों का कहना था कि यादव टोला में पासवान का गाना नहीं बजेगा। उनलोगों ने बारात को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। इसके बाद यादव और पासवान समुदाय के बीच बहस शुरू हो गई, जो थोड़ी ही देर में हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव करना शुरू कर दिया। जिस पर महौल और बिगड़ता चला गया। दूल्हे की मां बुधनी देवी ने बताया कि 'मारपीट के दौरान मेरे बाल को पकड़कर जमीन पर पटक दिया गया। मेरे गहने छीन लिए गए। गहना छीन लिया। उन्होंने बताया कि मेरे बेटे का बारात यादव लोगों ने रोक दिया था। पुलिस के आने के बाद सभी गाड़ियों को वहां से निकाला गया। स्थानीय नरेश पासवान ने बताया कि गांव से बारात निकल रही थी, तभी बारात में चिराग पासवान के गाना बजाने पर यादव लोग ईंट पत्थर चलाने लगे। उन्होंने बताया कि जब लालू यादव का गाना बजता है, तो उसे छोड़ देते हैं। वहीं जब चिराग पासवान का गाना हमलोग बजाते हैं तो वह लोग लाठी-डंडे, ईंट -पत्थर फेंकना शुरू कर देते है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ1 सुबोध कुमार ने बताया कि दो पक्षों में पत्थरबाजी होने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामला शांत करवाया। घटना के बाद दहशत के कारण बरात नहीं निकल रही थी। पुलिस की मदद से बारातियों की गाड़ी को समस्तीपुर के लिए निकलवाया गया। अभी तक किसी पक्ष के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, दोनों पक्षों की तरफ से 5 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## पटना जू में दिल्ली से आई सफेद बाघिन, रोहतक जू से पहुंचा दो ग्रीन इगुआना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना जू का जल्द ही मोडिफिकेशन होने वाला है। इसके साथ ही दिल्ली से आए सफेद बाघिन का लोग जल्द ही दीदार कर सकेंगे। वहीं, पटना में पहली बार ग्रीन इगुआना दर्शकों को देखने को मिलेगा। पटना जू में दिल्ली और रोहतक जू से एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 17 नए जानवर लाए गए हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने कहा कि सभी को 10 मई के बाद आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। तब तक जानवरों को क्वॉरेंटाइन में रखा गया है।

दिल्ली जू के साथ हुए समझौते के तहत, पटना जू को 1 सफेद बाघिन मिली है। वहीं, 6 संघाई हिरण, 4 सफेद ब्लैकबक, 4 पेंटेड स्टॉर्क लाया गया है। इसके साथ ही रोहतक जू से 2 ग्रीन इगुआना आया है। दिल्ली जू से लाए गए संघाई हिरण में दो नर और चार मादा, सफेद ब्लैकबक में दो नर और दो मादा हैं। इसके अलावा अभी और भी जानवर लाए जाएंगे। जू प्रशासन के अनुसार सफेद ब्लैकबक और हरे इगुआना विजिटर्स के लिए एक नया आकर्षण होंगे। नए जानवरों के लिए ब्लैकबक के बगल में एक अलग बाड़ा बनाया गया है। इसके अलावा रेप्टाईल घर में इगुआना के लिए एक कांच का बाड़ा (20x30 फीट) तैयार किया गया है। इगुआना फल, सब्जियां, पत्ते और कीड़े खाते हैं। उन्हें प्राकृतिक वातावरण की आवश्यकता होती है। इसके लिए उनके बाड़े में मजबूत टहनी, एक फाउंटेन और आसपास कुछ पत्थर और पत्ते भी लगाए गए हैं, जो नैचुरल लुक दे।

## 13 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध मौत, बराह गांव में घर के बाहर मिला शव, परिजनों को हत्या की आशंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के रानीतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत बराह गांव में एक 13 वर्षीय बच्चे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर मिला है। मृतक की पहचान भोला कुमार के रूप में हुई है, जो राजकुमार यादव का बेटा था। मृतक के पिता राजकुमार यादव ने बताया कि, भोला रात को घर में ही था। सुबह जब वह घर में नहीं मिला तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में उसका शव घर के बाहर मिला। पिता ने बताया कि उसके शरीर पर चोट के भी निशान हैं। इसलिए परिजनों को शक है कि उसकी हत्या की गई है। उसकी मौत कैसे और कब हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

**बेटे की गला दबाकर हत्या की गई है- पिता:** मृतक के पिता राम कुमार यादव ने बताया कि, 'कल शाम 4 बजे से घर मेरा बेटा गायब था। काम करके सुबह 4 जब हम घर आए तो देखा कि मेरा बेटा भोला बाहर सोया हुआ है। पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद घर के लोगों को बुलाया और देखा कि उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। मुझे पूरा शक है उसकी गला दबाकर हत्या की गई है और शव घर के बाहर फेंक कर भाग गया है।'

**पुलिस और FSL टीम जांच में जुटी:** घटना की सूचना मिलने पर पालीगंज डीएसपी 2 पंकज शर्मा और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए FSL (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी बुलाया गया, जो जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने बताया कि, 'मौत के कारणों का पता लगाने के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है। युवक की हत्या की गई है या अन्य कारण से मौत, यह पोस्टमार्टम और FSL रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, घटना को लेकर बच्चे के परिवार से पूछताछ किया जा रहा है।'

**कथित तौर पर नशे का आदी था नाबालिग:** स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक भोला कुमार कथित तौर पर नशे का आदी था। कुछ लोगों का मानना है कि उसकी मौत नशे के कारण हुई है, लेकिन परिवार इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं कर रहा है। घटना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई है और बच्चे की अचानक मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और सभी संभावित पहलुओं की जांच जारी है।

## पटना एम्स में मॉर्डन थेरानॉस्टिक न्यूक्लियर मेडिसिन की मिलेगी सुविधा, दिल्ली-मुंबई नहीं जाना होगा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना एम्स ने थायरॉयड कैंसर के इलाज के लिए मॉर्डन थेरानॉस्टिक न्यूक्लियर मेडिसिन सेवाओं की शुरुआत की है। इसके तहत, रेडियो-आयोडीन थेरेपी और PET-CT स्कैन जैसी उन्नत सुविधाएं अब एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। यह कदम मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाने की आवश्यकता को समाप्त करेगा। अब तक थायरॉयड कैंसर के मरीजों को इस तरह के इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे उन्हें समय, पैसा और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता था। पटना में यह सुविधा उपलब्ध होने से हजारों मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। इस सुविधा का उद्घाटन संस्थान के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने किया।

**जांच और इलाज आपस में एकीकृत होंगे:** डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह पहल मरीजों के जीवन में राहत, विश्वास और समय पर सही इलाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का लक्ष्य हर मरीज को बिना देरी के सटीक और सुलभ उपचार देना है। इस अवसर पर संस्थान के कई वरिष्ठ डॉक्टर भी मौजूद थे। सभी विशेषज्ञों ने इस नई सुविधा को क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक मील का पत्थर बताया। न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार, जो इस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं, उन्होंने थेरानॉस्टिक्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें जांच और इलाज आपस में एकीकृत होते हैं। डॉ. कुमार के अनुसार, अब हर स्कैन केवल एक रिपोर्ट नहीं होगा, बल्कि यह इलाज की दिशा भी तय करेगा। इससे मरीजों को व्यक्तिगत और लक्षित थेरेपी प्रदान करने में मदद मिलेगी, जिससे उपचार अधिक प्रभावी और सटीक होगा।

एक ही छत के नीचे संपूर्ण इलाज नई सुविधा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें PET-CT, SPECT-CT (गामा कैमरा) और रेडियो-आयोडीन थेरेपी का एकीकृत उपयोग किया जाएगा। इसका मतलब है कि थायरॉयड कैंसर के मरीजों को शुरुआती जांच से लेकर इलाज और उसके बाद की मॉनिटरिंग तक की पूरी सुविधा एक ही जगह मिलेगी। यह व्यवस्था न केवल बीमारी का जल्दी और सटीक पता लगाने में मदद करेगी, बल्कि इलाज के बाद उसकी प्रभावशीलता का आकलन भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

किफायती इलाज से बढ़ेगी पहुंच एम्स पटना फिलहाल बिहार और झारखंड का एकमात्र सरकारी संस्थान बन गया है जहां यह पूरी सुविधा किफायती दरों पर उपलब्ध है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को भी उच्चस्तरीय इलाज मिल सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि PET-CT जैसी आधुनिक तकनीक को गामा कैमरा के साथ जोड़ने से कैंसर के निदान और इलाज में सटीकता कई गुना बढ़ जाएगी।

## कटिहार में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 500 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### मनिहारी बस स्टैंड के पास छापेमारी, झारखंड से लाई गई थी खेप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। कटिहार जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 500 ग्राम स्मैक बरामद किया है। इस दौरान दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मनिहारी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि मनिहारी बस स्टैंड के पास नशीले पदार्थ की तस्करी होने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन जांच शुरू कर दी। इसी दौरान आंबेडकर चौक के पास एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई।

दंडाधिकारी की मौजूदगी में जब कार की जांच की गई, तो उसमें से करीब 500 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। इसके साथ ही कार में सवार दो लोगों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों की पहचान अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले व्यक्तियों के रूप में हुई है। इस संबंध में विनोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि स्मैक की यह खेप झारखंड से लाई गई थी। इसे मनिहारी गंगा घाट पर रिसीव कर आगे सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि इस तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और किन इलाकों में इसकी सप्लाई की जानी थी। नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## घरों से निकले गंदे पानी को लेकर बनेगी पॉलिसी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। बिहार के घरों, दुकानों से निकलने वाले गंदे पानी का इस्तेमाल अब खेती-बागवानी में किए जाएंगे। दरअसल, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) के ट्रीटेड पानी के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा पॉलिसी बनाई जा रही है। इससे अब यह पानी न केवल नदियों में छोड़े जाएंगे, बल्कि पार्कों, सड़क किनारे पौधों, सरकारी परिसर के बगीचों में सिंचाई के लिए भी इस्तेमाल किए जाएंगे। वहीं, सड़क सफाई, निर्माण कार्य, कार वाशिंग, आदि में भी इसे यूज किया जा सकता है।

**फैक्ट्री को निर्धारित दर में उपलब्ध होगा STP का पानी:** बुडको द्वारा बिहार के सभी STP संचालित होते हैं। बुडको प्रशासन के अनुसार पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया में कई फैक्ट्रियां हैं, जहां पर बड़ी मात्रा में पानी का इस्तेमाल एक्सटर्नल वर्क के लिए किया जाता है। ऐसे में ट्रीटेड वॉटर का इस्तेमाल करने से जो टैप वॉटर है, उसकी बचत होगी। इस पहल से भूजल पर दबाव घटेगा और उद्योगों को पानी की आसान उपलब्धता होगी। कारखानों और उद्योगों को सस्ते में पानी उपलब्ध कराने के लिए दर को तय किया जाएगा। इसके लिए बुडको कंपनियों से कांटेक्ट करेगी और जरूरत होने पर उन्हें STP का पानी उपलब्ध कराएगी। अभी फिलहाल पटना में STP का पानी ट्रीट करके गंगा या फिर पुनपुन में छोड़ा जा रहा है।

## बिहार को पहली 'सेंगर सीक्वेंसिंग मशीन' मिली

### महावीर कैंसर संस्थान पटना में कैंसर जीन की होगी सटीक पहचान, मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। बिहार में कैंसर के इलाज और अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। पटना के फुलवारीशरीफ स्थित महावीर कैंसर संस्थान में अत्याधुनिक 'सेंगर सीक्वेंसिंग मशीन' स्थापित की गई है। यह मशीन राज्य की पहली ऐसी सुविधा है, जो कैंसर से जुड़े जीन की सटीक पहचान करने में सहायक होगी। इस मशीन की लागत लगभग 63 लाख रुपये है, जिसके लिए इंडियन ऑयल ने महावीर कैंसर संस्थान को वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस नई तकनीक से कैंसर जीन पर शोध करना अब और भी आसान हो जाएगा। महावीर कैंसर संस्थान के शोध विभाग के डॉक्टर मोहम्मद अली ने बताया कि यह मशीन संस्थान के शोध विभाग को कैंसर के जीन की पहचान और अनुसंधान में काफी मदद करेगी।

**नोबेल विजेता तकनीक पर आधारित:** सेंगर सीक्वेंसिंग तकनीक की मूल खोज वर्ष 1977 में ब्रिटेन के प्रसिद्ध बायोकेमिस्ट फ्रेडरिक सेंगर और उनके सहयोगियों ने इंग्लैंड में की थी। इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि के लिए सेंगर को वर्ष 1980 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह तकनीक आज भी डीएनए विश्लेषण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आधार मानी जाती है। संस्थान की मेडिकल निदेशक डॉ. मनीषा सिंह के अनुसार, यह मशीन कैंसर के जीन की गहराई से जांच संभव बनाती है। प्रक्रिया के तहत, सबसे पहले मरीज के ट्यूमर या रक्त के नमूने से डीएनए निकाला जाता है। इसके बाद पीसीआर तकनीक का उपयोग करके डीएनए को कई गुना बढ़ाया जाता है। फिर सेंगर सीक्वेंसिंग मशीन के माध्यम से जीन की संरचना का विश्लेषण कर यह पता लगाया जाता है कि कैंसर किस प्रकार का है और उसमें कौन से जेनेटिक बदलाव मौजूद हैं।

डॉ. मनीषा सिंह का मानना है कि इस मशीन से न केवल कैंसर की जल्दी और सटीक पहचान संभव होगी, बल्कि मरीजों के लिए 'पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट' यानी उनकी जेनेटिक प्रोफाइल के अनुसार इलाज भी तय किया जा सकेगा। इससे उपचार की सफलता दर बढ़ने की उम्मीद है।

अब तक इस तरह की उन्नत जांच के लिए मरीजों को दिल्ली, मुंबई या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और खर्च दोनों अधिक होता था। लेकिन इस नई सुविधा के शुरू होने से बिहार और आसपास के राज्यों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च गुणवत्ता की जांच उपलब्ध हो सकेगी। विशेषज्ञों ने इसे राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया है। उनका मानना है कि यह पहल न केवल इलाज को बेहतर बनाएगी, बल्कि कैंसर अनुसंधान को भी नई दिशा देगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

# हॉरर कीलिंग : तीन भाइयों ने बहन को पीटकर मार डाला

## प्रेमी ने अधमरी हालत में भागकर बचाई जान

**पनियरा (महराजगंज), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के अंदर अपनी बहन को प्रेमी के साथ देख तीन भाइयों ने उसे लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटकर मार डाला। वहीं युवक अधमरी हालत में जान बचाकर भाग निकला। बहन के शव को भाइयों ने पिकअप से गोरखपुर जनपद के सहजनवा थाना क्षेत्र में ले जाकर जला दिया। पुलिस ने तीनों भाइयों को शनिवार को हिरासत में ले लिया, जिनमें 15 साल का एक बाल अपचारी है।



घटना गुरुवार रात की है। बताया जा रहा है कि गांव का ही एक युवक युवती से प्रेम करता था। गुरुवार की रात वह युवती से मिलने उसके घर चला गया। उस समय युवती की मां और भाई रिश्तेदारी में गए थे। रात में रिश्तेदारी से लौटने के बाद एक भाई ने बहन को युवक के साथ आपत्तिजनक हालत में देख अपने दो और भाइयों को बुला लिया। इसके बाद दोनों को कमरे में बंद कर बाइक के शॉकर की रॉड से पीटना शुरू कर दिया। इसमें बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मारपीट से अधमरा हुआ युवक जान बचाकर भाग निकला।

अगली सुबह शुक्रवार को तीनों भाई, बहन का शव पिकअप में लादकर उसे गोरखपुर जिले के थाना सहजनवा क्षेत्र के सिसई घाट ले गए। बिना किसी को बताए शव को जला दिया। पहले मामले में मारपीट-धमकी का केस दर्ज हुआ था। एसपी तक मामला पहुंचा तो उन्होंने तह तक जाने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस की जांच में पूरे मामले का खुलासा हुआ। मामला सामने आने के बाद पुलिस भी हैरान रह गई। शनिवार को पुलिस की फोरेंसिक टीम बुलाई गई। सीओ सदर अंकुर कुमार गौतम और पनियरा थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। टीम ने साक्ष्य एकत्र किया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद युवती के भाई ने अपने घर की साफ-सफाई की। खून से लथपथ कपड़े को जलाकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की। गांव में पुलिस तैनात है। इस घटना की पूरे इलाके में चर्चा हो रही है। महराजगंज के एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया है। मुकदमे में हत्या और साक्ष्य छिपाने की धारा बढ़ाई गई है। मामले की जांच गंभीरता के साथ की जा रही है। हत्या में प्रयुक्त बाइक के शॉकर की रॉड भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

## पहले होगी जांच

# यूपी में पुराने बिजली मीटरों को स्मार्ट प्रीपेड से बदलने पर तत्काल रोक

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में पुराने बिजली मीटरों को अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर से नहीं बदला जाएगा। यह रोक तत्काल प्रभाव से शनिवार से ही लगा दी गई है। स्मार्ट मीटरों की गुणवत्ता पर गठित जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह रोक बरकरार रहेगी।

केंद्र सरकार की रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत उपभोक्ताओं के घरों में लगे मैनुअल मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है। बदले गए मीटरों को बाद में बिना उपभोक्ताओं की सहमति के प्रीपेड मोड में बदल दिया जा रहा था। बीते काफी दिनों से स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक शिकायत पहुंचने के बाद उन्होंने इसकी जांच करवाने के आदेश दिए थे। पावर कॉरपोरेशन ने जांच के लिए चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित कर दी है, जिसे दस दिनों में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट आने तक आरडीएसएस के तहत पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव और पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि जब तक समिति की रिपोर्ट नहीं आ जाती है तब तक रोक के आदेश प्रभावी रहेंगे। रिपोर्ट पर आगे का फैसला होगा। तकरीबन 27 हजार करोड़ खर्च कर पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है। बदले जा रहे मीटरों का खर्च उपभोक्ताओं से नहीं लिया जा रहा है।

नए कनेक्शन स्मार्ट मीटर से प्रीपेड मोड में ही भले ही पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई हो, लेकिन नया कनेक्शन लेने वालों के लिए




कोई राहत नहीं है। नए कनेक्शन स्मार्ट मीटर के साथ प्रीपेड मोड में ही दिए जाएंगे। नए कनेक्शन को प्रीपेड मोड में ही दिए जाने का आदेश प्रभावी रखा गया है। हालांकि, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बीते दिनों लोकसभा में मीटरों के प्रीपेड या पोस्टपेड मोड को उपभोक्ताओं का विकल्प बताया था। बता दें कि स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर आ रही शिकायतों पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार कर रखा है। उनकी सख्ती के बाद पावर कारपोरेशन ने स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति बनाई है। यह समिति 10 दिनों में पावर कारपोरेशन को स्मार्ट मीटरों का तकनीकी परीक्षण करके उसकी गुणवत्ता के संबंध में रिपोर्ट देगी। प्रदेश में अब तक 85 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इनमें से 70 लाख से ज्यादा प्रीपेड मोड में काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाकियू बलराज की 9 विद्युत मांगों पर एनपीसीएल सहमत

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) ने 20 अप्रैल को एनपीसीएल के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि चेतावनी को देखते हुए एनपीसीएल के अधिकारियों ने शनिवार को बैठक के लिए बुलाया। एनपीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट सुबोध कुमार त्यागी, वाइस प्रेसिडेंट तरुण गोयल आदि अधिकारियों ने वार्ता की। बलराज भाटी ने किसान उपभोक्ताओं का पक्ष बिंदूवार रखा जिसमें विद्युत संबंधित नौ मांगें रखी गई, जिसमें सभी पर सहमति बन गई। 20 दिन में सभी मांगों पर काम करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ. शौकत अली चेची, राष्ट्रीय प्रवक्ता विपिन खारी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वैभव वैष्णव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रोहित भाटी, प्रदेश अध्यक्ष योगेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष जोगेंद्र नागर आदि उपस्थित रहे।

### मीट-क्यूट में सृति झा और शबीर अहलूवालिया संग सजा पुराने दौर के रोमांस का खास जश्न

**मुंबई, एजेंसी।** स्टार प्लस ने शनिवार को मुंबई में अपने बहुप्रतीक्षित शो 'तुम देना साथ मेरा' के प्रीमियर से पहले एक खास कम्युनिटी इवेंट 'मीट-क्यूट का आयोजन किया। वास्तविक जुड़ाव और कहानी कहने की कला का संगम बने इस इवेंट में सिंगल मिलेनियल्स और मीडिया कपल्स का एक चुनिंदा समूह शामिल हुआ, जहाँ एक अर्थपूर्ण और पुराने दौर के रोमांस का जश्न मनाया गया।विंटेज लव की खूबसूरती को केंद्र में रखकर तैयार किए गए इस अनुभव ने एक आत्मीय और दिलचस्प माहौल बनाया, जहाँ मेहमानों ने खुलकर बातचीत की, इंटरैक्टिव एक्टिविटीज़ में हिस्सा लिया और हल्के-फुल्के पलों का आनंद लिया, जिससे सच्चे कनेक्शन बनने की प्रेरणा मिली। मीडिया कपल्स की मौजूदगी ने इस शाम को और खास बना दिया, जिन्होंने अपने निजी अनुभवों के ज़रिए प्यार के असली मायनों को साझा किया और अपनी कवरेज के माध्यम से इस शाम की भावना को दर्शाया। अपनी थीम के अनुरूप, 'मीट-क्यूट ने क्लासिक रोमांस की यादों को ताज़ा किया—विंटेज सजावट, सौम्य रोशनी और सोच-समझकर चुने गए तत्वों के साथ, जो उस दौर की झलक दिखाते हैं जब रिश्ते गहराई, धैर्य और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित होते थे। इस इवेंट में चार चाँद लगाने के लिए लीड कलाकार सृति झा और शबीर अहलूवालिया भी शामिल हुए, जिन्होंने उपस्थित मेहमानों और मीडिया से बातचीत की। दोनों ने अपने किरदारों और शो की भावनात्मक गहराई के बारे में जानकारी साझा की, जिससे 'तुम देना साथ मेरा' की दुनिया की एक झलक मिली।

### फरीदाबाद के मुजेसर में थर्माकोल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**फरीदाबाद, एजेंसी।** मुजेसर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित किरण पैकेजिंग इंडस्ट्री में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। प्लॉट नंबर 110 में संचालित इस थर्माकोल फैक्ट्री में आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद मजदूरों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। आग इतनी भयावह है कि फैक्ट्री के भीतर से लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। एहतियात के तौर पर आसपास की अन्य फैक्ट्रियों से भी मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है। आग इतनी भीषण थी की इसके पास स्थित एक दूसरी फैक्ट्री भी आज की चपेट में आ गई है उसमें भी आग लग गई, जिसका नाम ओमेगा ब्राइट स्टील इंडस्ट्री है घटना की सूचना मिलते ही मुजेसर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और सुरक्षा के मद्देनजर दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोक दिया गया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई है आग बुझाने शुरू कर दिया है अब तक तीन गाड़ी मौके पर पहुंची है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी औद्योगिक क्षेत्र में एक वर्कशॉप में भीषण आग लगी।

# वडोदरा के छात्रों का कमाल : समुद्र के पानी से ढूंढ निकाला ऐसा बैक्टीरिया, जो खुद पैदा करता है रोशनी

**वडोदरा, एजेंसी।** वडोदरा की महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी (एमएसयू) के तहत आने वाले एम.के. अमीन कॉलेज, पादरा के दो विद्यार्थियों ने विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बीएससी माइक्रोबायोलॉजी के स्टूडेंट अर्णव ढमढेरे और हरिओम पाठक ने समुद्र के पानी से एक ऐसे बैक्टीरिया की खोज की है जो अंधेरे में रोशनी पैदा करता है। इन्हें बायोल्युमिनिसेंट बैक्टीरिया कहा जाता है और इनकी यह खोज एकेडमिक और साइंस जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। अर्णव और हरिओम ने अपनी रिसर्च से न सिर्फ अपने कॉलेज, बल्कि पूरे वडोदरा को गौरवान्वित किया है, साथ ही युवा छात्रों को भी प्रेरित किया है। अमीन कॉलेज के विद्यार्थी अर्णव ढमढेरे ने बताया कि हर्बल साइंस के ओपन हाउस में स्कूल के विद्यार्थियों को बुलाया जाता है। बायोल्युमिनिसेंट बैक्टीरिया को आइसोलेट करने का हमारा प्राइमरी उद्देश्य कुछ अलग करके दिखाने का था। पढ़ाई के दौरान हमें पता चला कि बायोल्युमिनिसेंट बैक्टीरिया की वजह से रात को समुद्र चमकता है। इस बैक्टीरिया की खोज करने की यही वजह है। अर्णव ने बताया कि हरिओम समुद्र के पानी को ले आया। हमें बायोल्युमिनिसेंट बैक्टीरिया मिले हैं। यह बैक्टीरिया काफी काम का है।



अमीन कॉलेज के विद्यार्थी हरिओम पाठक ने बताया कि बीते एक वर्ष से इस पर काम कर रहे हैं। इस बैक्टीरिया के खोज की हमारी कोशिश थी। हमें रिफाइन और पहचान करने के लिए एक वर्ष का समय लगा। बायोल्युमिनिसेंट बैक्टीरिया खारे पानी में जिंदा रहता है। इस बैक्टीरिया को पहचानने में छह महीने का समय लगा। छोटी-छोटी समस्याओं की वजह से हमको इसकी पहचान करने में ज्यादा वक्त लगा। प्रोफेसर ने बताया कि हमने विद्यार्थियों को पूरी तरह से सपोर्ट किया है।

# पहलगाम में अब 'क्यूआर कोड' वाली सुरक्षा, स्कैन करते ही निकल आएगी सारी जानकारी

**पहलगाम , एजेंसी।** बीते वर्ष अप्रैल महीने में ही जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था जिसने पूरे देश को दहला दिया था। पहलगाम की पुलिस ने इस पूरे इलाके में सुरक्षा को सख्त करने के लिए अब कार्ड की जगह क्यूआर कोड का रास्ता निकालाय है। यहां पहाड़ी इलाकों में काम करने वाले लोगों, टैक्सी ड्राइवर, पोनी हैंडलर और घुमंतू लोगों को भी एक क्यूआर कोड दिया जा रहा है। इसे आईकार्ड की तरह लटकाना होगा। क्यूआर कोड स्कैन करते ही व्यक्ति की सारी डीटेल आप मोबाइल में देख सकते हैं। इसे गूगल लेंस से भी स्कैन किया जा सकता है।

इस क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद व्यक्ति का नाम, पता, फोन नंबर, आधार कार्ड का नंब, पिन कोड और उसका प्रोफेशन सब पता चल जाएगा। बता दें कि पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने हमला करके 26 लोगों की जान ले ली थी। इसके बाद यहां स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को तकनीक आधारित और सख्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं। स्थानीय पुलिस का कहना है कि यह देश की सबसे बड़ा पहचान



अभियान है। इसका उद्देश्य 25 हजार लोगों को एक आइडेंटिटी सिस्टम के तहत लाना है। अब तक पहलगाम के इलाके में लगभग 7 हजार लोगों को क्यूआर कोड दिए जा चुके हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक इसके लिए अप्लाई करने वाले को सबसे पहले वेरिफिकेशन फॉर्म जमा करना होगा। इसके बाद पुलिस उसका पूरा बैकग्राउंड चेक करती है और फिर क्यूआर कोड जारी किया जाता है। अगर किसी व्यक्ति का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे क्यूआर नहीं जारी किया जाता है। क्यूआर कोड यहां 'खिदमत' सर्विस सेंटर की मदद से जारी किया जाता है। पहलगाम में 17-18 ऐसी जगहें हैं जहां पर्यटक ज्यादा आते हैं। इन इलाके में रहने वाले लोगों को तेजी से क्यूआर कोड दिए जा रहे हैं। यह क्यूआर कोड केवल सुरक्षाबल ही नहीं बल्कि टूरिस्ट भी स्कैन कर सकते हैं। बता दें कि बैसरन में आतंकी हमलों के बाद कई स्थानीय लोग भी आतंकियों के साथ मिले होने के लिए शक के दायरे में थे। पुलिस ने कम से कम 20 पोनी हैंडलर, गाइड और सामान बेचने वाले लोगों से पूछताछ की थी। बाद में एनआईए ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया था।

# गुरुग्राम की 8 कॉलोनियों में गरजे बुलडोजर, 900 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम की बिल्डर कॉलोनियों में अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की 8 टीमों ने शनिवार को डीएलएफ फेज-1 समेत आठ कॉलोनियों में बुलडोजर चलाकर सैकड़ों अवैध निर्माण और अस्थायी ढांचों को ध्वस्त कर दिया।



डीटीपी (प्रवर्तन) अमित मधोलिया की निगरानी में यह पूरी कार्रवाई की गई। पहली टीम ने डीएलएफ फेज एक के बोधी मार्ग, अर्जुन मार्ग, पश्चिम मार्ग, सी-15 रोड सहित प्रमुख सड़कों पर व्यापक कार्रवाई करते हुए अवैध ढांचे हटाए। इसमें गार्ड रूम, पार्क अतिक्रमण, कियोस्क एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में किए गए विस्तार को ढहा दिया। दूसरी टीम साउथ सिटी-1 में गार्ड रूम, लेबर क्वार्टर, टॉयलेट, अवैध गेट और टिन शेड को तोड़ दिया। तीसरी टीम ने पालम विहार में अवैध चारदीवारी, फेंसिंग, गार्ड रूम तथा अन्य संरचनाओं को हटाया। इसी तरह विभाग की अन्य टीमों ने सुशांत लोक तीन, रोजवुड सिटी, आरडी सिटी, मालिबू टाउन एवं सनसिटी कॉलोनी में कार्रवाई की। इन कॉलोनियों में गार्ड रूम, रैंप, बैरियर, पार्क में किए गए अतिक्रमण और अस्थायी ढांचों को हटाकर सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

बड़ी संख्या में गार्ड रूम गिराए

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की टीमों ने कॉलोनियों में 215 गार्ड रूम, 100 रैंप, 110 चारदीवारी, 50 अवैध गेट गिरा दिए। 40 दुकान, 50 से अधिक शौचायल, डीजी सेट भी तोड़ दिए गए। इसके अलावा 300 घरों के बाहर से अतिक्रमण हटाया गया।

विभाग की ओर से इन कॉलोनियों में अतिक्रमण के खिलाफ कई बार भी कार्रवाई हो चुकी है। लोगों की की ओर से लगातार सड़क के ऊपर अतिक्रमण किए जा रहे थे। इससे सड़कों पर आवागमन बाधित हो रहा था। सरकार ने इस मामले को संज्ञान लेते हुए विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अब विभाग की ओर से सभी कॉलोनियों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा स्टिल्ट पार्किंग प्लस चार फ्लोर नियम पर रोक के बाद हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल द्वारा 16 अप्रैल को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। उन्होंने सभी संबंधित विभाग को सड़कों से अतिक्रमण हटाने के साथ स्टिल्ट प्लस फोर के नियमों पर सख्ती से पालन करने के आदेश दिए।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास चल रहा बड़ा 'खेल', सरकार को हो रहा नुकसान

**जेवर (ग्रेटर नोएडा), एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्षेत्र में दो गुने मुआवजे और प्लॉट के लालच में किसानों की जमीन पर बाहरी लोग लगातार अवैध निर्माण कर रहे हैं। कम लागत से मकान तैयार करने के चक्कर में लोग बेहद निम्न गुणवत्ता के भवन को तैयार कर रहे, जिससे कई बार हादसे भी हुए हैं। नगला हुकमसिंह, रामनेर व नीमका गांव में लोगों को जान गंवाने के साथ ही घायल हो चुके हैं। पुलिस-प्रशासन लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करता रहा है, उसके बावजूद भी निर्माण कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहे। अब प्रशासन ने निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने वाले एजेंसी ठेकेदार और निर्माण कराने वाले मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है। जिससे राज्य सरकार को होने वाली वित्तीय क्षति से रोका जा सके। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे व तीसरे चरण के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। दोनों चरणों में एयरपोर्ट की सीमा के अंदर आने वाले नगला हुकमसिंह, कुरैब, नगला जहानू, रन्हेरा, थोरा, बनवारीवास, नीमका, ख्वाजपुर, रामनेर, किशोरपुर आदि गांव का विस्थापन किया जाना है। इन गांव में विस्थापन का अनुचित लाभ और लागत का दो गुना मुआवजा लेने के लिए कुछ बाहरी लोग दोयम दर्जे की ईंटों को मिट्टी के गिलाए में चिनाई करा महल खड़े कर रहे हैं। ऐसे मिट्टी के महल लगातार हादसे का शिकार भी हो रहे है एयरपोर्ट क्षेत्र के नगला हुकमसिंह गांव में दो मंजिला मकान गिरने से चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, रामनेर गांव में भी कुछ दिनों पूर्व मकान गिरने से काम पर लगी महिला श्रमिक की जान चली गई। इसके अलावा मुकीमपुर सिवारा और नीमका गांव में भी मकान गिरने की वजह से हादसे हो चुके हैं। लगातार हादसों को देखते हुए तहसील प्रशासन की तरफ से इन गांव में निर्माण सामग्री ईंट, सीमेंट, सरिया, रोड़ी, डस्ट, बालू रेता की आपूर्ति पर रोक लगा दी थी। लेकिन निर्माण करने वाले अब रात के समय निर्माण कार्य करा रहे हैं।

# चार धाम यात्रा; बसें रवाना: 22 को केदारनाथ और 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के खोले जाएंगे कपाट

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में चारधाम यात्रा- 2026 के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया और यात्रा को सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाने का संकल्प दोहराया। सरकार इस साल ग्रीन चारधाम, और प्लास्टिक मुक्त केदारनाथ पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर और रोपवे जैसी सुविधाओं से यात्रा अब और भी तेज होगी। यात्रा मार्ग पर बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ऋषिकेश में चारधाम यात्रा-2026 के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने तीर्थयात्रियों के लिए लगाए गए मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री ने देश के अलग-अलग हिस्सों से आए यात्रियों का स्वागत किया। सीएम ने कहा कि चारधाम यात्रा आस्था और साधना का रास्ता है। इस यात्रा से भक्तों को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## स्वास्थ्य पर भी फोकस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में पुनर्निर्माण के काम तेजी से हो रहे हैं। गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब में भी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक के लिए रोपवे परियोजनाओं का काम भी आगे बढ़ रहा है। केदारनाथ में मेडिकल अस्पताल तैयार हो गया है। बद्रीनाथ में 50 बेड का अस्पताल जून तक तैयार हो जाएगा। यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है।





## स्वच्छता और पर्यावरण पर जोर

सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड के कण-कण में भगवान रहते हैं। इस पवित्रता को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। सरकार ने इस साल पर्यावरण के अनुकूल यात्रा और प्लास्टिक मुक्त केदारनाथ का लक्ष्य रखा है। रास्तों पर सफाई के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। सभी गाड़ियों में कूड़ेदान रखना जरूरी कर दिया गया है। सभी से अपील है कि जैसे हम अपने घर के मंदिर को साफ रखते हैं, वैसे ही देवभूमि को भी स्वच्छ और पवित्र रखना है।

**कब-कब किन धाम के खुलेंगे कपाट ?=** बता दें कि चारधाम यात्रा के पहले दिन रविवार 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोल दिए गए। वहीं 22 अप्रैल को केदारनाथ और 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के खोले जाएंगे। इसके बाद अगले महीने 23 मई को श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुलेंगे। इस बार चारधाम यात्रा में कई बदलाव किए गए हैं। इस बार दर्शन के दौरान भीड़ से बचने के लिए टोकन सिस्टम लागू होगा। गौरीकुंड से केदारनाथ मंदिर तक निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है ताकि यात्रियों को कोई परेशानी ना हो।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया तनाव का असर-महंगाई और गरीबी बढ़ने का बड़ा खतरा

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा। इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है। इस आकलन का आधार यह है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है, वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा। भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है।

*जिससे न केवल राज्य की श्रमशक्ति का क्षरण होता है, बल्कि सामाजिक संरचना पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान केवल उद्योगों के विकास और स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन से ही संभव है। कृषि आधारित उद्योग, लघु और मध्यम उद्योग तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।*

## बिहार में संभावनाएं विकास की- अब सत्ता सम्राट की

(ललित गर्ग)

नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। बिहार की राजनीति लंबे समय से बदलाव, प्रयोग और नेतृत्व के उतार-चढ़ाव का साक्षी रही है। ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह क्षण बिहार के लिए एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां अपेक्षाएं केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, दृष्टि और परिणामों की भी हैं। नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरु हो रहा है, सम्राट के भरोसे से।राजनीति सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है।

भारतीय राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के उदाहरण इस बात को पुष्ट करते हैं कि अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरों के बावजूद विकास की गति तेज रह सकती है, यदि नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो। बिहार के संदर्भ में यह पहलू और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह राज्य लंबे समय तक अवसंरचनात्मक पिछड़ेपन, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक विषमताओं से जूझता रहा है। ऐसे में सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे इन जटिल समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें। केवल राजनीतिक स्थिरता पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उसे विकासात्मक स्थिरता में परिवर्तित करना होगा। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि बिहार के हालिया इतिहास में यदि किसी नेता ने प्रशासनिक सुधार और सुशासन की एक स्पष्ट छवि प्रस्तुत की है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने जिस समय सत्ता संभाली, उस समय बिहार 'जंगलराज' की छवि से जूझ रहा था। कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी, अवसंरचना लगभग ध्वस्त थी और राज्य की छवि राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक थी। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन का आधार बनीं। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शासन के प्रति जनता का विश्वास पुनः स्थापित हुआ। नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों और गठबंधनों में बदलाव ने उनकी छवि को कुछ हद तक प्रभावित भी किया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक मानक आज भी बिहार के लिए एक संदर्भ बिंदु बने हुए हैं। सम्राट चौधरी के लिए यह एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों है कि वे इन स्थापित मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और आगे बढ़ाएं। उन्हें यह समझना होगा कि बिहार की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम चाहती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी सुधार की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता, उच्च शिक्षा के अवसर, अस्पतालों की स्थिति और चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं जहां ठोस कार्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो किसी भी विकासात्मक प्रयास को कमजोर कर सकती है। यदि सम्राट चौधरी वास्तव में एक प्रभावी और जनोन्मुखी शासन स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचारमुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। डिजिटल गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। महिला सशक्तिकरण भी बिहार के विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। पिछले वर्षों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें हुई हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। यदि सम्राट चौधरी इस क्षेत्र में ठोस और नवाचारी कदम उठाते हैं, तो यह बिहार की प्रगति को एक नई दिशा दे सकता है। पलायन की समस्या भी बिहार के लिए एक स्थायी चुनौती रही है। लाखों लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं।

### म्यूजिक इवेंट्स की आड़ में फैलता नशे का जाल

यह बात छिपी नहीं है कि नशीले पदार्थों की बिक्री और इनके सेवन के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। 'रेव पार्टी' की बजाय अब संगीत कार्यक्रमों की आड़ में इस तरह के आयोजन किए जाते हैं।देश में महानगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में नशीले पदार्थों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो उनके भविष्य और जान दोनों को खतरे में डाल रहा है। यह केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी बड़ी चुनौती बन गया है। युवाओं के सामूहिक रूप से नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने के लिए विशेष आयोजन की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। मगर, अब इस तरह के आयोजनों का स्वरूप भी बदल रहा है।ऐसी ही एक घटना हाल ही में मुंबई के गोरेगांव में सामने आई, जहां नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से प्रबंधन संस्थान में पढ़ाई करने वाले दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। ये दोनों अपने दोस्तों के साथ एक संगीत कार्यक्रम में आए थे। सवाल है कि जब नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और खरीद के खिलाफ कानून में सख्त प्रावधान है, तो फिर युवाओं की इन तक आसानी से पहुंच कैसे संभव हो पा रही है? यह बात छिपी नहीं है कि नशीले पदार्थों की बिक्री और इनके सेवन के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। 'रेव पार्टी' की बजाय अब संगीत कार्यक्रमों की आड़ में इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, गोरेगांव में संगीत कार्यक्रम में भाग लेने आए जिन दो छात्र-छात्रा की मौत हुई, वे पहले से नशा करके आए थे और उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फिर से नशीले पदार्थ का सेवन किया।यह बेहद चिंताजनक है कि पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन की आड़ में युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति बढ़ी है, लेकिन इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की इच्छाशक्ति कहीं नजर नहीं आती है।

## हर सवाल जरूरी नहीं- निजता की सीमा लांघते सवालों से कैसे प्रभावित होता है आत्मसम्मान

(मेघा राठी)

हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां लोग एक-दूसरे के जीवन में बहुत रुचि लेते हैं। यह रुचि कई बार अपनापन लगती है, लेकिन कई बार यही दखलंदाजी बन जाती है। जब कोई सार्वजनिक जगह पर रिश्तों का सहारा लेकर किसी से उसके जीवन के फैसलों पर सवाल करता है, तो वह केवल एक साधारण बात नहीं होती। वह उस व्यक्ति के आत्मसम्मान को छू जाती है। हर इंसान का जीवन उसका अपना होता है। उसमें उसके सपने होते हैं, उसकी मेहनत होती है, उसकी विफलताएं होती हैं और उम्मीदें भी। हर किसी की गति अलग होती है। कोई जल्दी सफलता पा लेता है, कोई देर से। कोई अपनी राह खुद चुनता है, कोई परिवार की अपेक्षाओं के साथ चलता है। समस्या यह है कि समाज सबके लिए एक ही तरह के मापदंड बना देता है। ऐसे में जो उससे अलग चलता है, वह सवालों के घेरे में आ जाता है। अक्सर लोग बिना सोचे पूछ लेते हैं- अब तक क्या किया? आगे की क्या योजना है? इतनी उम्र हो गई, अभी तक? ये सवाल सुनने में साधारण लग सकते हैं, पर कई बार ये सामने वाले को असहज कर देते हैं। खासकर तब, जब ये बातें सबके सामने कही जाएं। उस समय व्यक्ति को लगता है कि उसे अपने जीवन का हिसाब देना पड़ रहा है। कई बार सवाल पूछने वाले का इरादा बुरा नहीं होता। वह बस जिज्ञासु होता है या अपने अनुभव के आधार पर सलाह देना चाहता है। मगर हर जिज्ञासा जरूरी नहीं होती। हर बात पूछना आवश्यक नहीं होता। कुछ बातें ऐसी होती हैं, जो व्यक्ति अपने समय पर ही साझा करना चाहता है या नहीं भी करना चाहता है। जब हम बिना सोचे-समझे किसी की निजी बातों में दखल देते हैं, तो हम उसकी सीमा पार कर देते हैं। सार्वजनिक प्रश्न केवल शब्द नहीं होते, वे संकेत भी होते हैं। वे यह जताते हैं कि समाज को हमारे जीवन की प्रगति पर नजर रखने का अधिकार है। धीरे-धीरे व्यक्ति यह मानने लगता है कि उसे लगातार साबित करना है कि वह पीछे नहीं है। यह मानसिक दबाव अदृश्य होता है, पर बहुत गहरा होता है। कई लोग बाहर से मुस्कुरा देते हैं, हल्का-सा जवाब दे देते हैं, पर भीतर एक चुभन रह जाती है। इस तरह की टिप्पणियां धीरे-धीरे व्यक्ति के मन पर असर डालती हैं। वह अपने फैसलों पर शक करने लगता है। उसे लगता है कि शायद वह पीछे रह गया है। वह दूसरों से अपनी तुलना करने लगता है। कई बार वह अपने ही घर में अपने निर्णयों के लिए सफाई देने लगता है। यह स्थिति उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है। हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझते जब व्यक्ति बार-बार अपने अस्तित्व को सही ठहराने की कोशिश करता है, तो उसके भीतर की सहजता कम होने लगती है। समस्या यह भी है कि हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझते। हमें लगता है कि हर बात पर राय देना जरूरी है, लेकिन कई बार चुप रह जाना ही सबसे अच्छा व्यवहार होता है। अगर कोई अपनी जिंदगी के बारे में खुद बात नहीं करना चाहता, तो हमें उसका सम्मान करना चाहिए।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6066

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 6067



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 28 अगस्त 1913 को जन्मी ये भोपाल रियासत की राजकुमारी जिन्हें भारत की पहली पायलट होना का गौरव प्राप्त है (6)
6. फेसला करने वाला, न्यायकर्ता (2)
7. न्यायालय में दिया गया प्रार्थना पत्र (3)
8. जल नितल, तलछट (2)
9. अधिकार क्षेत्र, वृत्त (3)
10. निर्णीत, निश्चय किया हुआ (2)
11. स्तुति करने वाला, प्रशंसक (3)
14. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
16. पुरूष, मर्द (2)
17. गीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
18. 12 अगस्त 1987 को संसद में पास किए अधिनियम के अनुसार यह राज्य भारत संघ का 15 वां राज्य बन गया (2)
19. स्फूर्त, चटक, चुस्त, मुस्तैद (3)
21. नृत्य, संगीत-गीत के अनुसार अंगों का संचालन (2)
22. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
23. पति, खाविंद, भूर्तिभर्ता (4)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
2. इंद्र वज्र, मेघ विद्युत (3)
3. सुख देने वाला, नव मार्ग (4)
5. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा (2)
10. किनारे पर होने या रहने वाला (4)
12. वन में विचरण करने वाला या रहने वाला, बहेलिया, व्याघ्र (5)
13. धातु या मिट्टी का बना टोंटीदार लोटा जो पूजा आदि में पयुक्त होता है (3)
15. निशाना, गंतव्य स्थान (2)
19. लंबाई की एक नाम जो 12 इंच के बराबर होती है (2)
20. फायदा, मुनाफा, परिणाम प्राप्ति (2)
21. रिश्ता, संबंध (2)

### वर्ग पहेली 6066 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | के | श | | | का | ति | ब |
| आ | ला | प | क | | मा | ल | वा |
| य | | थ | ल | प | क्षी | | सी |
| ना | पा | क | | ल | | | र |
| | क | र्ता | र | | सो | फा | |
| आ | न | | सि | त | म | ग | र |
| न | ज | र | क | र | ना | | फू |
| न | र | म | | ना | थ | ना | |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज का दिन शांत और संतुलित रहने वाला है. आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाना जरूरी होगा, क्योंकि छोटी सी गलती नुकसान दे सकती है. कार्यस्थल पर स्थिरता बनी रहेगी और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा. सेहत के प्रति लापरवाही न करें और खान-पान पर ध्यान दें. शाम का समय सुकून देने वाला रहेगा।

**वृष**
आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा और आप अपने काम को पूरे जोश के साथ पूरा करेंगे. कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना हो सकती है. हालांकि किसी भी निर्णय में जल्दबाज़ी करने से बचना बेहतर रहेगा. दिन के अंत में मन में संतोष का भाव रहेगा।कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है।

**कर्क**
आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा. किसी यात्रा की योजना बन सकती है या अचानक यात्रा के योग भी बन सकते हैं. करियर में नई दिशा मिलने के संकेत हैं. आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी. कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है।

**सिंह**
आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा और आप कुछ नया करने की सोच सकते हैं. मन खुश और शांत रहेगा. परिवार के साथ समय बिताने से आपको सुकून मिलेगा. किसी पुराने काम को पूरा करने का अवसर मिलेगा. दिन सुखद और संतोषजनक रहेगा। कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है।

**मिथुन**
आज भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, नहीं तो छोटी-छोटी बातों पर मन परेशान हो सकता है. कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और आपको संतोष मिलेगा. परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और अपनों का साथ मिलेगा. दिन के अंत में मन हल्का महसूस होगा।

**कन्या**
आज आपके लिए नए अवसरों के द्वार खुल सकते हैं. दोस्तों और परिचितों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा. कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है. मन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहेगी।

**तुला**
आज धैर्य बनाए रखना बहुत जरूरी है क्योंकि जल्दबाज़ी नुकसान दे सकती है. कार्यक्षेत्र में थोड़ी चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन आप समझदारी से उन्हें संभाल लेंगे. इसलिए आराम करें. कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है. मन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज आपके रिश्तों में मधुरता आएगी और आप अपने प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे. पार्टनर के साथ समझ बढ़ेगी और आपसी तालमेल मजबूत होगा. कार्यक्षेत्र में संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा. मन प्रसन्न रहेगा और दिन सुखद बीतेगा। कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है।

**मकर**
आज काम का दबाव बढ़ सकता है, लेकिन आप अपनी क्षमता से सब संभाल लेंगे. किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है, जिससे मन खुश होगा. सेहत का ध्यान रखें और ज्यादा तनाव न लें. दिन के अंत में राहत महसूस होगी। कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है. मन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहेगी।

**कुंभ**
आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करें. धैर्य और समझदारी से आप मुश्किलों को पार कर लेंगे. कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है. मन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहेगी। परिवार का साथ आपको मानसिक शांति देगा. आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें. दिन के अंत में स्थिति बेहतर होगी।

**धनु**
आज भाग्य आपका साथ देगा और कई कार्य आसानी से पूरे हो सकते हैं. पढ़ाई और करियर में प्रगति के अच्छे संकेत हैं. कोई अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा. परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा. आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है।

**मीन**
आज नए लोगों से मुलाकात हो सकती है जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी. बिज़नेस या काम में लाभ के संकेत मिल रहे हैं. कोई नई योजना बनाने या शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है. आपकी बातचीत की कला आपको लाभ दिला सकती है. मन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहेगी।सकारात्मक सोच बनाए रखें और अवसरों का सही उपयोग करें. परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : soneversharvani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# धोनी की चोट पर सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा जल्दी वापसी करेंगे



**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के दौरान महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर उम्मीद जताई है। यह पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभी तक आईपीएल 2026 में नहीं खेल पाए है, क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। हालांकि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज नेट सेशन कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि वह सीएसके की प्लेइंग 11 में कब वापसी करेंगे। शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 रन से हारने के बाद सीएसके के बैटिंग कोच हसी ने मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि धोनी रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और एक कोच के तौर पर वह उनकी बल्लेबाजी से संतुष्ट हैं। हसी ने कहा, वह अपने रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। और देखिए, मैं एक बैटिंग कोच हूं और मैं खुश हूं कि वह किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं। हसी ने कहा कि धोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और वह उनकी फॉर्म से संतुष्ट हैं। हसी ने बताया कि धोनी के ठीक होने का मुख्य मकसद दौड़ने की फिटनेस और गति को बेहतर बनाना है, खासकर पारी के आखिरी ओवरों में विकेटों के बीच तेजी से रन बनाने के लिए। हसी ने कहा कि उन्हें धोनी की वापसी की सही तारीख तो नहीं पता, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ही वापसी करेंगे। सीएसके के बैटिंग कोच ने कहा, जैसा कि आपने कल ट्रेनिंग में देखा, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह अपनी बल्लेबाजी के मौजूदा स्तर से काफी खुश थे। वह अभी बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर काम कर रहे हैं, क्योंकि अगर उन्हें पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करनी है, तो उन्हें दो रन और इस तरह के अन्य रन लेने के लिए तेजी से दौड़ना होगा। उन्हें बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर भरोसा जगाने और अपनी गति बढ़ाने की जरूरत है। मुझे नहीं पता कि वह कब खेलेंगे, लेकिन मुझे उम्मीद है कि सभी फैंस की तरह मैं भी चाहता हूं कि वह जल्द से जल्द वापसी करें।

### पीसीआई का बड़ा फैसला

# उत्पीड़न के आरोपों के बाद नीरज चोपड़ा के जेवलिन कोच बर्खास्त



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पैरालंपिक कमेटी आफ इंडिया पीसीआई ने बड़ा कदम उठाते हुए कोच नवल सिंह को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल द्वारा लगाए गए मानसिक उत्पीड़न के आरोपों और अन्य खिलाड़ियों की शिकायतों के बाद की गई, जिसमें नीरज चौपड़ा का नाम भी सामने आया।

**सुमित अंतिल ने लगाए गंभीर आरोप** – सुमित अंतिल ने नवल सिंह पर मानसिक प्रताड़ना और अपशब्द कहने के आरोप लगाए थे। उन्होंने इस मामले की शिकायत स्पोर्ट्स ऑथोराइट्स आफ इंडिया (साई) से भी की थी। अंतिल ने कहा कि कोच का व्यवहार खिलाड़ियों के लिए असहज और अपमानजनक था।

**पीसीआई अध्यक्ष ने दी जानकारी** –पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा- शिकायतें मिलने के बाद हमने तुरंत संज्ञान लिया। एथलीटों को अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया गया। आरोप गंभीर थे और शुरुआती सबूत भी मिले, जिसके बाद आपात बैठक में नवल सिंह को हटाने का फैसला लिया गया।

**अन्य खिलाड़ियों ने भी की शिकायत** – सिर्फ सुमित अंतिल ही नहीं, बल्कि अन्य खिलाड़ियों ने भी नवल सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नीरज चौपड़ा का नाम भी सामने आया, जिनके साथ कथित तौर पर गलत व्यवहार किया गया।

**मानसिक उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के आरोप** – सुमित अंतिल ने आरोप लगाया- नवल सिंह ने हमारा मानसिक उत्पीड़न किया और मेरे व नीरज के परिवार के साथ भी दुर्व्यवहार किया। वह जानबूझकर अपमानजनक बातें रिकॉर्ड कर टीम मैनेजमेंट के साथ साझा करते थे।

**आपात बैठक के बाद लिया गया फैसला** – पीसीआई ने सभी शिकायतों और मौखिक सुनवाई की समीक्षा के बाद आपात बैठक बुलाई। जांच में शुरुआती स्तर पर आरोप सही पाए जाने के बाद कमेटी ने सर्वसम्मति से नवल सिंह को तुरंत हटाने का निर्णय लिया।

**कोचिंग करियर पर लगा ब्रेक** – द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित नवल सिंह 2015 से कोचिंग कर रहे थे और हाल ही में एथलीट सचिन यादव को ट्रेनिंग दे रहे थे।

# अगरकर को मिला इनामः कॉन्ट्रैक्ट रीन्यू, 2027 तक बने रहेंगे मुख्य चयनकर्ता

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के कॉन्ट्रैक्ट को रीन्यू किया और इस तरह उनका कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ गया है। यह फैसला 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि टीम चयन में निरंतरता बनी रहे। हालांकि, अब से एक साल यानी जून 2027 तक के लिए उनके कार्यकाल का विस्तार हुआ है। अगले साल वनडे विश्वकप अक्तूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में होना है। ऐसे में अगरकर के कार्यकाल को तब भी विश्व कप तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। विश्व कप से ठीक पहले चयनकर्ता में बदलाव टीम के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम

अगरकर की अगुआई में अक्तूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच भारतीय टीम ने चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल खेले, जिनमें से तीन में जीत हासिल की। इसमें दो टी20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी शामिल हैं। ऐसे में उनका कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू होना लगभग तय माना जा रहा था।



बीसीसीआई बताया, 'अगरकर ने खुद एक्सटेंशन नहीं मांगा। चयनकर्ता अधिकतम चार साल तक काम कर सकता है, इसलिए उनका कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया नहीं बल्कि रीन्यू किया गया है।' सूत्रों के मुताबिक, अगरकर हमेशा चाहते थे कि उनका प्रदर्शन ही उनके भविष्य का फैसला करे।

### बड़े फैसलों से बदली टीम

अगरकर के कार्यकाल में चयन समिति ने कई अहम और साहसी फैसले लिए। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास को सिंपल तरीके से संभालने के साथ-साथ अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट के तौर पर नए तेज गेंदबाजों को मौका देना शामिल है। इसके अलावा, टी20 वर्ल्ड कप में शुभमन गिल को बाहर कर फॉर्म में चल रहे ईशान किशन को मौका देना भी एक बड़ा और साहसी निर्णय रहा।

### 2027 वर्ल्ड कप पर फोकस

बीसीसीआई का मानना है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले टीम में स्थिरता बेहद जरूरी है। अगरकर के बने रहने से चयन प्रक्रिया में निरंतरता बनी रहेगी और टीम को लंबी योजना के तहत तैयार किया जा सकेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ अगरकर की जुगलबंदी भी अभी तक शानदार रही है। हालांकि, टेस्ट में भारत को अपने घर में हार का मुंह देखना पड़ा है। इसे भी आने वाले समय में अगरकर सुधारने की कोशिश करेंगे।

# अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार वापसी, सीरीज 2-2 से ड्रॉ

**ब्यूनर्सआयर्स (एजेंसी)।** ब्यूनस आयर्स में खेली गई चार मैचों की श्रृंखला में भारतीय महिला हॉकी टीम ने दमदार जज्बा दिखाते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी करते हुए आखिरी दो मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कर ली। इस प्रदर्शन ने टीम की मानसिक मजबूती और जुझारूपन को दर्शाया।

**पहले दो मैचों में अर्जेंटीना का दबदबा** – श्रृंखला की शुरुआत 13 अप्रैल को हुई, जहां पहले मैच में अर्जेंटीना ने भारत को 4-2 से हराया। भारत के लिए नवनीत कौर और अन्नु ने गोल किए, लेकिन मेजबान टीम की आक्रामकता के सामने यह नाकाफी साबित हुआ। जूलिएटा जांकुनास ने दो गोल दागकर मैच का रुख तय किया। दूसरे मैच में भी अर्जेंटीना ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत के लिए इशिका ने एकमात्र गोल किया, जबकि आगस्टिना



गोर्जेलानी ने दो गोल कर अपनी टीम को लगातार दूसरी जीत दिलाई। इस हार के बाद भारत पर सीरीज गंवाने का खतरा मंडराने लगा था।

**तीसरे मैच से भारत की दमदार वापसी**- 16 अप्रैल को खेले गए तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। नवनीत कौर और नेहा ने गोल कर टीम को मजबूती दी। इस जीत ने भारत को सीरीज में वापसी का मौका दिया और खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया। भारतीय टीम ने इस मैच में आक्रामक और संतुलित खेल दिखाया, जिससे अर्जेंटीना की टीम दबाव में नजर आई।

**आखिरी मैच में शूटआउट से जीती टीम इंडिया** – 17 अप्रैल को खेले गए चौथे और आखिरी मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को कोई मौका नहीं दिया।

# राशिद खान के घर गूंजी किलकारी, पत्नी ने दिया बेटे को जन्म

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिन गेंदबाज राशिद खान पिता बन गए हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट के जरिए दी है। राशिद ने अपने बेटे का नाम 'अजलान' रखा है। राशिद आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेल रहे हैं।

राशिद ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'अल्हम्दुलिल्लाह। दुनिया में तुम्हारा स्वागत है, मेरे नन्हे राजकुमार।' उन्होंने अपने चाहने वालों से गुजारिश की कि वे उनके परिवार के लिए दुआ करें। इस पोस्ट पर जल्द ही साथी क्रिकेटरों और क्रिकेट जगत के लोगों की तरफ से बधाई संदेश आने लगे। राशिद ने पिछले साल दूसरी शादी की थी, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी थी।

# लियोनल मेसी का डबल धमाका

## इंटर मियामी ने कोलोराडो रैपिड्स को 3-2 से हराया



**डेनवर, एजेंसी।** लियोनल मेसी की कप्तानी में इंटर मियामी ने एक रोमांचक मुकाबले में कोलोराडो रैपिड्स को 3-2 से हरा दिया। 75,824 दर्शकों की मौजूदगी में यह मैच एम्पावर फील्ड एट माइल हाई में खेला गया। मेजर लीग सॉकर के इतिहास की यह दूसरी सबसे बड़ी उपस्थिति थी। मियामी की जीत में कप्तान लियोनल मेसी की अहम भूमिका रही। मेसी ने दो गोल करते हुए टीम को जीत दिलायी।

मैच की शुरुआत से ही इंटर मियामी ने आक्रामक खेल दिखाया। 18वें मिनट में मेसी ने पेनल्टी के जरिए गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह इस सीजन में उनका छठा गोल था। पहले हाफ के अंत में, स्टॉपेज टाइम में जर्मन बर्टेराम ने शानदार हेडर के जरिए मियामी की बढ़त 2-0 कर दी। इस गोल में सिल्वेटी का सटीक क्रॉस अहम रहा, जो इस सीजन में उनका तीसरा असिस्ट था।

### मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंचा

दूसरे हाफ में कोलोराडो रैपिड्स ने जोरदार वापसी की। 58वें मिनट में राफेल नवारो और 62वें मिनट में डैरेन यापी ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका था और दोनों टीमें जीत के लिए संघर्ष कर रही थीं। हालांकि, 79वें मिनट में मेसी ने एक बार फिर अपना जादू दिखाया। उन्होंने रोद्रिगो डी पॉल के पास पर शानदार कर्लिंग शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के ऊपरी कोने में पहुंचाया, जबकि डी पॉल का तीसरा असिस्ट रहा। मैच में अंत तक इंटर मियामी ने अपनी बढ़त बनाए रखी और 3-2 से जीत हासिल कर तीन अहम अंक अपने नाम किए। इस जीत के साथ टीम ने सीजन में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है, जहां अब तक वह तीन जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 13 अंक हासिल कर चुकी है। इंटर मियामी अब अगले मुकाबले में फिर से कोलोराडो रैपिड्स का सामना करने के लिए डेनवर का दौरा करेगा, जहां एक और रोमांचक भिड़ंत की उम्मीद की जा रही है।

# अगरकर का कार्यकाल बढ़ा, 2027 वनडे वर्ल्डकप तक टीम चुनेंगे

## इनके रहते में भारत ने 3 आईसीसी खिताब जीते; रोहित-कोहली जैसे दिग्गजों का संन्यास

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआईमने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक इस पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि अगरकर का कार्यकाल रिन्यू किया गया है, एक्सटेंड नहीं। वे अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर चौथे साल के लिए पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, सिलेक्टर अधिकतम चार साल तक पद पर रह सकता है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि अगरकर ने खुद बीसीसीआई से अपना कार्यकाल 2027 वनडे वर्ल्ड कप बढ़ाने की मांग की थी। बोर्ड ने 2023 में दो साल के लिए अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाया था। 2025 में उन्हें पहले ही एक साल का एक्सटेंशन मिल चुका था। अब उनका कार्यकाल 2027 तक के लिए रिन्यू किया जा रहा है। इस तरह अगरकर कुल चार साल चीफ सिलेक्टर रहेंगे।



### कार्यकाल में भारत के नाम दो टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी

अजित अगरकर का अब तक का कार्यकाल बेहद सफल रहा। अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच उनके द्वारा चुनी गई भारतीय टीमों ने चार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में जगह बनाई। इनमें से भारत ने तीन खिताब अपने नाम किए। 2024 और 2026 में दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**कोहली-रोहित के संन्यास और शमी को बाहर करने जैसे कड़े फैसले** – अगरकर की अगुवाई वाली कमेटी ने कई कड़े और बड़े फैसले लिए। इसमें सबसे प्रमुख विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को संभालना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना था। वहीं 2026 टी-20 वर्ल्ड कप टीम से टेस्ट और वनडे कैप्टन शुभमन गिल को ड्रॉप करके ईशान किशन जैसे इन-फॉर्म खिलाड़ी को मौका देने जैसे बड़े फैसले भी लिए।

**2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए कंटिन्यूटी पर फोकस** – अगला वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होना है। बीसीसीआई चाहता है कि टीम की कोर और चयन प्रक्रिया में स्थिरता बनी रहे। अगरकर का कार्यकाल बढ़ने का मतलब है कि वे अगले वर्ल्ड कप के लिए टीम तैयार करने के मिशन पर काम जारी रखेंगे। बोर्ड का मानना है कि इस समय चयन समिति के नेतृत्व में बदलाव करना टीम की लय को बिगाड़ सकता है।

# आयुष म्हात्रे के हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि

## सीएसके कोच ने कहा – यह काफी गंभीर लग रही है

**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बैटिंग कोच माइकल हसी ने बताया कि आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव ( आ गया है और यह काफी गंभीर लग रही है। शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के मैच के दौरान 18 साल के इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को विकेटों के बीच दौड़ते समय परेशानी का सामना करते देखा गया था।



मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में माइकल हसी ने पुष्टि की कि आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। उन्होंने कहा कि स्कैन होने तक चोट की गंभीरता के बारे में ठीक-ठीक कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन उन्होंने माना कि यह गंभीर लग रही है और खिलाड़ी की अच्छी फॉर्म को देखते हुए यह टीम के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। माइकल हसी ने कहा, यह हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। पता नहीं यह कितना गंभीर है। हम शायद कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे। मुझे पक्का नहीं पता, लेकिन हां, यह काफी गंभीर लग रही है। बदकिस्मती से, उसका बाहर होना टीम के लिए एक बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में था। सीएसके यह मैच एसआरएच से 10 रनों से हार गई, लेकिन आयुष म्हात्रे ने सिर्फ 13 गेंदों में 30 रनों की तेज पारी खेलकर सबको प्रभावित किया। वह इससे पहले भी शानदार फॉर्म में थे; उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 17 गेंदों में 38 रन बनाए थे और इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 59 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 73 रनों की यादगार पारियां भी खेली थीं।

### पूर्व क्रिकेटर अश्विन ने बताई वजह

# क्यों रन नहीं बना पा रहे ऋतुराज गायकवाड़...

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में फॉर्म में वापसी करने का एक शानदार मौका गंवा दिया। सनराइजर्स ने शनिवार को खेले गए मैच में सीएसके को 10 रन से हराया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 194 रन बनाए जिसके जवाब में सीएसके आठ विकेट पर 184 रन ही बना पाया। अश्विन ने कहा कि गायकवाड़ दबाव में नजर आ रहे हैं।

अश्विन ने जियोस्टार से कहा, 'ऋतुराज के लिए रन बनाने का यह सबसे अच्छा मौका था। आयुष म्हात्रे की अच्छी शुरुआत को देखते हुए उन्हें जोखिम लेने या तेज गति से रन बनाने की जरूरत नहीं थी। पावरप्ले में उनकी टीम पूरी तरह हावी थे। रुतुराज के पास क्रीज पर कुछ समय बिताने , कुछ रन बनाने और फॉर्म में वापसी करने का सुनहरा अवसर था।'

अश्विन ने कहा, 'आयुष म्हात्रे का विकेट गिरने के बाद, ऋतुराज को एक बहुत अच्छी गेंद मिली, वह पुल शॉट अच्छी तरह से खेलता है लेकिन मुझे लगता है कि वह बहुत दबाव में है और उसका दिमाग थोड़ा उलझन में है।' ऋतुराज ने आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपने पहले छह मैचों में केवल 82 रन बनाए हैं। उनका औसत मात्र 13.67 और स्ट्राइक रेट 112.33 है। सनराइजर्स की तरफ से श्रीलंका के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने शानदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट लिए। सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच वरुण एरॉन ने उनकी जमकर तारीफ की।

एरॉन ने कहा, 'ईशान मलिंगा को कम करके आंका जाता है। उन्होंने शुरू से ही अच्छी गेंदबाजी की है। पिछले सत्र में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। खासकर जब गेंद रिवर्स स्विंग होती है, तो डेथ ओवरों में वह और भी प्रभावी हो जाता है।

# अगर आप कहें तो रिटायर हो जाऊंः मोहम्मद रिजवान


**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मो. रिजवान ने खराब फॉर्म को लेकर हो रही आलोचना पर खुलकर बात की है। पीसीएल 2026 में टीम के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद रिजवान ने माना कि उनकी मौजूदा फॉर्म टी20 टीम में जगह के लायक नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी साफ किया कि वह हार मानने वाले नहीं हैं।

रिजवान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने पहले भी स्वीकार किया था कि खराब प्रदर्शन के आधार पर वह टीम में जगह के हकदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैं बिग बैश लीग खेल रहा था, तब भी मैंने कहा था कि इस प्रदर्शन के आधार पर मैं पाकिस्तान टीम में जगह डिजर्व नहीं करता। लोग कहते थे कि मैं छक्के नहीं मार सकता, लेकिन मैं हमेशा सच बोलता हूं।'

रिजवान ने खुलासा किया कि उन्होंने राउफ से भी यही बात कही थी। उन्होंने कहा, 'हारिस रऊफ यहां बैठे हैं, वह गवाह हैं। हमने डिनर के दौरान बात की थी और मैंने उनसे भी कहा था कि मेरी मौजूदा फॉर्म के आधार पर मुझे टीम में नहीं होना चाहिए।'

रिजवान ने साफ कहा कि वह मुश्किल सवालों से नहीं डरते और अगर लोग उन्हें रिटायर होने की सलाह देते हैं, तो वह इस पर भी विचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हम सब इंसान हैं। मैंने अपनी गलतियां मानी हैं। अगर आप सोचते हैं कि मुझे इस उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए, तो मैं रिटायर हो जाऊंगा।'

खराब फॉर्म के बावजूद रिजवान ने वापसी का भरोसा जताया और कहा कि क्रिकेट ही उनकी पहचान है। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट मेरा जुनून है। मैं इससे दूर नहीं जा सकता। अभी मैं फेल हुआ हूं, शायद मेहनत कम थी, लेकिन मैं और मेहनत करके वापसी करूंगा।'हालांकि टेस्ट क्रिकेट में उनके पास वापसी का मौका है, जहां पाकिस्तान जल्द ही बांग्लादेश दौरे पर जाएगा।



## न्यूज बाइट्स

### भगवान परशुराम जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री कृष्ण सिंह स्मृतिभवन में रविवार को भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। श्री कृष्ण सिंह स्मृतिमंच के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष एवं ओबरा विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी संजय कुमार शर्मा ने की, जबकि सहजानंद कुमार (डीकू) ने संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण, दीप प्रज्वलन और भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी भगवान परशुराम के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में संजय कुमार शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या, पराक्रम और धर्म के प्रतीक हैं, जिनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने लोगों से उनके जीवन मूल्यों को अपनाने और समाज में नैतिकता व सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण स्मृतिमंच के अध्यक्ष विवेश पांडेय सहित राम लखन पांडेय, कमलेश कुमार विकल, रवि पांडेय, विभूति नारायण सिंह, जितेंद्र शर्मा, बैजनाथ पांडेय, अजीत शर्मा, अशोक शर्मा, सिद्धेश्वर शर्मा, रंगेश शर्मा, संजय शर्मा, नीरज शर्मा, रवीश शर्मा, आनंद कुमार और अमितेश कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**फेसर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के फेसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई फेसर थाना पुलिस द्वारा नियमित वाहन जांच के क्रम में की गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल चालक पर संदेह होने पर उसे रोका गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल के कागजात सही नहीं पाए गए, जिसके बाद गहन पड़ताल में वाहन चोरी का होने का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि चोरी की बाइक कहां से लाई गई और इसमें अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

ट्रांसफार्मर ठीक करते समय हादसा, पत्नी का आरोप, बिना सूचना लाइन चालू होने से गई जान

# करंट से लाइनमैन की हुई मौत ग्रामीणों ने जीटी रोड किया जाम

**निज संवाददाता** | मदनपुर (औरंगाबाद)



बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही एक लाइनमैन की जान पर भारी पड़ गई। मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को ट्रांसफार्मर मरम्मत के दौरान करंट लगने से लाइनमैन उमेश सिंह (45) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जीटी रोड (एनएच-19) को जाम कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मृतक उमेश सिंह पहाड़िया गांव के निवासी थे और पिछले करीब 15 वर्षों से बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, रनिया गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ठीक करने के लिए वे पोल पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट प्रवाहित हो गया, जिससे उन्हें जोरदार झटका लगा और वे ट्रांसफार्मर से चिपक गए। जब तक आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

मृतक की पत्नी हेमंती देवी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पति शटडाउन लेकर ही मरम्मत कार्य कर रहे थे, लेकिन कंट्रोल रूम के कर्मियों ने बिना किसी सूचना के अचानक लाइन चालू कर दी। उनका कहना है कि अगर सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता, तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और विरोध स्वरूप जीटी रोड को जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहने से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेन्दु भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। लोगों का कहना था कि बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और लाइन बंद किए कर्मचारियों को पोल पर चढ़ाना गंभीर लापरवाही है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर है। उमेश सिंह अपने पीछे दो बेटे और तीन बेटियां छोड़ गए हैं। इनमें से एक बेटे और एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि अन्य बच्चों की शादी अभी बाकी है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में मातम पसरा हुआ है।

## एनएच-19 स्थित सोन पुल से नदी में गिरकर सरकारी शिक्षक की हुई मौत

- स्थानीय लोगों ने नदी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया
- औरंगाबाद सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया
- मृतक मध्य विद्यालय में सरकारी शिक्षक थे

**निज संवाददाता** | बारुण (औरंगाबाद)

जिले में एक दर्दनाक हादसे में गयाजी के एक सरकारी शिक्षक की मौत हो गई। बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 स्थित सोन पुल पर रविवार को यह हादसा उस समय हुआ, जब वे तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मृतक की पहचान गया जिले के मानपुर प्रखंड स्थित भोरे गांव निवासी ईश्वरी दयाल के पुत्र शंभू प्रसाद (45) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शंभू प्रसाद अपने गांव से दोस्त विजेंद्र प्रसाद की बेटी के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए रोहतास जिले के तिलौथू बाजार जा रहे थे। वे अन्य लोगों के साथ एक यात्री बस में सवार थे। रास्ते में भीषण जाम के कारण बस काफी देर तक फंसी रही। करीब एक घंटे बाद बस बारुण बाजार से सोन पुल तक पहुंची, लेकिन पुल पर भी जाम की स्थिति बनी रही, जिससे बस लंबे समय तक वहीं खड़ी रही। गर्मी और घुटन से परेशान होकर कई यात्री बस से नीचे उतर गए। शंभू प्रसाद भी बस से उतरकर पुल पर टहलने लगे। इसी दौरान अचानक पुल पर रखा लोहे का एक स्लैब खिसक गया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे नीचे सोन नदी में जा गिरे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन पुल से गिरने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे ने मौके पर मौजूद लोगों को झकझोर कर रख दिया। देर रात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के दोस्त विजेंद्र प्रसाद ने बताया कि शंभू प्रसाद एक मध्य विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वे बेहद मिलनसार और जिम्मेदार व्यक्ति थे तथा पूरे उत्साह के साथ समारोह में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन इस दुखद घटना ने परिवार और समाज को गहरे सदमे में डाल दिया।

मारपीट के बाद कपड़े उतरवाने और पांच लाख से अधिक रुपये छीनने का आरोप

# जमीन विवाद में हिंसक झड़प, बुजुर्ग को गोली मारकर लूट का आरोप, दो लोग गंभीर घायल

**निज संवाददाता** | रफीगंज (औरंगाबाद)



जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खडौखर गांव में रविवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां दो पक्षों के बीच हुई झड़प में गोलीबारी और मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में दोनों पक्षों के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान 60 वर्षीय कौशल सिंह और 35 वर्षीय सुरेश सिंह के रूप में की गई है। दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने कौशल सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल कौशल सिंह ने आरोप लगाया कि उनका हार्वेस्टर गरवा गांव में काम कर रहा था और वे वहां से करीब 5 लाख 600 रुपये लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के समीप पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों में अर्जुन सिंह, संतोष सिंह, कलेक्टर सिंह, बृजमोहन सिंह और केदार सिंह शामिल हैं। कौशल सिंह के अनुसार, आरोपियों ने पहले उनके कपड़े उतरवाए और फिर उनके पास मौजूद नकदी छीन ली। विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिसमें एक गोली उनके कंधे में जा लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे उनकी जान बच सकी।

दूसरे पक्ष के सुरेश सिंह भी इस झड़प में घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है। मामले को लेकर रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। जानकारी के अनुसार, कौशल सिंह के भाई की कोई संतान नहीं है और उनकी बेटी की ओर से जमीन बेचे जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है, जिसका कौशल सिंह विरोध कर रहे थे। इसी मुद्दे को लेकर पहले भी दो बार प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है और धान कटनी के दौरान भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। थानाध्यक्ष ने गोलीबारी की बात से इनकार करते हुए कहा कि पुलिस को घटना की सूचना पहले ही मिल गई थी, लेकिन जब तक टीम मौके पर पहुंचती, तब तक दोनों पक्ष आपस में भिड़ चुके थे। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है और आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सियार ने किसान और मवेशियों पर किया हमला



**गोह, (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के काजी बिगहा गांव में रविवार की रात एक सियार ने चार मवेशियों और एक किसान पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। किसान कमलेश यादव को तब चोट लगी जब वह अपने मवेशियों को बचाने गए थे। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कमलेश यादव अपने दरवाजे पर सो रहे थे। उसी समय सियार ने अचानक उनके चार मवेशियों पर हमला कर दिया। मवेशियों की छटपटाहट सुनकर जब किसान कमलेश यादव उन्हें बचाने के लिए गए, तो सियार ने उनके पैर पर हमला कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। किसान के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। लोगों की भीड़ देखकर सियार वहां से भाग गया। घायल किसान कमलेश यादव ने रविवार दोपहर करीब 1:00 बजे स्थानीय पीएचसी में अपना इलाज करवाया। इस घटना के बाद गांव में सियार के आतंक से बुजुर्गों और बच्चों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए मदद की गुहार लगाई है।

# दुकानदार ने लगाई फांसी, कमरे का दरवाजा तोड़कर निकाला गया शव

### मां की मौत के 10 महीने बाद युवक ने उठाया कदम, घरेलू विवाद की आशंका

**निज संवाददाता** | पौथु (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के पौथु थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में एक 19 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है, जिससे पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। मृतक की पहचान पौथु बाजार निवासी शिव शंकर साव के पुत्र धीरज कुमार के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ किराना दुकान चलाता था। जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात धीरज अपने बड़े भाई रंजीत के साथ दुकान बंद कर घर लौटा था। दोनों भाइयों ने साथ में भोजन किया और फिर अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। रविवार की सुबह जब काफी देर तक धीरज अपने कमरे से बाहर नहीं निकला, तो परिजनों को चिंता हुई। कई बार आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे के अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए, जहां धीरज फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।

प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि परिजन घरेलू विवाद की आशंका जता रहे हैं। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके। धीरज अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अभी अविवाहित था। उसके दोनों बड़े भाइयों की शादी हो चुकी है। करीब 10 महीने पहले ही उसकी मां का निधन हुआ था, जिससे परिवार पहले से ही गहरे सदमे में था। एक साल के भीतर दूसरी बड़ी त्रासदी ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है और घर में मातम पसरा हुआ है।

एलपीजी आपूर्ति सामान्य, डीएम ने पारदर्शिता व निगरानी के दिए निर्देश

# प्रतिदिन सात हजार से अधिक सिलेंडर की डिलीवरी, 173 पीएनजी कनेक्शन जारी, शिकायतों के त्वरित निपटारे पर जोर

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है। 19 अप्रैल 2026 को जिला प्रशासन द्वारा की गई समीक्षा में यह जानकारी सामने आई कि जिले के विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है और लंबित बुकिंग का भी निरंतर निष्पादन किया जा रहा है। प्रतिवेदन के अनुसार, जिले में संचालित 37 गैस एजेंसियों के जरिए प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के मुकाबले करीब 6963 सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही जिले में पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और लंबित बुकिंग को शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी स्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रखंड स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण की निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार की दिशा में भी प्रगति हो रही है। 19 अप्रैल 2026 तक कुल 173 नए पीएनजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं, जबकि 6 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों—शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क और होटल स्काई व्यूमें पीएनजी कनेक्शन स्थापित किया जा चुका है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 सक्रिय है, जहां आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। 19 अप्रैल को प्राप्त 14 शिकायतों में से 12 का निपटारा कर दिया गया है, जबकि 2 शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं। जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## अंबा में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत अंबा मुख्यालय में रविवार को भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। सतबहिनी मंदिर के सामने स्थित विवाह मंडप में ब्रह्मर्षी विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमन पांडेय ने की, जबकि संचालन वेद प्रकाश तिवारी ने किया। मंच के अध्यक्ष अजीत पांडेय ने आयोजन की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता और एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित अतिथियों और ब्रह्मर्षी समाज के लोगों ने भगवान परशुराम के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों द्वारा अतिथियों को भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज में एकता, शिक्षा और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के रक्षक थे, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ शस्त्र और शास्त्र दोनों के संतुलन का संदेश दिया।

# अक्षय तृतीया पर भव्य रूप से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

### हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु, सामाजिक एकजुटता और कुरीतियों पर जागरूकता का संदेश

- भक्ति गीतों से टिंकू टाइगर, रिया पाठक, अनामिका रॉय, नंदनी पाठक, नेहा आर्या की प्रस्तुति
- वक्ताओं ने समाज की एकजुटता और भगवान परशुराम के आदर्शों पर दिया जोर

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



औरंगाबाद में रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई, जिसमें जिले भर से ब्राह्मण समाज के सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक श्री देव मिश्र और विशिष्ट अतिथि के रूप में शाहपुर विधायक राकेश रंजन ओझा उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता और रेड क्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने की, जबकि संचालन धनंजय जयपुरी ने किया। समारोह का भव्य शुभारंभ टिंकू टाइगर, रिया पाठक, अनामिका रॉय, नंदनी पाठक और नेहा आर्या द्वारा प्रस्तुत भगवान परशुराम के भक्ति गीतों से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और समाज में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक श्री देव मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने दहेज प्रथा और अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज को संगठित होकर सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। वहीं शाहपुर विधायक राकेश रंजन ओझा ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से औरंगाबाद में समाज की एकजुटता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विकास कुमार उर्फ काली, सूरज राय, विशाल ओझा, सुमित मिश्रा, अनूप मिश्रा और रौशन पाठक समेत अन्य सहयोगियों ने बताया कि इस भव्य आयोजन के पीछे अभिभावकों और समाज के लोगों का भरपूर सहयोग और प्रोत्साहन रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा, जिसने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया।

चाल्हो पहाड़ पर एसटीएफ-पुलिस की छापेमारी

# पुलिस ने हथियार और देसी शराब किया बरामद

**निज संवाददाता** | मदनपुर (औरंगाबाद)



जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र स्थित चाल्हो पहाड़ पर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियार, कारतूस और भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की है। इस छापेमारी को सुरक्षा एजेंसियों की अहम सफलता माना जा रहा है, क्योंकि बरामद सामग्री का उपयोग आपराधिक गतिविधियों या अवैध कारोबार में किया जा सकता था। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीरवा गांव के पास स्थित चाल्हो पहाड़ इलाके में अपराधियों द्वारा हथियार और शराब छिपाकर रखे गए हैं। सूचना मिलते ही जिला पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम सक्रिय हो गई और इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी के दौरान पहाड़ पर पत्थरों के बीच बेहद चालाकी से छिपाकर रखे गए दो देसी थरनट, दो जिंदा कारतूस और करीब 50 लीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस का मानना है कि इन हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने या अवैध शराब कारोबार की सुरक्षा के लिए किया जाना था। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इन सामानों को वहां किसने और किस उद्देश्य से छिपाया था। बरामदगी के बाद सलैया थाना में सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 30/26 दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है और क्षेत्र के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इसमें शामिल आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, चाल्हो पहाड़ का इलाका काफी बीहड़ और सुनसान है, जहां घनी झाड़ियां और बड़े पत्थरों के कारण अपराधी अक्सर छिपने और अवैध सामान रखने के लिए इसका उपयोग करते हैं। इससे पहले भी इस क्षेत्र से हथियार बरामद होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि समय रहते इस तरह की कार्रवाई से संभावित आपराधिक घटनाओं को रोका जा सकता है। छापेमारी के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की हर पहलू से जांच में जुटी है।

# युवक की ट्रेन से कटकर हुई मौत, हत्या की आशंका

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान महुअरी बांध गांव निवासी अजय चौहान के पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शनिवार रात युवक रेलवे ट्रैक पर गया, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना रेलवे सुरक्षा बल द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार, घटना बेहद भयावह थी।

युवक का धड़ रेलवे ट्रैक पर मिला, जबकि सिर करीब 40 मीटर दूर खेत में बरामद किया गया। इस दृश्य को देखकर स्थानीय लोग भी स्तब्ध रह गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक तौर पर यह मामला आत्महत्या से जुड़ा बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, युवक ने हाल ही में आईपीएल मैच में सट्टा लगाया था, जिसमें हार के बाद वह मानसिक रूप से परेशान था।

# राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा से समाजसेवियों की मुलाकात, फेसर में रेक पॉइंट और डिग्री कॉलेज की मांग

**निज संवाददाता** | फेसर (औरंगाबाद)



समाजसेवी सोनू सिंह सोलंकी और झारखंड के धनबाद निवासी हिंदुस्तान स्काउट संगठन के कमिश्नर आशीष अग्रवाल ने राज्यसभा सांसदउपेंद्र कुशवाहासे मुलाकात कर फेसर क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई अहम मांगें रखीं। मुलाकात के दौरान दोनों समाजसेवियों ने सांसद को बुके और भगवान सूर्य की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने फेसर स्टेशन पर वर्षों से बंद पड़े रेक पॉइंट को पुनः चालू कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। सोनू सिंह सोलंकी ने बताया कि रेक पॉइंट चालू होने से क्षेत्र में माल ढुलाई की सुविधा बेहतर होगी और रेलवे से जुड़े व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

# अवैध बालू खनन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त, चालक हुआ फरार

**निज संवादाता** | दाउदनगर (औरंगाबाद)

जिले के दाउदनगर में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई 19 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे दाउदनगर थाना क्षेत्र के मखरा मोड़ से लगभग आधा किलोमीटर उत्तर, गायत्री विद्यापीठ स्कूल के समीप की गई। जिला खनन पदाधिकारी की टीम और दाउदनगर थाना पुलिस द्वारा की गई इस संयुक्त छापेमारी के दौरान सोन नदी की बालू लदे दो ट्रैक्टर पकड़े गए, हालांकि पुलिस को देखते ही दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जब वाहनों की जांच की, तो पाया गया कि बालू परिवहन के लिए कोई वैध चालान उपलब्ध नहीं था। मौके पर मौजूद किसी भी व्यक्ति द्वारा आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिससे स्पष्ट हो गया कि बालू का अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा था।